छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
जुलाई, 2025 सत्र

गुरुवार, दिनांक 17 जुलाई, 2025

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग में मण्डल संयोजक की भर्ती परीक्षा की स्थिति

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

1. (*क्र. 885) सुश्री लता उसेंडी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत मण्डल संयोजक के कुल कितने पद स्वीकृत हैं एवं स्वीकृत पदों के विरूद्ध वर्तमान में कितने मण्डल संयोजक कार्यरत हैं? स्वीकृत कुल पदों पर कितने नियमित मण्डल संयोजक, नियमित छात्रावास अधीक्षक एवं कितने शिक्षक संवर्ग के कर्मचारी संलग्न हैं? **(ख)** विभागीय भर्ती नियम अंतर्गत मंडल संयोजक बनने हेतु क्या पात्रता है एवं विभागीय पदोन्नति के क्या नियम हैं तथा क्या अन्य किसी विभाग के कर्मचारी को मंडल संयोजक बनाया गया है? **(ग)** क्या मण्डल संयोजक के परिसीमित विभागीय भर्ती परीक्षा, 2023, दिनांक 14.07.2023 को विज्ञापन जारी किया गया था? उक्त भर्ती प्रक्रिया की क्या स्थिति है? अगर भर्ती परीक्षा लंबित है तो क्यों? **(घ)** क्या वर्तमान में हो रहे युक्तियुक्तिकरण में प्रभारी मंडल संयोजक को उक्त प्रक्रिया से बाहर रखा गया है? यदि हां तो क्या योग्य/पात्र व्यक्ति को मंडल संयोजक के पद पर नियुक्त करते हुए उन्हें उनके मूल पदस्थापना में पुनः भेजा जाएगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विभाग अंतर्गत मण्डल संयोजक के कुल 85 पद स्वीकृत है। स्वीकृत पदों के विरूद्ध वर्तमान में 03-नियमित मण्डल संयोजक कार्यरत है। जिलों से प्राप्त जानकारी अनुसार 12-नियमित छात्रावास अधीक्षक एवं 59-शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को मण्डल संयोजक के पद पर प्रभार दिया गया है। इस प्रकार स्वीकृत पदों के विरूद्ध वर्तमान में कुल 74 मण्डल संयोजक कार्यरत है। **(ख)** विभागीय भर्ती नियम अंतर्गत मण्डल संयोजक बनने हेतु छ.ग. अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति विकास अधीनस्थ सेवा (तृतीय वर्ग अलिपिक वर्गीय) भर्ती नियम-2011 यथा संशोधित नियम-2018 **प्रपत्र-''अ'' में संलग्न** है। शिक्षक संवर्ग के 59 शिक्षको के अतिरिक्त अन्य किसी विभाग के कर्मचारियों को मण्डल संयोजक का प्रभार नहीं दिया गया है। **(ग)** जी हॉ, मान. उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका क्र. 8708/2023 एवं अवमानना प्र.क्र. 1228/2024 दायर होने के फलस्वरूप लंबित रहा है। **(घ)** युक्तियुक्तकरण में मण्डल संयोजकों को उक्त प्रक्रिया से बाहर रखने की जानकारी **प्रपत्र ''ब'' अनुसार संलग्न** है। जी हॉ।

[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

प्रदेश में डीएपी खाद की कमी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

2. (*क्र. 499) श्री उमेश पटेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- प्रदेश में डीएपी खाद की कितनी मांग (टारगेट) रहती है और कितनी आपूर्ति (सप्लाई) हुई है? जानकारी जिलावार दें? क्या डीएपी खाद की कमी हुई है? यदि हाँ तो सरकार किसानों को डीएपी खाद किस कारण से उपलब्ध नहीं करा पा रही है? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : खरीफ 2025 मे प्रदेश के लिए भारत सरकार द्वारा डीएपी 3,10,000 मे.टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। माह अप्रैल से जून 2025 तक 2,19,100 मे.टन का सप्लाई प्लान भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा जारी किया गया गया है, जिसकेविरुद्ध दिनाक 30.06.2025 तक 1,08,155 में टन की आपूर्ति हुई है। पूर्व मौसम (रबी 2024-25) का बचत स्कंध 40,746 मे. टन मिलाकर कुल 148900 मे.टन का भंडारण हुआ है। जिलावार डीएपी उर्वरक के लक्ष्य की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** एवं आपूर्ति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। जी हाँ, वर्तमान खरीफ मौसम मे, दिनांक 30.06.2025 तक जारी सप्लाई प्लान के विरुद्ध कम आपूर्ति परिलक्षित हो रही है। इस परिपेक्ष्य में कृषकों हेतु वैकल्पिक फॉस्फेटिक उर्वरकों का भंडारण कराया जा रहा है तथा इनके उपयोग हेतु कृषकों के मध्य प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

सरगुजा जिले में फर्जी तरीके से वन अधिकार पत्र प्राप्त कर वन भूमि पर अवैध कब्जा

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

3. (*क्र. 864) श्री राजेश अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** सरगुजा जिले में कितने व्यक्तियों के पास कितने हेक्टेयर वन भूमि पर कब्जा है? **(ख)** क्या जिले में अवैध वन अधिकार पत्रों को निरस्त करने हेतु कोई प्रक्रिया प्रारंभ की गई है? यदि हाँ, तो अब तक कितने प्रकरणों में निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई है और कितने प्रकरण लंबित हैं? **(ग)** शासन द्वारा अवैध कब्जों को हटाने, फर्जी वन अधिकार पत्रों को निरस्त करने एवं वास्तविक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु क्या नीति या दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सरगुजा जिले में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत वितरित व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों के आधार पर 26830 वन अधिकार पत्रधारकों के पास 14183.954 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा है। **(ख)** जी नहीं, अपितु जिले में प्राप्त शिकायतों के आधार पर एवं त्रुटिपूर्ण जारी किए गए कुल 2079 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं धारा 3(1) के तहत 01 सामुदायिक वन अधिकार पत्र जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के अनुमोदन उपरांत निरस्त किए गए हैं। निरस्तीकरण की कार्यवाही हेतु कोई प्रकरण लंबित नहीं है। **(ग)** वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के आधार पर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही की जाती है। फर्जी वन अधिकार पत्रों को निरस्त करने के संबंध में भारत सरकार से मार्गदर्शन चाहा गया है एवं तत्संबंध में भारत सरकार से प्राप्त निर्देश अनुसार विधिक कार्यवाही हेतु प्रक्रियाधीन है।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अंतर्गत मकानों की बिक्री

[आवास एवं पर्यावरण]

4. (*क्र. 25) श्री अजय चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अंतर्गत 15 जून, 2025 की स्थिति में किन-किन योजनाओं के माध्यम से कितने मकान बनाये गये ? उनमें से कितने मकानों की बिक्री हुयी है और कितने मकान शेष हैं और कब से बिक्री नहीं हुई? ऐसे कितने मकान हैं, जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और बिक्री नहीं होने की वजह से जर्जर होने की स्थिति में हैं और उनके जीर्णोद्धार में कितनी लागत आयेगी? जानकारी मकान के प्रकार सहित जिलावार बतायें? **(ख)** क्या उक्त खाली मकानों की बिक्री ना होने के संबंध में विभाग द्वारा विश्लेषण किया गया है ? यदि हां तो किन-किन कारणों से बिक्री नहीं हो रही है? उसके लिये क्या कार्ययोजना अब तक बनायी गयी है तथा उस कार्ययोजना के तहत् अब तक क्या परिणाम प्राप्त हुये?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अंतर्गत 15 जून, 2025 की स्थिति में प्रदेश के विभिन्न स्थानों में दीनदयाल आवास योजना**,** अटल आवास योजना**,** अटल विहार योजना**,** सामान्य आवास योजना के अंतर्गत कुल 80,870 मकान बनाये गये है**,** उनमें से कुल 78,503 मकानों की बिक्री हुयी है और कुल 2,367 मकान शेष है**,** जिनके बिक्री नहीं होने के अवधि का मकान के प्रकार की जिलावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के बिक्री हेतु शेष भवन जर्जर नहीं है अतः जीर्णोद्धार की आवश्यकता नहीं है। मकानों को " जहाँ है जैसा हैं" में एकमुश्त निपटान अंतर्गत छूट के साथ बिक्री किया जा रहा है । मकान के प्रकार सहित जिलावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)**जी, हां। विभाग द्वारा उक्त खाली मकानों की बिक्री ना होने के संबंध में विश्लेषण किया गया है। मकानों के बिक्री नहीं होने का मुख्य कारण विशेषतः भवन के मांग में कमी, कोविड-19 में कोरोना महामारी, आबंटियों द्वारा भवन का पंजीयन पश्चात् पुनः निरस्त करना, फ्लैट /बहुमंजिला भवनों हेतु जनता का कम रुझान इत्यादि हैं। मकानों के बिक्री के लिये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक 19/01/2025 को निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के द्वारा निर्मित 5 वर्ष से अधिक समय से नहीं बिके हुए चिन्हांकित आवासीय/व्यवसायिक संपत्तियों को एकमुश्त निपटान हेतु वन टाईम सेटलमेंट लागत मूल्य (बेस रेट) में क्रमशः 10, 20 एवं 30 प्रतिशत की छूट के आधार पर निर्धारित शर्तों के साथ विक्रय की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्ययोजना के तहत् छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दिनांक 01/07/25 तक कुल 920 संपत्ति राशि रू. 139.47 करोड़ के बिक्री किया गया है।

कॉलोनाईजर विकास अनुज्ञा पत्र जारी किए जाने हेतु निर्धारित नियम /शर्तें

[आवास एवं पर्यावरण]

5. (*क्र. 844) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कॉलोनाईजरों को विकास अनुज्ञा जारी किए जाने हेतु क्या-क्या नियम एवं शर्तें निर्धारित हैं ? क्या नियमानुसार किसी अन्य की भूमि का उपयोग मुख्य मार्ग के रूप में करने वाले कॉलोनाईजर को अनुज्ञा प्रदान किए जाने का नियम निर्धारित है? क्या नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा पहुँच मार्ग के संबंध में निर्देश जारी किया गया है ? यदि हाँ, तो प्रति उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार संचालक, ग्राम तथा नगर निवेश द्वारा जारी आदेश की अवहेलना कर रायपुर शहर में अन्य भूमि स्वामी के स्वामित्व वाली भूमि से पहुँच मार्ग दिखाकर कितने एवं किन-किन कॉलोनाईजरों द्वारा अभिन्यास स्वीकृत कराए गए हैं ? कॉलोनाईजरों के नाम पता सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** क्या प्रश्नांश "ख" की भू-अनुज्ञा निरस्त किये जाने हेतु

शिकायत/आवेदन प्राप्त हुआ है ? यदि हां तो कहां-कहां, कितनी-कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? शिकायतकर्ताओं के नाम पते सहित जानकारी उपलब्ध करावें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) विकास अनुज्ञा जारी किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973, छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 2020, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984, छत्तीसगढ़ नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्तो) नियम, 2013 तथा छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्तो) नियम, 1999, विकास योजना एवं दिशा निर्देश निर्धारित है। अन्य की भूमि का उपयोग मुख्य मार्ग के रूप में करने वाले कालोनाईजर को अनुज्ञा प्रदान किये जाने का नियम नहीं है। जी हाँ, संचालक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा पहुंच मार्ग के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। **निर्देश की प्रति संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** जानकारी निरंक है।**(ग)** प्रश्नांश ''ख'' के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

जिला धमतरी एवं बालोद में नगर निवेश कार्यालय द्वारा प्रदत्त भवन अनुज्ञा

[आवास एवं पर्यावरण]

6. (*क्र. 549) श्री ओंकार साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी/बालोद नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय द्वारा विगत वर्ष 2021 से वर्ष 2024 तक कुल कितने भवन अनुज्ञा प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं? कृपया वर्षवार, क्षेत्रवार तथा उपयोग श्रेणी (आवासीय/वाणिज्यिक/मिश्रित/औद्योगिक) के अनुसार पृथक-पृथक संख्यात्मक विवरण प्रस्तुत किया जाए। **(ख)** क्या विगत वर्षों में बिना वैध भवन अनुज्ञा के किए गए निर्माण कार्यों का निरीक्षण एवं दंडात्मक परीक्षण किया गया है? यदि हां, तो ऐसे प्रकरणों की संख्या तथा उनमें की गई विधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जानकारी दें । **(ग)** क्या नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय द्वारा राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अवैध निर्माणों का नियमितीकरण किया गया है? यदि हां, तो प्रकरणवार विवरण सहित यह भी स्पष्ट किया जाए कि किन मामलों में मापदंडों से विचलन हुआ है तथा किस सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त की गई ? **(घ)** क्या यह सत्य है कि भवन अनुज्ञा प्रणाली में स्वचालित अनुमोदन प्रणाली (Auto DCR) अथवा GIS आधारित निरीक्षण तंत्र की प्रभावशीलता अभी भी धमतरी में लागू नहीं हो पाई है? यदि हां, तो क्यों ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र ''**अ**'' **अनुसार** है।**(ख)** जी, हाँ। छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 37 के तहत जिला धमतरी अंतर्गत कुल 04 प्रकरणों में नोटिस जारी किया गया है। जिसमें से 01 प्रकरण में अनधिकृत विकास को हटाने की कार्यवही की गई है। 02 प्रकरणों में अनधिकृत विकास को बने रहे जाने की अनुमति दी गई है एवं 01 प्रकरण में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है तथा जिला बालोद अंतर्गत कुल 05 प्रकरणों में नियमानुसार नोटिस जारी किया गया है। जिसमें से 01 प्रकरण का छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम, 2022 अंतर्गत नियमितिकरण किया गया है एवं 01 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। 02 प्रकरण छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा-37(3) के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही अंतर्गत प्रक्रियाधीन है तथा 01 प्रकरण में छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश, नियम 1975 के नियम 16 अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किया गया है।**(ग)** जी, हाँ। प्रकरणवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र** ''**ब**'' **अनुसार** है। छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण नियम, 2002 के प्रावधान अनुसार (एक) पार्श्व खुला स्थान (दो) तल क्षेत्र अनुपात (तीन) भूमि उपयोग में परिवर्तन (चार) पार्किंग एवं (पांच) पहुंच मार्ग की चौड़ाई विषय अंतर्गत विचलन की स्थिति में नियमितिकरण किया गया है। छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम की धारा (4) के अंतर्गत गठित

जिला नियमितिकरण प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त की गई है।**(घ)** जी, नहीं। यह पूर्णतः सत्य नहीं है। धमतरी जिले अंतर्गत भवन अनुज्ञा प्रणाली में स्वचलित अनुमोदन प्रणाली(ऑटो डीसीआर) प्रभावशील है। जी.आई.एस. आधारित निरीक्षण तंत्र प्रणाली राज्य में प्रचलन में नहीं है। अतः शेष प्रश्न उद्‌भूत नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

रासायनिक उर्वरक तथा बीजों के वितरण एवं लक्ष्य तथा भण्डारण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

7. (*क्र. 777) श्री भूपेश बघेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रासायनिक उर्वरकों तथा बीज के वितरण के लक्ष्य, खरीफ 2025 के लिए निजी क्षेत्र तथा सहकारी क्षेत्र के लिए क्या-क्या निर्धारित है? उर्वरक तथा बीज की जिलावार जानकारी दें ? **(ख)** उपरोक्त लक्ष्यों के विरूद्ध भण्डारण की स्थिति क्या है ? क्या लक्ष्यों के अनुरूप केन्द्र सरकार से उर्वरकों का आबंटन किया जा चुका है? यदि नहीं तो उसमें क्या-क्या कमियाँ हैं ? **(ग)** उर्वरकों की कमी की समस्या के निराकरण के लिए क्या-क्या वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई है ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) खरीफ 2025 में निजी क्षेत्र तथा सहकारी क्षेत्र के लिए रासायनिक उर्वरक वितरण का जिलेवार लक्ष्य की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। बीज वितरण का लक्ष्य केवल सहकारी क्षेत्र के लिये निर्धारित किया जाता है, निजी क्षेत्रों के लिये नहीं। सहकारी क्षेत्र में बीज वितरण लक्ष्य की जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।**(ख)** सहकारी क्षेत्र में बीज वितरण लक्ष्य के विरूद्ध भंडारण की जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र- ब अनुसार** है। निजी तथा सहकारी क्षेत्र के लिए निर्धारित रासायनिक उर्वरकों के लक्ष्य के विरूद्ध अद्यतन प्राप्त आपूर्ति पर आधारित भंडारण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है । उर्वरकों हेतु निर्धारित लक्ष्य संपूर्ण फसल मौसम के लिए होता है, आपूर्ति निरंतर जारी है, अतः शेष जानकारी वर्तमान में दिया जाना संभव नही है। **(ग)** डीएपी उर्वरक की कम आपूर्ति के दृष्टिगत वैकल्पिक उर्वरक एनपीके, सिंगल सुपर फास्फेट तथा वैकल्पिक नैनो तरल उर्वरकों के के उपयोग हेतु कृषकों में जागरूकता विकसित करने निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। वैकल्पिक उर्वरकों का अतिरिक्त मात्रा में भंडारण भी कराया जा रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

कोडागांव जिले में किसानों को प्रदाय पावर वीडर यंत्र

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

8. (*क्र. 726) श्री नीलकंठ टेकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** कोंडागांव जिला अंतर्गत दिसम्बर, 2023 से मई, 2025 तक पावर वीडर यंत्रों की खरीदी किस प्रक्रिया से की गयी? कौन-कौन से फर्म ने खरीदी में हिस्सा लिया? फर्मो का नाम सहित अवगत कराएँ? **(ख)** पावर वीडर यंत्र की खरीदी में विभाग द्वारा कुल कितनी राशि खर्च की गयी? **(ग)** जिले अंतर्गत कुल कितने किसानों को यह यंत्र का वितरण किया गया? **(घ)** किसानों के चयन की प्रक्रिया क्या थी? चयनित किसानों की विकासखंडवार, ग्रामवार सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला-कोण्डागांव में दिसम्बर 2023 से मई 2025 तक उप संचालक कृषि द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास घटक 2.0 अंतर्गत पावर वीडर का क्रय छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2022) अंतर्गत सीमित निविदा के माध्यम से किया गया है। क्रय में हिस्सा लेने वाले फर्मों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। प्रश्नांकित

अवधि में ही राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत् सहायक संचालक उद्यान द्वारा, कृषकों द्वारा स्वयं क्रय किये गये पावर बीडर पर पात्रता एवं योजना के प्रावधान अनुसार अनुदान का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण द्वारा कृषकों को किया गया है। **(ख)** प्रश्नाश के अनुसार पावर वीडर की खरीदी में कृषि विभाग जिला कोण्डागांव द्वारा राशिर 17:08 लाख का व्यय किया गया जबकि उद्यान विभाग जिला-कोण्डागांव द्वारा, किसानों द्वारा क्रय किये गये पावर वीडर पर ₹ 10.29 लाख का अनुदान भुगतान किया गया है। **(ग)** प्रश्नांश क की अवधि में कृषि विभाग द्वारा पावर वीडर वितरण से 40 किसानों तथा उद्यान विभाग द्वारा स्वयं के साधनों से पावर वीडर क्रय करने वाले 215 किसानों में से 15 किसानों को अनुदान का भुगतान किया गया है। **(घ)** कृषि विभाग जिला कोण्डागांव द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण विकास घटक 2.0 घटक के निहित प्रावधान अनुसार कृषकों का चयन माइक्रो बाटर शेड समिति के ग्राम पंचायत के माध्यम से किया गया है तथा उद्यान विभाग जिला कोण्डागांव द्वारा "पहले आओ पहले पाओ" के सिद्धान्त पर कृषको (ओयलपॉम की खेती करने वाले कृषको को प्राथमिकता देते हुए) का चयन किया गया है। चयनित कृषकों की विकासखण्डवार, ग्रामवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छ:"]

जिला सूरजपुर में वन अधिकार पट्टा का वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

9. (*क्र. 111) श्री भूलन सिंह मराबी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला सूरजपुर में वर्ष 2023-24 व 2024-25 में कितने हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा वितरण किये जा चुके हैं और 2025-26 में क्या लक्ष्य निर्धारित है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :जिला सूरजपुर में वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन अधिकार तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों के वितरण की संख्या निरंक है। वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत वन अधिकार के 30 वन अधिकार पत्रों, सामुदायिक वन अधिकार के 46 वन अधिकार पत्रों तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के 15 वन अधिकार पत्रों का वितरण किया गया है। वर्ष 2025-26 में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है क्योंकि वन अधिकार पत्रों का वितरण सतत प्रक्रिया है तथा वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत प्रक्रियानुसार पात्रता के आधार पर वन अधिकार पत्रों का वितरण किया जाता है।

उद्योगों द्वारा सेरीखेड़ी जलाशय में किये जा रहे प्रदूषण पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

10. (*क्र. 757) श्री अनुज शर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विधानसभा क्षेत्र धरसींवा के ग्राम सेरीखेड़ी के पास संचालित सॉलिड मिक्स आर.एम.सी., जे.के.लक्ष्मी सीमेंट उद्योग तथा अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग के द्वारा अपने निर्माण अवशेष/वेस्ट मेटेरियल को सेरीखेड़ी जलाशय में डंप किये जाने संबंधी कोई शिकायत विभाग को प्राप्त हुई है? यदि हां तो क्या और विभाग द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की गई?**(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार इन उद्योगों को क्या पर्यावरण विभाग द्वारा उद्योग स्थापना के पूर्व किसी प्रकार की अनुमति ली गई थी? यदि हां तो प्रदाय अनुमति की प्रति उपलब्ध करावें और यदि नहीं तो विभाग द्वारा क्या इन उद्योगों पर किसी प्रकार की कार्यवाही की जा रही है ? अवगत करावें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(ख)** जी, हाँ। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा उद्योगों (रेडी मिक्स कान्क्रीट प्लांट) ।. मेसर्स यशस्वी भवा

इन्फ्रा प्राईवेट लिमिटेड, ।।. मेसर्स जे.के. लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड एवं ।।।. मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड को स्थापना के पूर्व जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की सुसंगत धाराओं के तहत जल एवं वायु सम्मति जारी की गई है, उक्त उद्योगों को जारी सम्मति की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- ब, स, एवं द अनुसार** है।

प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में स्कूल/कॉलेज भवन की अनुपलब्धता

[योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी]

11. (*क्र. 776) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजधानी रायपुर में ऐसे कितने स्कूल/कॉलेज/आंगनबाड़ी/शासकीय कार्यालय संचालित हैं, जो भवनविहीन हैं ? किराये के भवन में या फिर एक ही भवन में , एक पाली में स्कूल एवं दूसरी पाली में कॉलेज, इस प्रकार संचालित हो रहे है ? कृपया जानकारी देंवे ? **(ख)** क्या स्कूल/ कॉलेज /आंगनबाड़ी/शासकीय कार्यालय हेतु भूमि उपलब्धता की समस्या है या बजट की कृपया जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) राजधानी रायपुर में कुल 540 स्कूल/कॉलेज/आंगनबाड़ी/शासकीय कार्यालय संचालित हैं जो भवनविहीन है तथा किराये के भवन में संचालित कुल 504 एवं किराए के भवन से अन्यत्र भवनों में 344 है। एक पाली में स्कूल एवं दूसरी पाली में कॉलेज संचालित भवन की संख्या 04 है। विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** हाँ, राजधानी रायपुर में स्कूल/कॉलेज/आंगनवाड़ी/शासकीय कार्यालय हेतु कुल 228 में भूमि उपलब्धता की समस्या है तथा कुल 16 में बजट उपलब्धता की समस्या है। विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

एन.जी.टी. के आदेशानुसार नदियों के प्रदूषित भाग के पुनरूद्धार हेतु तैयार कार्य-योजना

[आवास एवं पर्यावरण]

12. (*क्र. 129) श्री राजेश मूणत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिए गए आदेश के परिपालन में प्रदेश के खारून नदी (भाठागांव से बेन्द्री) के पुनरूद्धार हेतु कार्य-योजना तैयार की गई है ? क्या उक्त कार्य-योजना के अंतर्गत नदियों में प्रवाहित होने वाले घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु एस.टी.पी. स्थापना, फ्लड जोन में वृक्षारोपण का कार्य, भू-जल संरक्षण हेतु रेन वॉटर हॉर्वेस्टिंग कार्य, नदियों में न्यूनतम ई-फ्लो बनाए रखना, नदियों के किनारे अतिक्रमण की पहचान कर उसे हटाया जाना, नदियों के पास स्थित उद्योगों से परिसर के बाहर शून्य निस्तारण की स्थिति बनाए रखना इत्यादि कार्य सम्मिलित हैं ? यदि हाँ तो अब तक कोई भी कार्य न होने के क्या कारण है? **(ख)** प्रश्नांश (क) में उल्लेखित कार्यों की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी किसकी है ? **(ग)** क्या खारून नदी के पास चंदनीडीह में स्थापित एस.टी.पी. पर कितनी राशि व्यय की गयी है? क्या उक्त एस.टी.पी. पूर्ण रूप से क्रियाशील है ? यदि नहीं तो क्यों? कब तक पूर्ण रूप से क्रियाशील होगा ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ । माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिए गए आदेश के पालन में प्रदेश की खारून नदी (भाठागांव से बेन्द्री) के पुनरुद्धार हेतु कार्ययोजना तैयार की गयी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार खारुन नदी में प्रवाहित होने वाले घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु चार स्थानों पर कुल 206 एम.एल.डी. क्षमता के घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र (एस.टी.पी.) की स्थापना की गई है, एस.टी.पी. की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। नदियों में न्यूनतम ई-फ्लो बनाये रखने हेतु एस.टी.पी. उपचारित जल को नदियों में प्रवाहित किया जा रहा है। नदियों के पास स्थित उद्योगों से परिसर

के बाहर शून्य निस्सारण की स्थिति बनाये रखने हेतु उक्त उद्योगों का सतत निरीक्षण छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा किया जाता है तथा प्रदूषण की स्थिति पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त जानकारी अनुसार खारुन नदी के किनारे किये गये वृक्षारोपण तथा खारून नदी एवं उसके सहायक नालों में भू-जल संरक्षण की दृष्टि से किये गये कार्यों की **जानकारी संलन प्रपत्र अनुसार** है। उपरोक्त के दृष्टिगत सभी कार्य यथा नदियों के फ्लड जोन में वृक्षारोपण का कार्य, भू-जल संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य, नदियों में न्यूनतम ई-फ्लो बनाये रखे जाने का कार्य, नदियों के किनारे अतिक्रमण की पहचान कर उसे हटाये जाने का कार्य एवं नदियों के पास उद्योगों से परिसर के बाहर शून्य निस्सारण की स्थिति बनाये रखे जाने संबंधी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। अतः शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ख)** प्रश्नांश (क) में उल्लेखित कायों की मानिटरिंग हेतु राज्य स्तरीय रिवर रिजुवेनेशन कमेटी (आर. सी.सी.) का गठन किया गया है।**(ग)** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार खारून नदी के पास स्थित 75 एम.एल.डी. क्षमता के एस.टी.पी. हेतु राशि रू. 81.88 करोड़ का व्यय किया गया है। उक्त एस.टी.पी. पूर्ण रूप से क्रियाशील है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

वन अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत चिन्हित जलाशय

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

13. (*क्र. 765) डॉ. चरण दास महंत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 की धारा 3 की उपधारा(1) के खण्ड**(घ)** के अन्तर्गत मत्स्य और जलाशयों के अन्य उत्पाद के अधिकार पात्र व्यक्तियों या समुदायों को प्रदान करने के लिए राज्य में कितने जलाशय विद्यमान हैं, कहां-कहां हैं तथा उनका क्षेत्रफल कितना-कितना है? **(ख)** उक्त अधिकार वर्ष 2023-2024 से जून, 2025 तक कितने व्यक्तियों और समुदायों को कहां-कहां तथा कितने-कितने क्षेत्रफल में प्रदान या मान्य किया गया है अथवा प्रयोग किया जा रहा है? **(ग)** क्या वन अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले जलाशय मत्स्य उत्पादन आदि के लिए मछली पालन विभाग या छ.ग. राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ या पंचायती राज संस्थाओं के द्वारा पट्टे पर या ठेके पर दिये जाते हैं? यदि हां तो क्या ऐसा करना वैधानिक है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क), **(ख)** एवं **(ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है ।**

महासमुंद जिले में खाद एवं बीज वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

14. (*क्र. 832) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में खरीफ फसल, 2025 हेतु जून, 2025 तक कहां-कहां कौन-सी उर्वरक (खाद) एवं कौन-कौन सी प्रजाति के बीज की व्यवस्था, कितनी-कितनी मात्रा में की गई? समितिवार/विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के परिप्रेक्ष्य में महासमुंद जिले में उर्वरक एवं बीज वितरण का कितना लक्ष्य रखा गया एवं कितना वितरित किया गया? समितिवार/विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या उपरोक्तानुसार जिले के कृषकों को खरीफ फसल की उर्वरक (खाद) बीज समय पर वितरण किया गया है? यदि नहीं तो क्यों? **(घ)** क्या किसी समिति में उर्वरक (खाद) बीज की मांग के अनुरूप कमी होने की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हॉ, तो उक्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई? किन-किन समिति/विकासखंड में

कमी/कालाबाजारी, अधिक दाम में बेचने या अन्य कोई शिकायत प्राप्त हुई है और शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई है ? शिकायतकर्ता का नाम, समिति का नाम सहित जानकारी विकासखंडवार बताएं।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) महासमुंद जिले में खरीफ वर्ष 2025 हेतु जून, 2025 तक सहकारी समितियों में छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ के संग्रहण केन्द्रो से कुल 35518 मी. टन रासायनिक उर्वरक एवं छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रक्रिया केन्द्रो से 30634.80 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है। उर्वरकवार तथा फसल एवं प्रजातिवार बीज की समितिवार एवं विकासखण्डवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र -ब अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के परिपेक्ष्य में महासमुंद जिले में 57070 मी. टन उर्वरक एवं 31955 क्विंटल बीज के प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध क्रमशः 22111 मी.टन उर्वरक एवं 25197.90 क्विंटल बीज वितरण किया गया है। उर्वरकवार, फसल एवं प्रजातिवार, समितिवार एवं विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है।**(ग)** जिला महासमुंद में कृषकों को उनकी मांग अनुसार खाद/बीज का वितरण किया जा रहा है। **(घ)** खाद एवं बीज की कमी कालाबाजारी अधिक दाम में बेचने या अन्य कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अतः शेष जानकारी निरंक है।

कृषि उपज मंडी समिति से कराये जाने वाले कार्यो का स्थल परिवर्तन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

15. (*क्र. 766) श्री रिकेश सेन : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या कृषि उपज मंडी समिति के अंतर्गत स्वीकृत कार्य का लोक निर्माण विभाग की तरह स्थल परिवर्तन का प्रावधान है? **(ख)**प्रश्नांश **(क)** यदि हाँ, तो सत्र 2024-25 में वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में स्थल परिवर्तन क्यों नहीं किया जा रहा है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत पुल तथा सड़क कार्यों में स्थल परिवर्तन नही किया जाता है। कृषि उपज मंडी समिति के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो में स्थल परिवर्तन नही किया जाता है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में स्वीकृत कार्यों के स्थल परिवर्तन का प्रश्न ही उपस्थित नही होता है।

मेसर्स तिरूपति मिनरल प्राइवेट लिमिटेड, हथनेवरा के संचालन की जांच

[आवास एवं पर्यावरण]

16. (*क्र. 774) श्री बालेश्वर साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत संचालित मेसर्स तिरुपति मिनरल प्राइवेट लिमिटेड हथनेवरा को किस कार्य के लिए कब लाइसेंस जारी किया गया है? कृपया जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार लाइसेंस जारी करने के लिए किस - किस विभाग से, कब - कब अनुमोदन एवं मंजूरी ली गई है ? कृपया जानकारी दें? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार लाइसेंस जारी करने के बाद कार्य प्रारंभ करने के दौरान कब - कब निरीक्षण किया गया है और क्या -क्या गड़बड़ियां पाई गयी है और उसके आधार पर क्या कार्यवाही की गई है? कृपया जानकारी दें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जिला-जांजगीर-चांपा में स्थापित/संचालित मेसर्स तिरूपति मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-हथनेवरा, तहसील-चांपा को स्टोरेज आफ कोल एवं कोल साइजिंग एंड स्क्रीनिंग हेतु जल प्रदूषण (निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा

25/26 तथा वायु प्रदूषण (निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के प्रावधानों के तहत् संचालन सम्मति जारी की गई है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। खनिज साधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार, मेसर्स तिरूपति मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड को ग्राम हथनेवरा, में खनिज कोयला के अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति हेतु कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला जांजगीर-चांपा द्वारा दिनांक 20.05.2022 को लाइसेंस जारी किया गया है।**(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 17.12.2014 को जारी भूमि संबंधी दस्तावेज़ की प्रति संचालन सम्मति जारी करने के पूर्व उद्योग से छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा ली गई है। खनिज साधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार, लाइसेंस जारी करने के पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर से दिनांक 19.05.2022, तहसीलदार, चांपा से दिनांक 05.05.2022, ग्राम पंचायत, हथनेवरा से दिनांक 19.04.2022 एवं खनिज निरीक्षक से दिनांक 17.05.2025 को अनापत्ति/प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।**(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

आदिमजाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्री-मैट्रिक छात्रावासों एवं आश्रमों में किया गया व्यय

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

17. (*क्र. 789) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आदिमजाति विकास कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रीमैट्रिक छात्रावासों एवं आश्रमों में प्रति माह कितनी राशि शिष्यवृति के रूप में विद्यार्थियों के लिए दिए जाने का प्रावधान है तथा उक्त राशि में से कितनी प्रतिशत राशि मेस व्यय पर एवं कितनी प्रतिशत राशि व्यक्तिगत सामग्री पर व्यय करने का प्रावधान है ? जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में शिष्यवृति हेतु कुल कितना बजट प्रावधान था तथा कुल व्यय कितना हुआ ? उक्त वर्ष में शिष्यवृति हेतु जिलावार कितनी राशि का आबंटन प्रदाय किया गया तथा उसके विरुद्ध मेस व्यय एवं व्यक्तिगत सामग्री पर कितना व्यय किया गया ? जिलेवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या व्यक्तिगत सामग्री क्रय करने हेतु नवीनतम भण्डार क्रय नियम का पालन किया गया है ? यदि नहीं तो क्यों ? नियम विरुद्ध सामग्री क्रय करने में अनियमितता किये जाने वाले अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई ? **(घ)** वित्तीय अधिकार पुस्तिका में सहायक आयुक्त एवं छात्रावास अधिक्षक को कितनी राशि की सामग्री क्रय करने का अधिकार प्रदत्त है ? जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्री मैट्रिक छात्रावास एवं आश्रमों में शिष्यवृत्ति के रूप में राशि रूपये 1500/-प्रति माह प्रति छात्र दिये जाने का प्रावधान है। जिसमें से 85% राशि मेस व्यय पर तथा 15ः% राशि व्यक्तिगत सामग्री पर व्यय करने का प्रावधान है।**(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में शिष्यवृत्ति हेतु कुल बजट प्रावधान राशि रुपये 27804.30 लाख, जिले को प्रदाय राशि रुपये 25436.04 लाख एवं व्यय राशि रुपये 23879.90 लाख है। शिष्यवृत्ति ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से जिलेवार प्रदाय राशि तथा उसके विरूद्ध मेस व्यय एवं व्यक्तिगत सामग्री पर हुये व्यय की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ग)** व्यक्तिगत सामग्री क्रय करने हेतु विभागीय आदेश दिनांक 27 सितम्बर 2023 में छात्रावास/आश्रम संचालन नियम 2010-11 में किये गये संशोधन के अनुक्रम में जिला स्तर पर व्यक्तिगत सामग्री क्रय कर विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है। जिलों से प्राप्त जानकारी अनुसार कहीं से अनियमितता की शिकायत प्राप्त नहीं हुआ है। **(घ)** वित्तीय अधिकार पुस्तिका में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के संबंध में वित्तीय शक्ति कंडिका-3 अनुसार बर्तनों, बिस्तर, चारपाई, खेल सामग्रियों तथा छात्रावासों एवं आश्रमों को चलाने के लिए आवश्यक सामग्री के

क्रय की मंजूरी सहायक आयुक्त को प्रति आयटम रूपये 25000/-तक प्रावधान है। उपरोक्त प्रावधान में छात्रावास अधीक्षक का उल्लेख नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

विद्युत संयंत्रों से निकलने वाले फ्लाई ऐश का निस्तारण

[आवास एवं पर्यावरण]

18. (*क्र. 824) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के जिला रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा एवं जांजगीर- चांपा में विद्युत उत्पादन हेतु कौन-कौन से संयंत्र कार्यरत हैं? विद्युत उत्पादन क्षमता सहित बताएं? **(ख)** कंडिका "क" के विद्युत उत्पादन संयंत्रों के द्वारा कितना-कितना फ्लाई ऐश उत्सर्जित किया जाता है? प्रतिदिन एवं प्रतिवर्ष अनुसार विगत 02 वर्षों की जानकारी बताएं? **(ग)** विद्युत उत्पादन संयंत्रों के द्वारा उत्सर्जित फ्लाई ऐश के निस्तारण का क्या प्रावधान है और प्रश्नांकित अवधि में उत्सविर्जत फ्लाई ऐश का निस्तारण कितना-कितना एवं किस-किस माध्यम से किया गया है एवं प्रत्येक संयंत्र के पास निस्तारण हेतु कितना-कितना फ्लाई ऐश शेष है ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- अ अनुसार है।**(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- अ के कॉलम (4,5.6) अनुसार** है।**(ग)** भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 31.12.2021 में दिए गये प्रावधानों के अनुसार सभी ताप विद्युत संयंत्रों के द्वारा उत्सर्जित फ्लाई ऐश का निस्तारण फ्लाई ऐश ब्रिक्स/ब्लॉक्स निर्माण/सीमेंट/ सड़क निर्माण/ भू-भराव एवं परितज्य खदानों आदि में किया जाता है। वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा फ्लाई ऐश उपयोग/निस्तारण की जानकारी तथा निस्तारण हेतु शेष फ्लाई ऐश की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- ब अनुसार** है।

कृषि विभाग में लोक सेवा गारण्टी अधिनियम अंतर्गत सम्मिलित सेवा/योजना

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

19. (*क्र. 820) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत कृषि विभाग की किन-किन सेवाओं, योजनाओं को 20 जून, 2025 की स्थिति में सम्मिलित किया गया है? इनमें सेवा प्रदायगी की समय-सीमा क्या निर्धारित है, सेवावार योजनावार बतायें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की सम्मिलित सेवाओं, योजनाओं के अंतर्गत महासमुन्द जिले में वर्ष 01 जनवरी 2023 से 20 जून 2025 तक प्राप्त आवेदन, पंजीकरण, निराकृत की संख्या वर्षवार, कार्यवार बतायें? कृषि मंत्री उपकरणों हेतु प्राप्त आवेदन, वितरण, वर्षवार, विकासखण्डवार बतायें? **(ग)** क्या चेम्प्स प्रणाली अंतर्गत सम्मिलित योजनाएं प्रश्नांश 'क' अधिनियम अंतर्गत सम्मिलित हैं? यदि नहीं तो किसानों को इससे लाभ प्राप्त करने आवेदन व पंजीकरण के समय में क्या उचित प्रक्रिया अपनाई जा रही है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यालयो में दिनांक 20 जून 2025 तक लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत सम्मिलित सेवाओ एवं इनके सेवा प्रदायगी की सीमा की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" में उल्लेखित सेवाओ के अंतर्गत जिला महासमुन्द में 01 जनवरी 2023 से 20 जून 2025 तक सेवावार प्राप्त, पंजीकृत एवं निराकृत आवेदनो की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। कृषि यंत्रो एवं उपकरणो हेतु प्राप्त आवेदन एवं वितरण की वर्षवार, विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** हैं। **(ग)** चैम्प्स प्रणाली के माध्यम से (1)

शक्ति चलित कृषि यंत्र प्रदाय (2) शाकम्भरी योजनांतर्गत अनुदान पर सिंचाई पम्प प्रदाय (3) केन्द्र प्रवर्तित व राज्य पोषित योजनाओ के अंतर्गत अनुदान पर ड्रिप स्प्रिंकलर का प्रदाय का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसमें से क्रमांक (1) से (2) तक उल्लेखित योजनाये लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 अंतर्गत पूर्व से अधिसूचित है तथा क्रमांक (3) में उल्लेखित योजना अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित नहीं है। चैम्प्स में ऑनलाईन पंजीयन से संबधित शिकायत के परिपेक्ष्य में गठित जांच समिति द्वारा चैम्प्स अंतर्गत सम्मिलित योजनाओ में आवेदन व पंजीकरण के समय पारदर्शी प्रक्रिया की आवश्यकता हेतु अभिमत प्रस्तुत किया गया है, जिसके आधार पर प्रक्रिया को पादर्शी बनाने प्रस्ताव किया जा रहा है।

[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

जिला बालोद अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

20. (*क्र. 870) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बालोद में खरीफ 2025 की फसल हेतु किसानों को शासकीय दर पर रासायनिक उर्वरक एवं बीज के वितरण हेतु क्या व्यवस्था की गई है? जिला बालोद में वर्ष 2022-2023 से जून, 2025 तक खरीफ फसल हेतु विभिन्न रासायनिक उर्वरकों की आंकलित मॉंग कितनी थी एवं कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन से उर्वरक/रासायनिक खाद किसानों को उपलब्ध कराये गये? जानकारी देवें? **(ख)**क्या वर्तमान में किसानों को उनकी मॉंग के अनुरूप डी.ए.पी. एवं एन.पी.के. उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध करायी जा रही है? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला बालोद में खरीफ वर्ष 2025 की फसल हेतु किसानों को शासकीय दर पर रासायनिक उर्वरक एवं बीज वितरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर जिला बालोद द्वारा जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय टीम गठित कर सतत् निगरानी की जा रही है तथा जिले के प्रत्येक उर्वरक विक्रय केन्द्रो में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर निर्धारित दर पर उर्वरक वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। बालोद जिला में वर्ष 2022-23 से जून 2025 तक खरीफ फसल हेतु विभिन्न रासायनिक उर्वरकों का निर्धारित लक्ष्य एवं किसानों को उपलब्ध कराने हेतु भण्डारित मात्रा की वर्षवार, मौसमवार, उर्वरकवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** वर्तमान खरीफ वर्ष 2025 में दिनांक 30.06.2025 तक जिला बालोद में किसानों को उपलब्ध कराने के लिये डी.ए.पी. के लक्ष्य 11300 मे. टन के विरूद्ध 5247 मे. टन तथा एन.पी. के के लक्ष्य 13270 मे. टन के विरूद्ध 8997 मे. टन का भण्डारण किया जा चुका है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

चैम्प योजना के तहत साजा विधानसभा क्षेत्र में सब्सिडी के तहत किसानों को ट्रेक्टर वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

21. (*क्र. 886) श्री ईश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चैम्प्स योजना के तहत 2020 से 2024 तक बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र में कितने किसानों को ट्रेक्टर वितरण किया गया ? **(ख)** क्या कृषकों को पंजीयन क्रमांक के आधार पर ट्रैक्टर वितरण किया गया? **(ग)** यदि नहीं तो अनियमितता करने से सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारियों के ऊपर क्या कार्यवाही की गयी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) ,**(ख)** एवं **(ग) जानकारी संकलित की जा रही है।**

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की योजनाओं के बजट का उपयोग

[योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी]

22. (*क्र. 442) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि विगत 5 वर्षों में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र हेतु विभिन्न राज्य और केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि का पूर्ण उपयोग नहीं हो सका है? **(ख)** वर्षवार यह जानकारी प्रदान की जाए कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किस-किस योजना के अंतर्गत कितनी राशि स्वीकृत की गई एवं उसमें से कितनी राशि खर्च नहीं हो सकी / लैप्स हो गई? **(ग)** क्या यह भी सत्य है कि योजनाओं की प्रगति एवं प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु कोई अद्यतन सांख्यिकीय रिपोर्ट पिछले 3 वर्षों से विभाग द्वारा प्रकाशित नहीं की गई है? **(घ)** यदि हाँ, तो क्षेत्रीय योजना निर्माण, आंकड़ों की पारदर्शिता एवं बजट के प्रभावी उपयोग हेतु विभाग द्वारा क्या ठोस पहल की गई है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा एवं जिला-सारंगढ-बिलाईगढ़ के लिए विगत 5 वर्षों (2020-21 से 2024-25) में विभिन्न राज्य और केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि का पूर्ण उपयोग हो चुका है। **(ख)** विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा एवं जिला-सारंगढ-बिलाईगढ़ के लिए विगत 5 वर्षों (2020-21 से 2024-25) में विभागवार विभिन्न योजनाओं अंतर्गत स्वीकृति एवं खर्च की गई राशि का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है।(ग)** योजनाओं की प्रगति एवं प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु कोई अद्यतन सांख्यिकी रिपोर्ट पिछले 3 वर्षों से विभाग द्वारा प्रकाशित नहीं किया जाता है। अतएव जानकारी निरंक है। **(घ)** योजनाओं की प्रगति एवं प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु कोई अद्यतन सांख्यिकी रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की जाती है। किन्तु क्षेत्रीय योजना निर्माण, आंकड़ों की पारदर्शिता एवं बजट के प्रभावी उपयोग हेतु विभाग द्वारा सतत् निरीक्षण, मूल्यांकन एवं समीक्षा बैठक आयोजित किया जाता है।

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सिरपुर SADA को आबंटित एवं व्यय राशि

[आवास एवं पर्यावरण]

23. (*क्र. 206) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्तमान में सिरपुर SADA प्राधिकरण अस्तित्व में है अथवा नहीं? यदि अस्तित्व में है, तो वर्तमान में इसके अध्यक्ष व सीईओ का नाम, पदस्थापना स्थान और उनका कार्यकाल क्या है? क्या कार्यकारी समिति भी कार्यरत है या उसे भंग कर दिया गया है? **(ख)** वर्ष 2018 से 2025 तक SADA सिरपुर को प्रतिवर्ष कितना बजट आबंटित किया गया तथा उसमें से कितना व्यय किया गया? उपरोक्त व्यय में किन-किन कार्यों/परियोजनाओं का निष्पादन किया गया? वर्तमान में प्राधिकरण के पास शेष बजट की राशि कितनी है और उसका उपयोग किन योजनाओं हेतु प्रस्तावित है? **(ग)** वर्तमान में SADA का कार्यालय कहां स्थित है? क्या वह कार्यालय चालू है, बंद है या किसी अन्य संस्था/विभाग में विलयित कर दिया गया है? सिरपुर (महासमुन्द जिला) में कार्य होने के बावजूद SADA का कार्यालय रायपुर में स्थापित करने का क्या औचित्य है? **(घ)** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सिरपुर का गठन किस उद्देश्य से किया गया था एवं उसे किन-किन अधिसूचित शक्तियों से सुसज्जित किया गया है? क्या जिला दंडाधिकारी, महासमुन्द को इस विशेष क्षेत्र के प्रशासन या अनुशासन में हस्तक्षेप का अधिकार प्राप्त है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जीहॉ, सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिरकण वर्तमान में अस्तित्व में है। वर्तमान में इसके अध्यक्ष, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग व सी.ई.ओ. श्री धम्मसिंह गनवीर, डी.एफ.ओ. जिला-बलौदाबाजार हैं। अध्यक्ष एवं सी.ई.ओ. की नियुक्ति आगामी आदेश पर्यन्त तक के लिए की गई है। जी नहीं, कार्यकारी समिति वर्तमान में कार्यरत् नहीं है।**(ख)** प्रश्नांश की जानकारी निम्नानुसार है -

क्र.	वित्तीय वर्ष	प्रावधानित राशि	व्यय राशि	व्यय प्रयोजन
1	2018-19	03.00 करोड़	-	
2	2019-20	03.00 करोड़	-	
3	2020-21	01.00 करोड़	-	
4	2021-22	50.00 लाख	-	
5	2022-23	50.00 लाख	01.00 लाख	अन्य कार्यालयीन व्यय हेतु।
6	2023-24	05.00 करोड़	03.00 करोड़	कार्यालय संचालन, वेतन-भत्ते एवं विभिन्न कार्यालयीन व्ययों के भुगतान हेतु।
7	2024-25	05.00 करोड़	-	

वर्तमान मे प्राधिकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि रू. 5.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है। योजनाओं एवं व्यय के संबंध में निर्णय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा लिया जाता है।**(ग)** वर्तमान में सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का कार्यालय रायपुर में स्थित है। कार्यालय वर्तमान में चालू है। कार्यालय की अवस्थिति के संबंध में निर्णय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा लिया जाता है।**(घ)** सिरपुर के विकास को नियोजित करने तथा ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक वैभव से परिपूर्ण प्रसिद्ध बौद्धिक, धार्मिक स्थल सिरपुर में पूर्ण विकसित शहर को एक हेरिटेज साईट (ऐतिहासिक धरोहर) के रूप में विकसित किये जाने हेतु सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत शक्तियॉ प्राप्त हैं।जी नहीं।

कौशल्या माता विहार अंतर्गत भूखण्ड आबंटन में अनियमितता पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

24. (*क्र. 852) श्री मोतीलाल साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या शासकीय योजना कौशल्या माता विहार के अंतर्गत ऐसे प्रकरण प्रकाश में आये हैं, जिनमें एक ही भूखड को एक से अधिक व्यक्तियों को आबंटित कर दिया गया है? **(ख)** यदि हां तो ऐसे कुल कितने व कौन-कौन से प्रकरण हैं ? विवरण देवें? **(ग)** उपरोक्त त्रुटियों के लिये जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई है? कृपया की गई विभागीय /विधिक कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत करें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) कौशल्या माता विहार योजना के अंतर्गत वर्तमान में प्रथम दृष्टया ऐसे केवल 04 प्रकरण प्रकाश में आये हैं, जो लेआउट रिविजन होने पर एक ही भूखंड के दो अलग-अलग क्रमांक होने के कारण एक ही भूखंड को एक से अधिक व्यक्तियों को आबंटित कर दिया गया हैं। रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त 04 में से 01 प्रकरण संज्ञान में आने के बाद स्वप्रेरणा से इस प्रकार के अन्य प्रकरण को पता करने एवं उनके निराकरण करने के लिए आदेश क्र. 1419/स्था.शा./विप्रा/2025 रायपुर, दिनांक 27.06.2025 के द्वारा एक समिति का गठन किया हैं।**(ख)** वर्तमान में कुल 04 प्रकरण संज्ञान में आये हैं, जिनकी **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ग)** उपरोक्त त्रुटियों की जाँच हेतु आदेश क्र. 1419/स्था.शा./विप्रा/2025 रायपुर, दिनांक 27.06.2025 के द्वारा 04 सदस्यीय समिति का गठन किया गया हैं। समिति से प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात दोषी अधिकारियो/कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी।**[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]**

रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत वन भूमि पट्टा वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

25. (*क्र. 123) श्री फूलसिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कितने लोगों को वन भूमि पट्टा प्रदान किया गया है ? बीटवार जानकारी उपलब्ध करावें ? आज की स्थिति में कितने वन भूमि पट्टा धारकों के द्वारा वन भूमि पट्टे की जमीन की बिक्री की गई है? वन भूमि पट्टे की जमीन क्रय करने वाले भूस्वामियों की सूची उपलब्ध करावें? **(ख)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत वन भूमि में कितने लोगों के द्वारा अवैध कब्जा किया गया है ? बीटवार जानकारी उपलब्ध करावें? अवैध कब्जा धारकों के ऊपर क्या कार्यवाही करेंगे और कब तक करेंगे ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 7926 लोगों को वन अधिकार पत्र का वितरण किया गया है। बीटवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। आज की स्थिति में किसी भी वन अधिकार पत्र धारक द्वारा मान्य वन भूमि के बिक्री करने का प्रकरण प्रकाश में नहीं आया है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वन भूमि पर 49 व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। कब्जाधारकों की बीटवार जानकारी तथा उनके ऊपर की गई कार्यवाही का विवरण **संलग्न प्रपत्र-''ब''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

रबी फसलों का समर्थन मूल्य एवं खरीदी प्रक्रिया

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

1. (क्र. 26) श्री अजय चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 15 जून, 2025 की स्थिति में छत्तीसगढ़ मे कुल कितने एकड़ कृषि भूमि (सिंचित एवं असिंचित अलग-अलग) है तथा उनमें से रबी फसल कितने एकड़ में की जा रही है? **(ख)** 15 जून, 2025 की स्थिति में छत्तीसगढ़ में उत्पादित किन-किन रबी फसलों की, कितना-कितना समर्थन मूल्य तय किया गया है तथा उन फसलों की खरीदी प्रक्रिया क्या है? **(ख)** रबी फसल वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कितने किसानों द्वारा, कितने हेक्टेयर भूमि का पंजीयन कराया गया और कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन से फसलों की खरीदी करने का लक्ष्य रखा गया था और कितनी मात्रा में खरीदी की गयी? किसानों को कितनी राशि का भुगतान कर दिया गया है और कितना शेष है? कब तक भुगतान कर दिया जायेगा? **(ग)** विगत पांच वर्षो में किन-किन रबी फसलों के उत्पादन एवं रकबा बढ़ा/घटा है? यदि घटा है तो उसका कारण क्या है? राज्य में उसका क्या प्रभाव पड़ रहा है? रबि फसलों को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार ने क्या कार्ययोजना बनायी है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2023-24 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 46,73,954 एकड़ (18,92,289 हेक्टेयर) सिंचित, 89,69,580 एकड़ (36,31,409 हेक्टेयर) असिंचित कृषि भूमि है। उनमें से 22,63,755 एकड़ (9,16,500 हेक्टेयर) क्षेत्र में रबी फसल ली जा रही है। (स्त्रोत आयुक्त भू अभिलेख, छत्तीसगढ़.) **(ख)** 15 जून, 2025 की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य में उत्पादित रबी फसलों की वर्ष 2024-25 हेतु भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन की जानकारी निम्नानुसार है -

क्र	फसल	न्यूनतम समर्थन मूल्य (रू./क्वि.)
1	गेहूं	2425
2	जौ	1980
3	चना	5650
4	मसूर	6700
5	राई-सरसों	5950
6	कुसुम	5940
7	तोरिया	5950

उक्त रबी फसलों में से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पी.एस.एस.) के तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम के दिशा-निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 में चना, मसूर एवं राई-सरसों फसल की खरीदी हेतु अधिसूचना जारी की गई है। जिसके अनुक्रम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत कृषकों से छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) द्वारा अधिसूचित फसलों की खरीदी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के माध्यम से की गई है। खरीदी उपरांत भंडारण एवं भुगतान संबंधी कार्यवाही भारतीय राष्ट्रीय सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) एवं भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एन.सी.सी. एफ.) द्वारा की जा रही है। आगामी वर्ष 2025-26 हेतु खरीदी की प्रक्रिया प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पी.एस.एस.) के तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम हेतु जारी दिशा-निर्देशानुसार के प्रावधान अनुसार निर्धारित की जायेगी।

(ग) रबी वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत फसल चना हेतु 22663 कृषकों द्वारा 24787.52 हेक्टेयर, मसूर हेतु 573 कृषकों द्वारा 269.06 हे. एवं राई-सरसों हेतु 903 कृषकों द्वारा 1048.57 हेक्टेयर भूमि का एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया गया। भारत सरकार द्वारा प्राईस सपोर्ट स्कीम योजनान्तर्गत फसल चना 60403 मे.टन, मसूर 5720 मे.टन एवं राई-सरसों 3695 मे.टन खरीदी करने का लक्ष्य /स्वीकृति प्रदाय किया गया है। छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित से प्राप्त जानकारी अनुसार-फसल चना 2075.70 मे.टन एवं राई सरसों 106.75 मे. टन खरीदी की गई है। राज्य शासन द्वारा अधिसूचित उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से रबी फसलों का उपार्जन किया गया है। किसानों को रू. 12,10,16,050 की राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं लगभग रू. 26,48,000 का भुगतान किया जाना शेष है। शेष राशि के भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। भारत सरकार द्वारा प्राईस सपोर्ट स्कीम योजनान्तर्गत स्वीकृति प्राप्ति अनुसार आगामी वर्ष 2025-26 हेतु लक्ष्य का निर्धारण किया जाएगा। **(घ)** विगत 5 वर्षों में रबी फसलों के क्षेत्र एवं उत्पादन की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। रबी मौसम में क्षेत्राच्छादन असिंचित क्षेत्रों में संचित नमी की उपलब्धता, बाजार मांग एवं मूल्य, मौसम प्रारंभ के पूर्व या दौरान असामयिक वर्षा आदि कारणों से प्रतिवर्ष प्रभावित होता है। रबी फसलों के क्षेत्राच्छादन में फसलवार आशिक कमी/ वृद्धि पर पृथक से सर्वेक्षण नहीं किया गया है, अतः इसके प्रभाव संबंधी जानकारी दिया जाना वर्तमान में संभव नहीं है। कृषि विभाग द्वारा रबी फसलों के उत्पादन एवं रकबा को बढ़ावा देने के लिए मक्का एवं दलहन, तिलहन फसलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। रबी फसलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य पोषित योजनान्तर्गत ग्रीष्मकालीन धान के बदले, दलहन-तिलहन मक्का फसल प्रदर्शन, द्विफसली क्षेत्र विस्तार हेतु रबी फसल प्रदर्शन एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं में नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल-आयलसीड, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना में मोटा अनाज, न्यूट्रिसिरियल, दलहन एवं टारगेटिंग राईस फेलो एरिया (दलहन) योजना संचालित है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्का, दलहन-तिलहन योजनान्तर्गत प्रदर्शन आयोजित करना प्रस्तावित है। उन्नत किस्म के बीज, फसल विविधिकरण एवं प्रौद्योगिकी के विस्तार से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

रायगढ़ जिले में वन अधिकार पट्टा का वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

2. (क्र. 63) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वन अधिकार कानून के तहत रायगढ़ जिले के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 20 जून, 2025 तक सामुदायिक वन अधिकार पट्टा के कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितनी ग्राम पंचायतों को सामुदायिक वन अधिकार पट्टा वितरण किया गया वर्षवार एवं ग्रामवार सूची उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में जिला प्रशासन द्वारा कितने आदिवासियों की जमीन को गैर आदिवासी को बेचने की अनुमति प्रदान की गई? **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में रायगढ़ जिले में कितने आदिवासियों के जमीन के 170 ख के प्रकरण दर्ज किए गए ? कितनी जमीन आदिवासियों को वापस की गई ? तहसीलवार सूची उपलब्ध कराएं ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत रायगढ़ जिले के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 20 जून, 2025 तक सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के प्राप्त आवेदनों एवं ग्राम पंचायतों को वितरित वन अधिकार पत्रों की वर्षवार एवं ग्रामवार सूची **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में जिला प्रशासन द्वारा न्यायालय कलेक्टर, रायगढ़ में 16 आदिवासियों के कुल 12.056 हेक्टेयर भूमि एवं 01 एम.आई.जी. मकान को बेचने की अनुमति प्रदान की गई है। **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में रायगढ़ जिले में आदिवासियों के जमीन के 170 ख के 52 प्रकरण दर्ज

किए गए हैं एवं 01 प्रकरण में जमीन (1.77 हे.) वापस की गई है। तहसीलवार सूची **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

रायगढ़ जिले अंतर्गत फ्लाई एश का निस्तारीकरण एवं मॉनिटरिंग

[आवास एवं पर्यावरण]

3. (क्र. 64) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिले अंतर्गत स्थापित उद्योगों एवं पावर प्लांट से निकली फ्लाई एश एवं उसके उचित निस्तारीकरण के लिए किए गए उपायों की जानकारी देवें? **(ख)** फ्लाई एश निस्तारण के लिए चलने वाले भारी वाहनों का वर्ष 2024-2025 से 20 जून, 2025 तक किन-किन कंपनियों द्वारा ऑनलाइन मॉनिटरिंग हेतु रजिस्ट्रेशन करवाया गया नाम सहित जानकारी उपलब्ध कराएं?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)रायगढ़ जिले अंतर्गत स्थापित उद्योगों एवं पॉवर प्लांट से ठोस अपशिष्ट के रूप में निकलने वाले फ्लाई ऐश का निस्तारीकरण/निपटान भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी फ्लाई ऐश अधिसूचना, 2021 (यथा संशोधित) के अनुसार फ्लाई ऐश ब्रिक्स, ब्लॉक्स निर्माण, सीमेंट निर्माण सड़क निर्माण, भूमि भराव, परित्यत्य खदानों में किया जाता है। साथ ही फ्लाई ऐश निस्तारण के लिए चलने वाले भारी वाहनों को विनियमित एवं मॉनिटर करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आदेश दिनांक 26.06.2024 को एसओपी तथा इसके अतिरिक्त औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (आई.डब्ल्यू.एम.एम.एस.) जारी की गई है, जो कि दिनांक 01.05.2025 से प्रभावशील है।**(ख)**फ्लाई ऐश के निस्तारण हेतु वर्ष 2024-25 से जून 2025 तक औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (आई.डब्ल्यू.एम.एम.एस.) में पंजीकृत उद्योगों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

रायपुर में लागू वर्तमान मास्टर प्लान में अनियमितता पर कृत कार्रवाई

[आवास एवं पर्यावरण]

4. (क्र. 130) श्री राजेश मूणत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि विधानसभा परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 06 (क्र १०२5), दिनांक 10 मार्च, 2025 में यह बताया गया है कि वर्तमान लागू मास्टर प्लान को लेकर हुई गंभीर शिकायतों की जांच हेतु शासन द्वारा गठित समिति द्वारा जांच प्रक्रियाधीन है ? यदि हाँ तो जांच कब तक पूर्ण कर ली जायेगी ? **(ख)** क्या जांच प्रक्रिया जारी रहने के साथ-साथ लागू मास्टर प्लान को स्थगित कर पूर्व मास्टर प्लान ही लागू रहने देने में कोई वैधानिक कठिनाई है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) :(क) जी हाँ। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।**(ख)** छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम,1973 एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में लागू विकास योजना को स्थगित एवं पूर्व विकास योजना को पुनः लागू किए जाने के संबंध में कोई प्रावधान नहीं है।

लैलूंगा विधानसभा अंतर्गत स्थापित उद्योगों में प्रदूषण मानक की जांच

[आवास एवं पर्यावरण]

5. (क्र. 167) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सत्र 2024-25 में पर्यावरण विभाग के द्वारा लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन फैक्ट्री में प्रदूषण मानक की जांच की गई? इसका मापदंड क्या है ? प्रदूषण फैलाने वाली कंपनी पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? फैक्ट्रीवार की गई कार्यवाही की जानकारी देवें ? **(ख)** वन क्षेत्र से कंपनी कितने किलोमीटर दूर होना चाहिए? इसका मापदंड क्या है ? ऐसी कितनी कंपनी हैं और वे वन क्षेत्र से कितनी दूरी पर स्थापित हैं? कंपनीवार जानकारी देवें? **(ग)** अवैध पेड़ कटाई हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत उद्योगों को जारी की जाने वाली जल एवं वायु सम्मति की सामान्य शर्तों में प्रदूषण मानक के तहत चिमनी से उत्सर्जित पार्टीकुलेट मैटर की अधिकतम सीमा 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर तथा औद्योगिक दूषित जल में पीएच की मात्रा 5.5 से 9.0. सस्पेंडेड सालिड्स (एसएस), बायोकेमिकल आक्सिजन डिमांड (बीओडी) एवं केमिकल आक्सिजन डिमांड (सीओडी) की अधिकतम सीमा क्रमशः 100 मिलीग्राम/लीटर, 30 मिलीग्राम/लीटर एवं 250 मिलीग्राम/लीटर निर्धारित की गई है। साथ ही परिवेशीय वायु गुणवत्ता में पार्टीकुलेट मैटर (पीएम 10). पार्टीकुलेट मैटर (पीएम 2.5), सल्फर डाई आक्साइड (एसओ2), नाइट्रोजन डाई आक्साइड (एनओ2) की अधिकतम सीमा क्रमशः 100 माइक्रोग्राम/घनमीटर, 60 माइक्रोग्राम/घनमीटर, 80 माइक्रोग्राम/घनमीटर, 80 माइक्रोग्राम/घनमीटर निर्धारित की गई है। शेष प्रशनांश की **जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम (5) अनुसार** है।**(ख)** कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, रायगढ वन मण्डल से प्राप्त जानकारी अनुसार, वन क्षेत्र से कंपनी के दूरी निर्धारण का कोई मापदंड निर्धारित नहीं है। अतः शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(ग)** कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, रायगढ वन मण्डल से प्राप्त जानकारी अनुसार, वन क्षेत्रों में अवैध कटाई के रोकथाम हेतु समस्त परिसर रक्षक द्वारा अपने अपने दायित्वाधीन परिसर में नियमित रूप से गश्ती कर नियंत्रण किया जाता है। साथ ही साथ परिक्षेत्र सहायकों के द्वारा रोस्टर अनुसार प्रत्येक माह संवेदनशील परिसरों का बीट जांच किया जाता है ताकि अवैध कटाई पर नियंत्रण किया जा सके।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में वनांचल वासियों को वितरित वन आवासीय अधिकार पत्र (पट्टा)

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

6. (क्र. 237) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत डेढ़ वर्षों के दौरान पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में निवासरत कितने वनांचल वासियों को वन आवासीय अधिकार पत्र (पट्टा) का वितरण किया गया है एवं कितने हितग्राहियों को वन आवासीय अधिकार पत्र (पट्टा) का वितरण किया जाना शेष है ? विकासखंडवार जानकारी देवें? (ख) विगत डेढ़ वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में निवासरत कितने वनांचल वासियों को वन आवासीय अधिकार पत्र (पट्टा) का वितरण किया गया है एवं कितने हितग्राहियों को वन आवासीय अधिकार पत्र (पट्टा) का वितरण किया जाना शेष है? जिलेवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विगत डेढ़ वर्षों के दौरान पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड पंडरिया एवं सहसपुर लोहारा में वनांचल क्षेत्र में निवासरत वनांचल वासियों को

आवासीय प्रयोजन के व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र का वितरण नहीं किया गया, अतः जानकारी निरंक है तथा हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र का वितरण किया जाना शेष नहीं है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** विगत डेढ़ वर्षों के दौरान राज्य में 238 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों का आवासीय प्रयोजन हेतु वितरण किया गया है एवं आवासीय प्रयोजन हेतु कोई भी वन अधिकार पत्र का वितरण किया जाना शेष नहीं है। जिलावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

धमतरी जिले में रजिस्टर्ड बीज उत्पादक संस्थायें और समितियां

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

7. (क्र. 412) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले में बीज प्रमाणीकरण संस्था में कितने बीज उत्पादक रजिस्टर्ड हैं ? उनके द्वारा विगत 02 वर्षों में कितने रकबे में बीज का उत्पादन किया गया है ? संस्थावार, ग्रामवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या सहकारी बीज समितियों को अभी भी बीज विक्रय पर शासन द्वारा सब्सिडी दी जा रही है? यदि हॉ, तो विगत 03 वर्षो की सीजनवाइज रबी, खरीफ में उपरोक्त धमतरी जिले की समितियों को प्रदान की गई राशि की जानकारी उपलब्ध कराएं ? **(ग)** बीज समितियों एवं बीज कम्पनियों पर विगत 05 वर्षो में जून, 2025 तक कुल कितने आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए ? क्या प्रकरण दर्ज होने के बाद भी उन समितियों या कंपनियों द्वारा उनके नाम से या घर के किसी अन्य सदस्यों के नाम से कंपनी या समितियां बनाकर बीज का व्यापार किया जा रहा है ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) धमतरी जिले में बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा 07 बीज उत्पादक संस्था पंजीकृत हैं। विगत 02 वर्षों (2023-24 एवं 2024-25) में उत्पादित बीज की संस्थावार, ग्रामवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** जी हाँ, सहकारी बीज उत्पादक समितियों को बीज विक्रय पर शासन द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। विगत 03 वर्षों में सीजनवार रबी एवं खरीफ में धमतरी जिला अंतर्गत किसी भी बीज उत्पादक सहकारी समिति को राशि प्रदान नहीं की गई है। **(ग)** बीज समितियों एवं बीज कंपनियों पर विगत 05 वर्षों में जून 2025 तक कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है, अतः शेष जानकारी निरंक है।

रायपुर संभाग के जिलों में बीज एवं कीटनाशक का वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

8. (क्र. 413) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर संभाग अन्तर्गत जिलों में विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक रबी (गेंहू, चना, मसूर, अलसी, तुवर, सरसों) व खरीफ की जींसवार फसलों के लिये कृषकों को बीज, जैविक खाद, कीटनाशक वितरण हेतु कितना बीज विभाग द्वारा कब-कब, किस-किस दर से, किन-किन संस्थाओं से क्रय किया गया एवं उन संस्थाओं को कब-कब, कितना-कितना भुगतान किया गया ? जिलेवार, वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के संदर्भ में बीजों का वितरण, जैविक खाद, कीटनाशक कितने कृषकों को, कब-कब, कितना-कितना दिया गया? जिलेवार संख्यात्मक जानकारी से अवगत करावें? **(ग)** उक्त वर्षो में जैविक खाद, कीटनाशक वितरण या बीज क्रय में अनियमियता के कितने मामले सामने आये हैं ? क्या उक्त वर्षो में किसानों को बीज वितरण एवं जैविक खाद मुक्त में दी जानी थी, किन्तु उसके बाद भी कृषकों से राशि ली गई? यदि हॉ, तो प्राप्त शिकायत पर विभाग द्वारा क्या जांच और कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) रायपुर संभाग अंतर्गत जिलों में विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक रबी (गेंहू, चना, मसूर, अलसी, तुवर, सरसों) व खरीफ की जींसवार फसलों के बीज, कीटनाशक, जैविक खाद के क्रय एवं भुगतान की जिलेवार, वर्षवार जानकारी क्रमशः **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, प्रपत्र-स, प्रपत्र-द, प्रपत्र-इ एवं प्रपत्र-फ अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में कृषकों को वितरित बीज, कीटनाशक, जैविक खाद की जिलेवार, वर्षवार, संस्थावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे क्रमशः प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, प्रपत्र-स, प्रपत्र-द, प्रपत्र-इ एवं प्रपत्र-फ अनुसार** है। **(ग)** वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक जैविक खाद, कीटनाशक वितरण या बीज क्रय में अनियमितता के मामले संज्ञान में नहीं आये, अतः शेष जानकारी निरंक है।

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावासों की जर्जर स्थिति

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

9. (क्र. 441) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित अनेक आदिवासी एवं अनुसूचित जाति वर्ग के बालक-बालिका छात्रावास/आश्रम अत्यंत जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं? क्या इनमें भवन की मरम्मत, शौचालय, रसोईघर, पेयजल एवं सुरक्षा की कमी है? **(ख)** वर्तमान में क्षेत्र में संचालित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावासों की संख्या कितनी है? इनमें से कितने भवन जर्जर घोषित किए गए हैं तथा उनकी मरम्मत या पुनर्निर्माण हेतु क्या बजट स्वीकृत किया गया है? यदि हां, तो किन-किन छात्रावास/आश्रम हेतु? जानकारी दें? **(ग)** क्या यह सत्य है कि अनेक छात्रावासों में अधीक्षक, रसोइया, चौकीदार, सफाई कर्मचारी जैसे आवश्यक पद वर्षों से रिक्त हैं, जिससे छात्रों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति बाधित हो रही है? **(घ)** क्या विभाग द्वारा इन समस्याओं की अनुसूचित समीक्षा तैयार की गई है? यदि हाँ, तो उसके आधार पर अब तक कौन-कौन सी सुधारात्मक कार्यवाही की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित आदिवासी एंव अनुसूचित जाति वर्ग के जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में संचालित 03 छात्रावास जर्जर होने के कारण संस्था का संचालन सुविधायुक्त किराये के भवन में किया जा रहा है। शेष सभी छात्रावास/आश्रम में स्वयं के भवन उपलब्ध है जिनमें मरम्मत, शौचालय, रसोईघर, पेयजल एवं सुरक्षा की कोई कमी नही है। **(ख)** वर्तमान में क्षेत्र में 20 अनुसूचित जाति छात्रावास, 18 अनुसूचित जनजाति छात्रावास संचालित है। जर्जर भवन की संख्या 03 है। जिनमें संस्था का संचालन नही किया जा रहा है। संस्था का संचालन किराये के भवन में किया जा रहा है। मरम्मत या पुनर्निर्माण हेतु कोई बजट स्वीकृत नही किया गया है। अतः प्रश्न उपस्थित नही होता। **(ग)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 26 छात्रावासों के पदों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। छात्रावासों में स्वीकृत रिक्त पद के विरूद्ध प्रभारी कर्मचारी एवं दैनिक मजदूरो से कार्य लिया जा रहा है। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला बलौदाबाजार में सभी छात्रावासों में अधीक्षक कार्यरत है तथा रसोइया, चौकीदार, सफाई कर्मचारी भी स्वीकृत पद के अनुसार कार्यरत है। जिससे छात्रां की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति किसी प्रकार बाधित नही हो रही है। **(घ)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित संस्थाओं में समय-समय पर उत्पन्न होने वाले समस्याओं का निराकरण किया जाता है छात्रावास/आश्रम संस्थाओं में विभाग द्वारा अनुरक्षण मद में प्रतिवर्ष बजट उपलब्ध कराया जाता है जिससे भवनों का रख-रखाव किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

छात्रावास अधीक्षक के रिक्त पदों पर नये शिक्षकों को प्रभार देने हेतु कार्ययोजना

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

10. (क्र. 452) श्री दिलीप लहरिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** आदिम जाति विभाग में छात्रावास अधीक्षक के कितने पद स्वीकृत हैं जिसमें कितने पद रिक्त हैं, एवं कितने पद भरे हुए हैं? रिक्त पदों पर भर्ती कब तक की जाएगी? विवरण देवें? **(ख)** क्या शिक्षा विभाग के शिक्षक जो विगत गई वर्षों से आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावासों में छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे हैं, ऐसे अनुभवी शिक्षकों को छात्रावास अधीक्षक के पद पर समायोजित करने हेतु क्या शासन की कोई योजना है? **(ग)** क्या छात्रावास अधीक्षक के रिक्त पदों पर नया शिक्षकों को प्रभार देने हेतु विभाग ने कार्य योजना तैयार की है? विवरण देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) आदिम जाति विकास विभाग में छात्रावास अधीक्षक के स्वीकृत पद 3421, भरे पद 1249 एवं रिक्त पद 2172 है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** शिक्षकों को छात्रावास अधीक्षक के पद पर समायोजित करने हेतु शासन की कोई योजना नहीं है।**(ग)** छात्रावास अधीक्षक के रिक्त पदों पर नये शिक्षकों को प्रभार देने हेतु विभाग द्वारा कार्य योजना तैयार नहीं की गई है।

शिष्यवृत्ति एवं भोजन सहाय योजना की राशि में वृद्धि का प्रस्ताव

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

11. (क्र. 453) श्री दिलीप लहरिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रावासों तथा आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों को मेस संचालन हेतु शिष्यवृत्ति एवं भोजन सहाय योजना की राशि को कब-कब वृद्धि की गई है? वर्तमान में प्रतिमाह कितनी राशि प्रति छात्र प्रदान की जाती है? विवरण देवें? **(ख)** शिष्यवृत्ति एवं भोजन सहाय योजना की राशि में वृद्धि करने हेतु वर्तमान में शासन की क्या मंशा है? उक्त राशि में वृद्धि कब तक की जाएगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों तथा आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों को मेस संचालन हेतु शिष्यवृत्ति एवं भोजन सहाय योजना की राशि में वृद्धि की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। वर्तमान में प्री मैट्रिक छात्रावास/आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों को प्रतिमाह राशि रूपये 1500/- प्रतिछात्र शिष्यवृत्ति राशि प्रदाय की जाती है। पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को भोजन सहाय योजना अंतर्गत रूपये 1200/-प्रति छात्र प्रतिमाह मेस संचालन हेतु प्रदाय किया जाता है। **(ख)** वर्ष 2023-24 में शिष्यवृत्ति एवं भोजन सहाय की राशि में वृद्धि की गई है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

अनु. जाति घटक योजना (SCP) एवं अनु. जनजाति उपयोजना (TSP) बजट के तहत आबंटन

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

12. (क्र. 458) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- नीति आयोग के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना (SCP) एवं अनुसूचित जनजाति उपयोजना (TSP) बजट अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गो की आजीविका से जुड़ी योजनाओं में TSP, CSP मद से कितनी धनराशि अलाट की गई ? योजनाओं के नाम सहित योजनावार आबंटित धनराशि की जानकारी देंगे ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : विभिन्न विकास विभागों से प्राप्त् जानकारी अनुसार अनुसूचित जाति घटक योजना (SCP) एवं अनुसूचित जनजाति उपयोजना (TSP) बजट अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्गो की आजीविका से जुड़ी योजनाओं का नाम सहित योजनावार आबंटित धनराशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

प्रदेश में चिराग परियोजना के अन्तर्गत नियुक्त पोषण सखियों का मानदेय का भुगतान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

13. (क्र. 467) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि प्रदेश के 15 जिलों में चिराग परियोजना के अन्तर्गत पोषण आधारित कार्यो के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम स्तर पर पोषण सखी को नियुक्त किया गया था, जिनसे मात्र 6 माह कार्य लेकर उस योजना को अचानक बंद कर दिया गया है? **(ख)** क्या जिलों में पोषण सखियों को 6 माह के एवज में मात्र 3 महीनों का ही मानदेय दिया गया है? शेष 3 माह का मानदेय उन्हें कब तक प्रदान किया जायेगा? **(ग)** चिराग परियोजना बंद करने के क्या कारण है तथा कब तक पुन: प्राप्त की जावेगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हाँ, चिराग परियोजना के अन्तर्गत पोषण आधारित कार्यों के क्रियान्वयन हेतु ग्राम स्तर पर पोषण सखी को नियुक्त किया गया था। भारत सरकार वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के पत्र दिनांक 21.03.2025 द्वारा चिराग परियोजना अंतर्गत प्रगतिरत समस्त गतिविधियों को दिनांक 26.03.2025 से तत्काल प्रभाव से बंद किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसके परिपालन में कार्यवाही की गयीं है। **(ख)** जी हाँ। पोषण सखियों को शेष 03 माह के मानदेय के भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। **(ग)** चिराग परियोजना के 04 वर्ष व्यतीत होने के उपरांत भी व्यय अत्यल्प (लगभग 01 प्रतिशत) रहने व परियोजना के उद्देश्य शेष समय-सीमा में पूर्ण न हो पाने की संभावना के दृष्टिगत आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की ऋणदाताओं यथा विश्व बैंक एवं अंतराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD) तथा राज्य शासन के साथ हुई संयुक्त चर्चा उपरांत चिराग परियोजना में बाह्य वित्तीय सहायता बंद किये जाने के निर्णय से अवगत कराया गया है। परियोजना पुनः प्रारंभ करने के संबंध में बताया जाना संभव नहीं है।

सेवा सहकारी समिति मर्यादित केन्द्रों में डी ए.पी.खाद की आपूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

14. (क्र. 488) श्री देवेन्द्र यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या प्रदेश के किसानों द्वारा डी.ए.पी. खाद की आपूर्ति नहीं होने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो जिलेवार प्राप्त शिकायत की जानकारी देवें? **(ख)** दुर्ग, कबीरधाम व बेमेतरा जिले में संचालित सेवा सहकारी समिति मर्यादित केन्द्रों को कितनी-कितनी मात्रा में डी.ए.पी. खाद उपलब्ध कराई गई है? केन्द्रवार दिनांक 31 मार्च, 2025 से दिनांक 20 जून, 2025 तक उपलब्ध कराई गई खाद की मात्रा सहित जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रश्नांकित अवधि तक प्रदेश में किसानों द्वारा उर्वरक डी.ए.पी. की आपूर्ति नहीं होने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है।**(ख)** जिला दुर्ग, कबीरधाम एवं बेमेतरा अंतर्गत संचालित सेवा सहकारी समिति मर्यादित केन्द्रों को दिनांक 31 मार्च 2025 से दिनांक 20 जून 2025 तक डी.ए.पी उर्वरक की उपलब्ध कराई गई मात्रा क्रमशः 4976.95, 3477.25 एवं 4350.10

मे.टन है। जिलावार, सहकारी समितिवार डी.ए.पी. उर्वरक के भण्डारण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

प्रदेश में फ्लाईएश एवं कोलडस्ट की डंपिंग

[आवास एवं पर्यावरण]

15. (क्र. 500) श्री उमेश पटेल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित उद्योगों में कितने-कितने उद्योगों से फ्लाईएश डंप किया जाता है? फ्लाईएश डंप करने के क्या नियम हैं? डंपयार्ड कहां-कहां हैं? वर्ष 2024-25 से जुन, 2025 तक अवैध फ्लाईएश डंप का कितने मामले प्राप्त हुए हैं? जानकारी देवें? रायगढ़ जिला के फ्लाइएश एवं कोयला परिवहन के कारण जहरीले पर्यावरण के सुधार हेतु क्या कार्ययोजना है ? जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : रायगढ़ जिले के अंतर्गत अप्रैल 2024 से जून 2025 की अवधि में अनुमति प्राप्त कर 10 ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा राख का उपयोग भू-भराव/खदान भराव में किया गया / किया जा रहा है तथा इसके अतिरिक्त 06 ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा स्वयं के निर्मित ऐश डाईक में राख का भराव किया जाता है। भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 31/12/2021 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत राख का निचला क्षेत्रों/निष्क्रिय खदानों में भराव किया जाता है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल से रायगढ़ जिला अंतर्गत अनुमति प्राप्त फ्लाइ ऐश के भू-भराव/खदान भराव स्थल की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। अप्रैल 2024 से जून 2025 तक राख के अवैध डंपिंग के संबंध में प्राप्त शिकायत की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कार्यालय आदेश दिनांक 26/06/2024 के माध्यम से उद्योगों से कच्चे माल/उत्पाद/अपशिष्ट के सड़क मार्ग से परिवहन के दौरान प्रदूषण के रोकथाम हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी किया गया है, जो कि दिनांक 01/08/2024 से प्रभावशील है तथा औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (आईडब्ल्यूएमएमएस) जारी की गई है, जो कि दिनांक 01/05/2025 से प्रभावशील है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उल्लंघन पाये जाने पर उद्योगों के विरुद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

खरीफ फसल हेतु किसानों के लिए खाद एवं बीज की व्यवस्था

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

16. (क्र. 511) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-जिला अंतर्गत किसानों से खाद की कमी की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हॉ तो खरीफ फसल हेतु किसानों के लिए खाद एवं बीज की व्यवस्था किस प्रकार से की गई है जिससे किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध हो सके? **(ख)** क्या खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में दुकानदार द्वारा शासकीय भवन में अवैध खाद भण्डारण करने का मामला प्रकाश में आया है? यदि हॉ तो शासकीय भवन में खाद रखने का मिशन किसके द्वारा दिया गया? इनमें दोषी कौन-कौन है और दोषियों के विरूध्द क्या-क्या कार्यवाही की गई है? पूर्ण विवरण देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत किसानों से खाद की कमी के संबंध में कोई भी शिकायत विभाग के संज्ञान में नहीं है, अतः शेष जानकारी निरंक है। **(ख)** जी हाँ, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से संबद्ध विकासखंड-छुरिया के ग्राम-गैंदाटोला में

मेसर्स-त्रिपाठी कृषि केन्द्र का दिनांक 21.05.2025 को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शासकीय कन्या स्कूल (पुराना), गैंदाटोला के एक कमरे में यूरिया का अवैध भंडारण पाया गया। उर्वरक निरीक्षक द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के खण्ड 28 (1) (डी) अंतर्गत जप्ती एवं सुपुर्दगी की कार्यवाही करते हुए संबंधित प्रोपराईटर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया तथा इसकी सूचना कलेक्टर जिला राजनांदगांव को दी गई। संबंधित प्रोपराईटर का प्रत्युत्तर समाधानकारक नहीं पाये जाने के फलस्वरूप दिनांक 09.06.2025 को अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) जिला राजनांदगांव द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 अंतर्गत प्रोपराईटर, मेसर्स त्रिपाठी कृषि केन्द्र, ग्राम गैंदाटोला, विकासखण्ड छुरिया जिला राजनांदगांव को उर्वरक व्यवसाय हेतु जारी अभिस्वीकृति क्रमांक-760, वैधता दिनांक 09.06.2027 को 10 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में आत्मा योजना के तहत प्राप्त आबंटन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

17. (क्र. 512) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022-23 से 20 जून, 2025 तक आत्मा योजना अंतर्गत विभाग को कितनी राशि का आबंटन प्राप्त हुआ ? प्राप्त राशि से कहॉ-कहॉ पर, कितनी-कितनी लागत से, क्या-क्या कार्य किये गये ? विकासखण्डवार, वर्षवार जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से संबधित विकासखण्ड छुरिया जिला राजनांदगांव एवं विकासखण्ड अंबागढ़ चौकी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अधीन है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी नवीन जिला होने के कारण एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) योजनान्तर्गत लक्ष्य की प्रदायगी एवं राशि का आबंटन मातृ जिला राजनांदगांव को ही प्रदाय किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से पी.एफ.एम.एस. एवं तत्पश्चात् एस.एन.ए. स्पर्श प्रणाली लागू होने के कारण संचालनालय कृषि से मातृ जिला राजनांदगांव के उप संचालक कृषि कार्यालय को अविभाजित राजनांदगांव जिले के लिए आत्मा योजनान्तर्गत वित्तीय लक्ष्य प्रदाय कर पी.एफ.एम.एस. पोर्टल अथवा एस.एन.ए. स्पर्श के माध्यम से राशि आबंटित की जाती है। कार्यालय उप संचालक कृषि स्तर से विकासखण्ड स्तरीय कार्यालयों को राशि या आबंटन प्रदाय नहीं किया जाता, अपितु केवल भौतिक-वित्तीय लक्ष्य ही प्रदाय किए जाते हैं, जिसके विरूद्ध देयकों का भुगतान पी.एफ.एम.एस. पोर्टल/एस.एन.ए. स्पर्श के माध्यम से किया जाता है। संचालनालय कृषि द्वारा अविभाजित राजनांदगांव जिले हेतु कार्यालय उप संचालक कृषि जिला राजनांदगांव को वर्ष 2022-23 में राशि ₹154.00 लाख, वर्ष 2023-24 में राशि ₹210.96055 लाख, वर्ष 2024-25 में राशि ₹ 228.21933 लाख एवं वर्ष 2025-26 में दिनांक 20.06.2025 तक राशि ₹ 137.82842 लाख का आबंटन योजनान्तर्गत प्रदाय किया गया है। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से संबद्ध विकासखण्ड छुरिया एवं अंबागढ़ चौकी में वर्ष 2022-23 से 20 जून 2025 तक आत्मा योजना अंतर्गत प्रदाय वित्तीय लक्ष्य तथा योजनान्तर्गत किए गए कार्यों की इकाई लागत एवं कुल व्यय की वर्षवार, विकासखण्डवार, घटकवार, स्थानवार, **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, प्रपत्र-स एवं प्रपत्र-द अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर में संचालित छात्रवास/आश्रमो में सामग्री की आपूर्ति

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

18. (क्र. 523) श्री संदीप साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 तक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर

के अंतर्गत संचालित छात्रावास /आश्रमों में सामग्री ऑपूर्ति हेतु मदवार कितनी-कितनी राशि विभाग द्वारा आबंटित की गई है ? किन-किन छात्रावासों/आश्रमों हेतु क्या-क्या सामग्री, कितनी-कितनी मात्रा में क्रय की गई है? वर्षवार, जिलावार, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या सामग्री के क्रय में विभागीय क्रय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए छ0ग0 भण्डार क्रय नियम, 2002 एवं यथा संशोधित क्रय नियम, 2022 के निर्देशों के अनुरूप मदवार सामग्री क्रय हेतु कब-कब किस माध्यम से निविदा आमंत्रित हुई है? यदि नहीं तो क्यों एवं क्या कार्यवाही की गई है ? निविदा में कितने निविदाकार शामिल हुए? क्या-क्या सामग्री हेतु किन-किन निविदाकारों का चयन किया गया ? उन्हें कार्य आदेश कब जारी किया गया ? वर्षवार जिले के विकासखंडवार जानकारी देवें ? **(ग)** क्या क्रय समिति द्वारा अनुमोदित एवं गुणवत्तायुक्त चिन्हित सामग्री के नमूना के आधार पर क्रय कर आपूर्तिकर्ता द्वारा सामग्री प्रदाय की गयी है? यदि हां, तो सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को कितनी-कितनी राशि का भुगतान हुआ है? कृपया वर्षवार एवं जिले के विकासखंडवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 तक जिला रायपुर एवं बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत संचालित छात्रावास/आश्रमों में सामग्री ऑपूर्ति हेतु मदवार विभाग द्वारा आबंटित राशि की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है। उक्त प्राप्त आबंटन से छात्रावास/आश्रमों हेतु क्रय की गई सामग्री का नाम, मात्रा, फर्म का नाम एवं भुगतान की गई राशि की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है। छात्रावास/आश्रमों के लिए सामग्री का क्रय विकासखण्डवार नहीं अपितु जिलावार किया गया है। **(ख)** छ.ग. भण्डार क्रय नियम 2002 एवं यथा संशोधित क्रय नियम 2022 के निर्देशों का पालन करते हुए सामग्री का क्रय किया गया है। जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** जी हां, क्रय समिति द्वारा अनुमोदित एवं गुणवत्तायुक्त चिन्हित सामग्री के नमूना के आधार पर क्रय कर आपूर्तिकर्ता द्वारा सामग्री प्रदाय की गयी हैं। आपूर्तिकर्ताओं को किये गये भुगतान की वर्षवार, जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है।

<u>जिला रायपुर, बलोदाबाजार-भाटापारा एवं महासमुंद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का क्रियान्यवयन</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

19. (क्र. 525) श्री संदीप साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक जिला रायपुर, बलोदाबाजार-भाटापारा एवं महासमुंद के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से कितनी राशि आबंटित हुई है, कितनी राशि व्यय हुई है? वर्षवार एवम जिले के विकासखंडवार बताएं ? **(ख)** प्रश्नांश (क) अनुसार क्या प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के मार्गदर्शिका 8.3 में उल्लेखित व्यय के विपरीत अन्य कार्यों हेतु योजना मद का व्यय किया गया है? यदि हॉ, तो किस सक्षम प्राधिकारी के आदेश तथा निर्देश में किन-किन कार्यों/सामग्री हेतु कितनी राशि का व्यय किया गया है? कृपया वर्षवार एवं जिले के विकासखंडवार जानकारी बतावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत भारत सरकार से प्राप्त प्रशासनिक व्यय से वर्ष 2023-24 से जून 2025 तक रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा एवं महासमुंद जिले को जारी आबंटन एवं व्यय राशि का वर्षवार एवं जिले के विकासखण्डवार विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश (क) अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना मार्गदर्शिका 8.3 में उल्लेखित व्यय के विपरीत अन्य कार्यों हेतु योजना मद का व्यय नहीं किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में सम्मिलित ग्राम

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

20. (क्र. 531) श्री ललित चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कौन-कौन से ग्राम पंचायत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत शामिल है? 01 जनवरी, 2023 से 20.06.2025 तक उक्त योजना के तहत विकास कार्यो के लिए किन-किन ग्रामों को, कौन कौन से कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई ? कितनी राशि व्यय की गई? कितनी राशि लंबित है ? कितने कार्य प्रारंभ/अप्रारंभ/पूर्ण/अपूर्ण हैं ? जानकारी ग्रामवार, मदवार, वर्षवार प्रदान करें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के योजना में शामिल कौन-कौन से ग्रामों को विकास कार्यो के लिए आज पर्यन्त तक राशि जारी नहीं की गई है ? विलंब के क्या कारण है एवं कब तक राशि जारी कर दी जाएगी? प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में नवीन ग्रामों को शामिल करने की क्या प्रक्रिया है ? जानकारी प्रदान करें। **(ग)** प्रश्नांश 'क' अवधि में कराए गए कार्यों में दुर्ग जिला में अनियमितता, भ्रष्टाचार संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हुई तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई ? प्रकरणवार, विकासखण्डवार विवरण दें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुमरडीह, उमरपोटी एवं घुघसीडीह के ग्राम डुमरडीह, उमरपोटी एवं घुघसीडीह प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत शामिल है। 01 जनवरी, 2023 से 20.06.2025 तक भारत सरकार से राशि प्राप्त नहीं होने के कारण प्रदान नहीं की गई। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** वर्ष 2022-23 में चयनित ग्राम घुघसीडीह के विकास कार्यों हेतु भारत सरकार से राशि रू. 20.00 लाख प्राप्त नहीं होने के कारण राशि जारी नहीं की गई। भारत सरकार से राशि प्राप्त होने के पश्चात् जारी कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत न्यूनतम 500 कुल आबादी तथा 40%अनुसूचित जाति आबादी वाले ग्रामों का चयन भारत सरकार द्वारा किया जाता है। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में संचालित हो रहे उद्योगों के अपशिष्टों की डम्पिंग

[आवास एवं पर्यावरण]

21. (क्र. 534) श्री ललित चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में संचालित हो रहे उद्योगों से निकल रहे अपशिष्टों को डम्प करने या निकासी के लिए उद्योगों द्वारा क्या-क्या प्रावधान किया गया है? अपशिष्ट पदार्थो को डम्प करने हेतु भूमि का चयन किस आधार पर एवं किस नियम के तहत किया जाता है? दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कहॉं-कहॉं डम्पिंग हेतु भूमि का चयन किया गया है? ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** विभाग द्वारा 01 जनवरी, 2023 से 21.06.2025 तक उक्त भूमि का निरीक्षण कब-कब किया गया? निरीक्षण उपरांत की गई कार्यवाही की जानकारी निरीक्षणकर्ता के नाम/पदनाम सहित दिनांकवार, वर्षवार देवें ? **(ग)** क्या डम्प किये गये मटेरियल से किसी प्रकार के वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हॉं तो प्राप्त शिकायत पर की गई कार्यवाही की वर्षवार, ग्रामवार जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल से जल एवं वायु सम्मति प्राप्त कर संचालित उद्योगों से उद्योग की प्रकृति के अनुसार ठोस अपशिष्ट के रूप में निकलने वाली राखड को लाभकारी उपयोग जैसे-फ्लाई ऐश ईट निर्माण इकाईयों को प्रदाय किये जाने का प्रावधान किया गया है तथा रोलिंग मिल, इण्डक्शन फर्नेस आदि इकाईयों से निकलने वाले स्क्रेप, कटिंग्स, मिल स्केल का पुर्नचक्रण किया जाता है अथवा अन्य इकाईयों को विक्रय किया जाता है एवं स्लैग को मेटल रिकवरी के पश्चात परिसर के भीतर सड़क निर्माण/भूभराव में उपयोग किया जाता है। भारत सरकार,

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 31/12/2021 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत अपशिष्ट पदार्थ फ्लाई ऐश को डम्प/निष्पादित किये जाने का नियम है। उपरोक्त प्रश्नांश में उल्लेखित क्षेत्र में औद्योगिक इकाईयों से परिसर के बाहर डम्प करने योग्य अन्य अपशिष्ट उत्पन्न नहीं होता है तथा उद्योगों द्वारा अपशिष्ट पदार्थों को डम्प करने हेतु स्थल चिन्हित नहीं किया गया है। अतः शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(ख)** प्रश्नांश 'क'के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(ग)**प्रश्नांश 'क'के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

बालोद जिला में खरीफ फसल हेतु उर्वरक/बीज की व्यवस्था

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

22. (क्र. 538) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बालोद जिला में खरीफ फसल, 2025 हेतु कौन-सी उर्वरक एवं कौन-कौन सी प्रजाति के बीज की व्यवस्था की गई ? जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के परिप्रेक्ष्य में बालोद जिला में खाद-बीज वितरण का कितना लक्ष्य रखा गया एवं कितना वितरित किया गया ? **(ग)** बालोद जिला के कृषकों को खरीफ फसल की उर्वरक(खाद)/बीज का क्या समय पर वितरण किया गया है ? क्या किसी सोसायटी में खाद-बीज की कमी की शिकायत प्राप्त हुई है, तो प्राप्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बालोद जिला में खरीफ वर्ष 2025 हेतु रासायनिक उर्वरक यथा-यूरिया, डी.ए.पी., पोटाश, सुपर फास्फेट एवं एन.पी. के. एवं बीज यथा-धान, कोदो, अरहर, उड़द एवं मूंग की व्यवस्था की गई है। उर्वरकवार तथा बीज हेतु फसलवार एवं किस्मवार आंकलित मांग, भण्डारण तथा वितरण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में बालोद जिले में रासायनिक उर्वरक वितरण हेतु 67,970 मी. टन एवं बीज वितरण हेतु 23,813 क्वि. का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके विरूद्ध दिनांक 30.06.2025 तक 36,905 मी. टन रासायनिक उर्वरक एवं 23,165.70 क्वि. बीज वितरण किया जा चुका है। **(ग)** जी हाँ, बालोद जिले में कृषकों को खरीफ फसल हेतु रासायनिक उर्वरक एवं बीज समय पर वितरण किया गया है। किसी भी सोसायटी में खाद बीज की कमी की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण में स्वीकृत कार्य

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

23. (क्र. 554) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)**कोटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड कोटा एवं गौरेला में मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अंतर्गत कितने और कौन कौन से ग्राम शामिल हैं? **(ख)** वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अंतर्गत कितने और कौन कौन से ग्रामों में विकास एवं निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है? कार्य का नाम ग्राम एवं राशि का विवरण दें ? **(ग)** उक्त स्वीकृत कार्यो की भौतिक स्थिति क्या है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कोटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड कोटा एवं गौरेला में मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अंतर्गत शामिल ग्रामों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-"अ" एवं प्रपत्र-"ब" अनुसार है।(ख)** वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अंतर्गत

निर्माण कार्यों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-"स" एवं प्रपत्र-"द" अनुसार है।(ग)** उक्त स्वीकृत कार्यो की भौतिक स्थिति की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-"स" एवं प्रपत्र-"द" अनुसार है।**

जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

24. (क्र. 559) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत कितने छात्रावास/आश्रम शाला संचालित हैं, कितनी-कितनी सीट आवंटित हैं, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** छात्रावास खोलने हेतु कितने आवेदन विभाग को प्राप्त हुए हैं, कितने स्वीकृति हेतु प्रस्तावित हैं कब तक स्वीकृति प्रदान की जाएगी? **(ग)** छात्रावासों में सीट संख्या वृद्धि करने हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए है? संख्या वृद्धि करने हेतु क्या क्या प्रावधान किये गए हैं, प्राप्त माँगों पर कितनों की स्वीकृति प्रदान की गयी है जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला रायगढ़ अंतर्गत 146 छात्रावास/आश्रम शाला संचालित हैं। विकासखंडवार जानकारी जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** छात्रावास खोलने हेतु विभाग को 13 आवेदन प्राप्त हुये है। छात्रावास खोलने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं हैं। **(ग)** छात्रावासों में सीट वृद्धि करने हेतु विभाग को 06 आवेदन प्राप्त हुए है। जिस पर परीक्षण कर सीट वृद्धि करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

बीजापुर जिले के छात्रावासों हेतु क्रय सामग्री

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

25. (क्र. 568) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** बीजापुर जिले के आश्रम/छात्रावासों में वर्ष 2023-24 से 30 जून 2025 तक कौन-कौन सी सामग्री, कितनी-कितनी मात्रा में, कितनी-कितनी राशि की, क्रय की गई? क्रय हेतु निविदा कब आमंत्रित की गई? निविदाकार कौन-कौन थे? न्यूनतम दर दाता फर्म कौन थी? जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार सामग्री की सप्लाई कौन-कौन से फर्मो के द्वारा की गई है? जानकारी देवें? कितनी राशि स्वीकृत थी, कितनी व्यय हुई, कितनी शेष है? **(ग)** क्या आश्रम/छात्रावासों में सप्लाई की गई सामग्री गुणवत्ता पूर्ण है और सभी मानकों को पूरा करती है? जानकारी देवें? गुणवत्ता विहीन सामग्री प्रदाय की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? उन पर क्या कार्यवाही हुई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बीजापुर जिले के विभागीय छात्रावास/आश्रमों के लिए वर्ष 2023-24 से 30 जून 2025 तक क्रय किये किये सामग्रियों की सूची **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। क्रय सामग्री हेतु सीएसआईडीसी के ई-मानक पोर्टल एवं भारत सरकार के डी.जी.एस.एण्डडी. जेम पोर्टल में एल-1 के आधार पर न्यूनतम दर दाता को ऑनलाईन क्रय आदेश जारी किया गया है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार सामग्री की सप्लाई किए गये फर्मा की जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। वर्ष 2023-24 में स्वीकृत राशि रुपये 29081000.00, व्यय राशि रुपये 28808018.00 एवं शेष राशि रुपये 272982.00 तथा वर्ष 2024-25 में स्वीकृत राशि रुपये 30425000.00, व्यय राशि रुपये 30054058.27 एवं शेष राशि रुपये 370942.00 है। **(ग)** जी हां। सामग्रियों के क्रय हेतु किसी प्रकार की शिकायत नही मिली है। अतः प्रश्न उपस्थित नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

विधानसभा क्षेत्र राजिम अंतर्गत आदिवासी छात्रावास एवं सुविधाओं पर व्यय

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

26. (क्र. 578) श्री रोहित साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र राजिम अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 तक किन-किन अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों के लिए कितने-कितने आश्रम /छात्रावास स्वीकृत किये गए हैं? **(ख)** संचालित आश्रम एवं छात्रावासों में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए क्या-क्या सुविधा प्रदान की गई है ? प्रदान की गई सुविधाओं पर प्रत्येक वर्षवार अब तक कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (**(क)** विधानसभा क्षेत्र राजिम अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 तक अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों के लिए नवीन आश्रम/छात्रावास स्वीकृत नही किये गए हैं।**(ख)** संचालित आश्रम एवं छात्रावासों में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को निःशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जाती है। जिसके अंतर्गत आवास, पौष्टिक आहार, साबून, तेल, पंलग, गद्दे, चादर कंबल, तकिया, थाली, गिलास, खेल सामग्री एवं आवश्यकतानुसार सुविधाओं का लाभ दिया जाता है। प्रदान की गई सुविधाओं पर वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में व्यय की गई राशि की वर्षवार एवं विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

बेमेतरा जिले में जिला खनिज न्यास मद से किये गये व्यय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

27. (क्र. 583) श्री दीपेश साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेमेतरा जिला में कृषि विभाग में उपसंचालक/सहायक संचालक को जनवरी, 2024 से दिनांक 30.06.2025 तक जिला खनिज न्यास मद से किस-किस कार्य हेतु किस-किस दिनांक को, कितनी-कितनी राशि प्रदाय की गई है? विस्तृत जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के प्रकाश में कृषि विभाग को प्रदाय राशि किसकी अनुशंसा पर प्रदाय की गयी है? प्रदाय राशि का उपयोग किस-किस कार्य/योजना हेतु किया गया? इस योजनांतर्गत बेमेतरा जिले के विधानसभावार कितने लोग/कृषक लाभान्वित हुये, जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' में योजनांतर्गत लाभार्थी कृषकों को क्या-क्या लाभ दिया गया है? संख्यावार विधानसभावार जानकारी देवें? क्या शासन के किसी नियम एवं शर्त के अनुरूप कृषकों को योजना का लाभ दिया गया है अथवा नहीं? क्या कृषकों से उक्त योजना के संबंध में विभाग द्वारा आवेदन मंगाया गया था अथवा नहीं जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बेमेतरा जिला में उप संचालक कृषि को प्रश्नाधीन अवधि जनवरी, 2024 से दिनांक 30.06.2025 तक कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंध कारिणी समिति, जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु प्रदायित राशि की तिथिवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में कृषकों से प्राप्त मांग के अनुसार कृषि विभाग द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास को विभिन्न कार्यों हेतु प्रेषित प्रस्ताव पर प्रशासकीय अनुमोदन उपरांत राशि प्राप्त हुई। बेमेतरा जिला अंतर्गत प्राप्त राशि से किये गये कार्य एवं इससे लाभान्वित किसान संख्या की विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।**(ग)** प्रश्नांश "ख" में लाभान्वित कृषकों को प्रदायित लाभ की विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। हां शासन के नियम एवं शर्त के अनुरूप

कृषकों को लाभ दिया गया है। कृषकों से योजना के संबंध में विभाग द्वारा आवेदन मंगाया गया था। **[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]**

वन अधिकार पत्र का प्रदाय व ऑनलाईन किया जाना

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

28. (क्र. 604) श्री प्रेमचंद पटेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या ग्राम छिन्द्पानी, ग्राम पंचायत चोढा तहसील-हरदीबाजार, जिला-कोरबा में वन अधिकार पत्र ग्रामीणों को प्रदान किये गए थे? यदि हां, तो क्या ये अब तक ऑनलाइन नहीं हुआ है? यदि हां, तो कब तक ऑनलाइन होगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :जी हां। ग्राम छिन्दपानी, ग्राम पचायत चोढा, तहसील-हरदीबाजार, जिला कोरबा में ग्रामीणों को 73 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों का वितरण किया गया है, जो अभी तक ऑनलाईन नहीं हुआ है। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। समयसीमा बताया जाना संभव नहीं है।

विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की योजनावार जानकारी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

29. (क्र. 626) श्रीमती गोमती साय : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जशपुर में वर्ष 2022-23 से 15 जून 2025 तक कृषकों हेतु लघत्तम सिंचाई, तालाब निर्माण योजना, किसान समृद्धि योजना, भू-जल संवर्धन एवं सूक्ष्म सिंचाई योजना, नलकूप खनन, टेक्टर अनुदान के तहत् कितनी-कितनी राशि अनुदान हेतु निर्धारित की गई थी? योजनावार जानकारी देवें। निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कितने-कितने कार्यों की पूर्ति तथा कितने किसानों को योजनानुसार कितना-कितना अनुदान दिया गया? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार जिला जशपुर में कृषि उपकरणों के अनुदान के लिए शासन द्वारा कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई? योजनावार, वर्शवार जानकारी देवें? **(ग)** किसानों को कौन-कौन से उपकरण प्रदाय हेतु प्रदायकर्ता किस-किस एजेन्सी को उनके खातों में कितनी-कितनी राशि जारी की गयी? वर्षवार विकासखंडवार उपकरणों की कीमत एवं किये गए भुगतान का विवरण देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला जशपुर में प्रश्नाधीन अवधि मे लघुत्तम सिंचाई तालाब निर्माण योजना अंतर्गत जानकारी निरंक है। भू-जल संवर्धन योजना विभाग में संचालित नहीं है। नलकूप खनन हेतु संचालित किसान समृद्धि योजना एवं ट्रेक्टर अनुदान हेतु संचालित कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन अंतर्गत फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के घटक 3, 4 एवं 6, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-पर ड्रॉप मोर क्रॉप एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास घटक 2.0 अंतर्गत अनुदान हेतु निर्धारित राशि एवं निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध किये गये कार्यों की पूर्ति तथा लाभान्वित कृषकों की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार जिला जशपुर में कृषि उपकरणों के अनुदान के लिए शासन द्वारा प्रदाय राशि की योजनावार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ,प्रपत्र-ब,प्रपत्र-स,प्रपत्र-द एवंप्रपत्र-इ अनुसार** है। **(ग)** किसानों को उपकरण प्रदाय हेतु प्रदायकर्ता एजेंसी को उनके खातों में जारी की गई राशि तथा उपकरणों की कीमत एवं किये गये भुगतान की वर्षवार, विकासखंडवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द एवं प्रपत्र-इ अनुसार** है।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत केन्द्र से प्राप्त राशि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

30. (क्र. 628) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक राज्य को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत कुल कितनी राशि प्राप्त हुई? कितना शेष है? प्राप्त राशियों में से कितने कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई एवं कितने कार्य प्रारंभ किये गये हैं? कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है? कितने अपूर्ण तथा कितने पूर्ण हैं? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार योजना हेतु शेष राशि प्राप्त करने हेतु राज्य शासन द्वारा कब-कब पत्राचार किया गया है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक राज्य को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत भारत सरकार से राशि प्राप्त नहीं हुई है। शेष राशि की जानकारी निरंक है। जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक राशि प्राप्त नहीं होने के कारण कार्यो की स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में ग्राम का चयन नही होने के कारण प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

राज्य के किसानों को वितरित कृषि उपकरण /यंत्र

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

31. (क्र. 693) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 तक उद्यानिकी विभाग के द्वारा राज्य के किसानों को (डीबीटी योजना के तहत्) कृषि यंत्र/उपकरण वितरीत करने कौन-कौन सा उपकरण/यंत्र की खरीदी की गई? कौन सा यंत्र/उपकरण की कितनी मात्रा में खरीदी की गई ? ये सामग्रियां /यंत्र की किस कंपनी से खरीदी की गई व प्रत्येक सामग्रियों की कीमत क्या थी ? पूरी जानकारी देवें ? **(ख)** सामग्रियों के खरीद हेतु अपनाई गई प्रक्रिया का विवरण देवें ? **(ग)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में छ0ग0 राज्य के जिलों में कितने किसानों को, कौन सा कृषि उपकरण/यंत्र का वितरण किया गया ? जिलेवार जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 तक उद्यानिकी विभाग द्वारा राज्य के किसानों को (डीबीटी के तहत) विभाग द्वारा क्रय कर वितरित (सामग्री) एवं कृषकों द्वारा स्वयं से क्रय किये गये कृषि यंत्र/ उपकरण पर प्रदाय अनुदान (डीबीटी नगद) कीं वर्षवार, जिलावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र- अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** सामग्रियों की खरीदी छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से तथा जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित कर की गई हैं। **(ग)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में छ.ग. राज्य के 302 कृषकों को पॉवर वीडर तथा 1789 कृषकों को स्प्रेयर, इस प्रकार कुल 2091 कृषि यंत्र/उपकरण विभाग द्वारा क्रय कर कृषकों को उपलब्ध कराये गये है तथा कृषकों द्वारा क्रय किये गये 871 पॉवर वीडर 127 स्प्रेयर, 04 पल्वराईजर तथा 05 डीजल पंप, इस प्रकार कुल 1007 कृषि यंत्रों पर (डीबीटी नगद) अनुदान प्रदान किया गया है। वर्षवार, जिलावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र- अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

जिला गरियाबंद के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में हुए निर्माण कार्य

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

32. (क्र. 739) श्री जनक ध्रुव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में जिला गरियाबंद के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत आदिवासी विकास

विभाग में केंद्र एवं राज्य से प्राप्त बजट से कितने कितने निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं? पृथक-पृथक जानकारी देवें। **(ख)** कंडिका ''क'' में उल्लेखित अवधि में स्वीकृत कार्यों का नाम, स्वीकृत राशि, चयनित निविदाकार, कार्य की प्रगति एवं भुगतान की गई राशि का कार्यवार विस्तृत जानकारी देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग में वर्ष 2023-24 में केंद्र से प्राप्त राशि रुपये 274.774 लाख से 39 निर्माण कार्य स्वीकृत एवं राज्य से प्राप्त राशि रुपये 54.35 लाख से 12 स्वीकृत कार्य तथा वर्ष 2024-25 में केन्द्र से बजट अप्राप्त एवं स्वीकृत कार्य निरंक तथा राज्य से प्राप्त राशि रुपये 108.06 लाख से 13 कार्य स्वीकृत किये गये है। **(ख)** कंडिका "क" अनुसार विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'अ' एवं 'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा प्रदाय सेवायें /सुविधायें

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

33. (क्र. 740) श्री अनुज शर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत कृषि विभाग की किन-किन सेवाओं/योजनाओं को सम्मिलित किया गया है? इनमें सेवा प्रादयगी की समय सीमा क्या निर्धारित है? **(ख)** प्रश्नांक ''क''अनुसार उक्त सेवाओं के अंतर्गत वर्ष 2023 से दिनांक 30.06.2025 तक कितने आवेदन प्राप्त हुये? साथ ही कृषि यंत्रों एवं उपकरणों की प्रादयगी संबंधी कितने आवेदन प्राप्त,पंजीकृत एवं निराकृत किये गये?माहवार विवरण प्रदान करें? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार चैंप्स प्रणाली अंतर्गत सम्मिलित योजनाओं को लोक सेवा अधिनियम की परिधि से बाहर करने अधिसूचना कब जारी की गई? चैंप्स प्रणाली के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले किसानों को सीधे आवेदन के समय पंजीकरण की सुविधा क्यों उपलब्ध नहीं हो पा रही है तथा वे प्रदायकों द्वारा पंजीयन किये जाने के समय पर क्यों आश्रित हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत कृषि विभाग की सम्मिलित सेवाओ एवं इनके सेवा प्रदायगी की सीमा की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" में उल्लेखित सेवाओ के अंतर्गत संचालनालय कृषि के अधीनस्थ जिलो को कुल 23,710, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी को कुल 7,577 एवं छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड को कुल 8,94,987 आवेदन प्राप्त हुए। कृषि यंत्रो एवं उपकरणो की प्रदायगी हेतु प्राप्त आवेदन एवं वितरण की वर्षवार, माहवार विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** चेम्प्स प्रणाली में सम्मिलित सेवाओ यथा शक्ति चलित उन्नत कृषि यंत्र वितरण, शाकम्भरी योजना (पंप प्रतिष्ठापन) को लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 से बाहर करने संबंधी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। चैम्प्स प्रणाली के तहत शक्ति चलित कृषि यंत्रो के प्रदाय हेतु ऑनलाईन पंजीयन के संबंध में विभाग को प्राप्त शिकायतो के परिपेक्ष्य में जांच समिति गठित कर प्रकरण की जांच करवाई गई है। जांच समिति द्वारा वर्तमान पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में उल्लेखित तथ्यों के प्रकाश में वर्तमान प्रणाली में सुधार के द्वारा इसे कृषकोंमुखी तथा पारदर्शी बनाने की कार्यवाही प्रस्तावित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

विभागीय योजनाओं के अतिरिक्त प्राप्त मदों की राशि का उपयोग

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

34. (क्र. 745) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 01 जनवरी, 2019 से जून, 2024 तक जिला राजनांदगाँव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मानपुर-मोहला-चौकी अंतर्गत विभागीय मदों के अतिरिक्त कौन-कौन से मदों से राशि प्राप्त हुई है? प्राप्त राशि का प्रयोग किन-किन कार्यों के लिये किया गया गया है? किये गये कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है? **(ख)** किये गये समस्त कार्यों के लिये किये भुगतान की जानकारी, वर्षवार देवें? क्या भुगतान या निर्माण संबंधी कार्यों के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो प्राप्त शिकायत का निराकरण किसके द्वारा एवं कब-कब किया गया?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) 01 जनवरी, 2019 से जून, 2024 तक जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मानपुर-मोहला-चौकी अंतर्गत विभागीय मदों के अतिरिक्त डी.एम.एफ, विधानसभा क्षेत्र निधि, पी.एम.जनमन योजना, संविधान के अनुच्छेद 275(1) एवं एल.डब्लू.ई. मदों से राशि प्राप्त हुई है। जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। प्राप्त राशि का उपयोग जिन का कार्यो के लिये किया गया है, उनकी अद्यतन स्थिति **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। **(ख)** किये गये समस्त कार्या के लिये किये गये भुगतान की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। भुगतान या निर्माण संबंधी कार्यो के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नही हुई है।

उ.मा. विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित होना

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

35. (क्र. 751) श्री बालेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** सत्र 2022-23 से 2024-25 में प्रदेश के उ.मा. विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए प्री मेट्रिक एवं पोस्ट मेट्रिक योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदाय करने के लिए कितनी- कितनी राशि कब- कब संबंधित विभाग को आबंटित की गयी थी? कृपया सत्रवार जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार उ.मा. विद्यालयों में दर्ज और प्री मेट्रिक एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति योजना के अंतर्गत आने वाले कितने -कितने बच्चे अध्ययनरत थे? इनमें से कितने को छात्रवृत्ति योजना प्रदान किया गया है और ऐसे कितने हैं जिन्हें इस योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जा सका ? कृपया सत्रवार, योजनावार, जातिवार जानकारी दें? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार छात्रवृत्ति आबंटन की शेष राशि कब-कब शासन कोष में वापस जमा की गई है ? कृपया सत्रवार ,विभागवार जानकारी दें? **(घ)** प्रश्नांक "क" ''ख " के अनुसार जिन बच्चों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्रदाय नहीं किया जा सका उसके क्या कारण हैं ? कृपया जानकारी दें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाता है। अतः सत्र 2022-23 से 2024-25 के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत विभाग को राशि आबंटित नहीं की गई है। उ.मा.विद्यालयों (कक्षा 11वीं एवं कक्षा 12वीं) में अध्ययनरत् बच्चों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदाय की जाती है। जिसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त मांग अनुसार सत्र 2022-23 से 2024-25 तक आबंटित की गई राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।**(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** सत्र 2022-23 से सत्र 2024-25 के लिए विभाग को छात्रवृत्ति आबंटन की प्राप्त राशि शासन कोष में वापस जमा नहीं की गई है। **(घ)** विद्यार्थियों के पंजीकृत बैंक खातों में त्रुटि के कारण विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित है, जिसमें सुधार करवाकर वितरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]**

राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन के तहत कृषकों का चयन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

36. (क्र. 763) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- (क)जिला मोहला -मानपुर -अम्बागढ़ चौकी में 2022-23 से लेकर जून, 2025 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत कितने किसानों का चयन किया गया? जानकारी वर्षवार एवं विकासखंडवार देवें? उक्त अवधि में किसानों को कितने रकबा हेतु, कितनी मात्रा में बीज एवं कीटनाशक का वितरण कब, कहां किया गया? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवे ?बीज, कीटनाशक के एवज में किसानों से कितनी राशि ली गई? **(ख)** प्रश्न "क" अवधि में किसानों को फसल उत्पादन,फसल सुरक्षा और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण दिया गया या नहीं? यदि हां तो कब, कहां प्रशिक्षण दिया गया ? जानकारी देवें? उक्त जगहों में प्रशिक्षण के दौरान कितनी राशि का व्यय हुआ ? जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्न "क" अवधि में कितने मृदा नमूने लिए गए? मृदा स्वास्थ्य कार्ड किस-किस कृषक को उपलब्ध कराया गया? सूची देवें ? किन-किन किसानों के यहां फसल प्रदर्शन का आयोजन किया गया? क्या- क्या सामग्री वितरण की गयी किन -किन गावों में प्रशिक्षण दिए एवं कितनी राशि व्यय हुई जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में 2022-23 से लेकर जून**,** 2025 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत कुल 2684 किसानों का चयन किया गया। विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	वर्ष	विकासखंड	चयनित कृषक (संख्या)
1	2022-23	मोहला	59
2	2023-24		340
3	2024-25		798
4	2025-26 (जून 2025 तक)		किसानों का चयन किया जा रहा है।
1	2022-23	मानपुर	निरंक
2	2023-24		242
3	2024-25		550
4	2025-26 (जून 2025 तक)		किसानों का चयन किया जा रहा है।
1	2022-23	अं.चौंकी	68
2	2023-24		निरंक
3	2024-25		627
4	2025-26 (जून 2025 तक)		किसानों का चयन किया जा रहा है।

योजनान्तर्गत विकासखंडवार एवं वर्षवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। प्रश्नाधीन अवधि में किसानों को वितरित किये गये बीज एवं कीटनाशक की वर्ष**,** विकासखंड एवं ग्रामवार**,** रकबे व मात्रा एवं कृषक अंश राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है। (ख)**हां**,** प्रश्नाधीन अवधि में किसानों को फसल उत्पादन**,** फसल सुरक्षा और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।आयोजित प्रशिक्षण की तिथिवार**,** स्थलवार एवं व्यय की गई राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार है। (ग)** प्रश्न 'क' अवधि में मृदा नमूनों का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	वर्ष	संग्रहित मृदा नमूनों की संख्या	वितरित मृदा स्वास्थ्य कार्ड
1	2022-23	-	-
2	2023-24	468	468
3	2024-25	958	958
4	2025-26 (जून 2025 तक)	-	-

कृषकों को उपलब्ध कराये गये मृदा स्वास्थ्य कार्ड की कृषकवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसार है।** फसल प्रदर्शन आयोजन एवं सामग्री वितरण की कृषकवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ई अनुसार है।** कृषकों हेतु आयोजित प्रशिक्षण एवं उस पर हुए व्यय की ग्रामवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार है।**

जैविक खेती हेतु ग्रामों का चयन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

37. (क्र. 764) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में वर्ष 2022-23 से लेकर जून, 2025 तक जैविक खेती हेतु कितने ग्रामों का चयन किया गया एवं कितने फसल प्रदर्शन लगाए गए? जानकारी देवें? पीकेवीवाई अंतर्गत किस-किस मद से कितना आबंटन प्राप्त हुआ और कहां-कहां व्यय किया गया? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्न "क" अवधि में किन-किन विभागीय योजना अंतर्गत कौन- कौन से बीजों के वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ तथा कितने किसानों को वितरण किया गया? जानकारी देवें? बीज वितरण का अनुदान किन-किन संस्थाओं को दिया गया? कितने बीज उत्पादन कार्यक्रम लिए गए तथा किन-किन संस्थाओं को अनुदान की राशि का वितरण किया गया? जानकारी वर्षवार, विकासखंडवार देवें? **(ग)** प्रश्न "क" अवधि अंतर्गत जिले में किन-किन बीजों के मिनीकिट के निःशुल्क वितरण का कितना लक्ष्य मिला ? लक्ष्य के विरुद्ध कितने बीज मिनीकिट वितरण किए गए? बीज की वितरण मात्रा, सहित वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में वर्ष 2022-23 से लेकर जून, 2025 तक जैविक खेती हेतु 25 ग्रामों का चयन किया गया एवं 3958 फसल प्रदर्शन लगाए गए। पीकेवीवाई अंतर्गत मदवार प्राप्त आबंटन तथा व्यय किये स्थान/ग्राम की वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में विभागीय योजना अंतर्गत फसलवार बीजों के वितरण का प्राप्त लक्ष्य तथा बीज वितरण किये गये किसानों की संख्या एवं बीज वितरण का अनुदान प्रदाय किये गये संस्थाओं की वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है तथा प्रश्नाधीन अवधि में बीज उत्पादन कार्यक्रम की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-इ अनुसार**है **(ग)** प्रश्नाधीन अवधि में जिले में फसलवार बीजो के मिनीकिट के निःशुल्क वितरण का प्राप्त लक्ष्य तथा लक्ष्य के विरूद्ध वितरण किये गये मिनीकीट बीज मात्रा, सहित वर्षवार, विकासखण्डवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स एवं प्रपत्र-द अनुसार** है।

रासायनिक उर्वरकों के वितरण के लक्ष्य, भंडारण और पूर्ति की स्थिति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

38. (क्र. 768) डॉ. चरण दास महंत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खरीफ, 2024 में रासायनिक उर्वरकों का वितरण निजी क्षेत्र तथा सहकारी क्षेत्र में कितना-कितना हुआ था? उर्वरकवार तथा जिलावार बताएं? खरीफ, 2025 के लिए लक्ष्य तथा भंडारण की स्थिति निजी क्षेत्र तथा सहकारी क्षेत्र का उर्वरकवार तथा जिलावार बताएं? **(ख)** क्या किसानों की मांग के अनुरूप रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता हो रही है? यदि नहीं तो क्या समस्याएं हैं? **(ग)** क्या केन्द्र सरकार से पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का आबंटन नहीं किया गया है अथवा क्या निर्माताओं के द्वारा आपूर्ति नहीं की जा रही है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) खरीफ, 2024 में निजी तथा सहकारी क्षेत्र में

वितरित रासायनिक उर्वरकों का उर्वरकवार तथा जिलावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। खरीफ, 2025, दिनांक 30.06.2025 की स्थिति में निजी तथा सहकारी क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य तथा भंडारण का उर्वरकवार तथा जिलावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** जी हाँ, डीएपी उर्वरक को छोड़कर शेष उर्वरकों की उपलब्धता मांग अनुरूप हो रही है। **(ग)** केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2025 के निर्धारित लक्ष्य अनुसार आपूर्ति प्लान आबंटित किया जा रहा है, किन्तु डीएपी उर्वरक आयातित होने के कारण कंपनियों द्वारा माहवार आबंटन अनुसार आपूर्ति नहीं की जा सकी है। इस हेतु संबंधित उर्वरक निर्माता कंपनियों को पत्र लिखा गया है तथा भारत सरकार को भी अवगत कराया गया है। डीएपी की कम आपूर्ति को ध्यान में रखकर राज्य स्तर पर वैकल्पिक उर्वरक एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट का अतिरिक्त भंडारण कराया जा रहा है।

बालोद जिला में छात्रावास भवन निर्माण/मरम्मत, सामग्री क्रय हेतु प्राप्त आबंटन

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

39. (क्र. 771) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024-25 में बालोद जिला अंतर्गत आश्रम शाला/छात्रावास भवन निर्माण/मरम्मत, सामग्री क्रय एवं अन्य कार्य हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई? विकासखण्डवार पृथक-पृथक जानकारी देवें? **(ख)** स्वीकृत राशि से कौन-कौन से कार्य एवं सामग्री क्रय की गई है? जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2024-25 में बालोद जिला अंतर्गत आश्रम शाला/छात्रावास भवन निर्माण हेतु निरंक राशि, मरम्मत कार्य हेतु राशि रुपये 207.75 लाख, सामग्री क्रय हेतु राशि रुपये 183.28 लाख तथा अन्य कार्य हेतु राशि जारी नही की गई है। विकासखण्डवार पृथक-पृथक जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** जिले में स्वीकृत राशि से आश्रम शाला/छात्रावास भवन निर्माण/मरम्मत कार्य एवं सामग्री क्रय की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

बालोद जिला में खाद एवं बीज की मांग एवं आपूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

40. (क्र. 792) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बालोद जिला अंतर्गत विभिन्न सोसायटियों में खरीफ फसल हेतु यूरिया एवं डी.ए.पी. खाद, बीज का कितना भण्डारण किया गया है ? क्या मांग के अनुरूप खाद एवं बीज की पूर्ति की गई है ? यदि नहीं तो किस कारण से ? जानकारी देवें ? **(ख)** क्या खाद एवं बीज की कमी का मामला प्रकाश में आया है ? यदि हाँ तो कहाँ-कहाँ, कितनी मात्रा में ? जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** क्या सरकारी आपूर्ति नहीं होने से अवैध खाद के कारोबार का मामला संज्ञान में आया है ? यदि हाँ तो कहाँ-कहाँ और इस पर क्या कार्यवाही की गई है ? प्रकरणवार जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रश्नांकित अवधि तक जिला बालोद में खरीफ 2025 हेतु 23,813.00 क्विंटल बीज मांग के विरुद्ध 24,204.08 क्विंटल बीज भण्डारण कर 23,165.70 क्विंटल बीज समितियों के माध्यम से वितरण किया गया है। जिले में सहकारी क्षेत्र में यूरिया भण्डारण हेतु निर्धारित लक्ष्य 24,200 मे.टन के विरुद्ध 11415 मे.टन (47 प्रतिशत), डीएपी के भण्डारण लक्ष्य 10,000 मे.टन के विरुद्ध 3465 मे. टन (35 प्रतिशत) है। जिले में मांग के अनुरुप डी.ए.पी. उर्वरक की कम आपूर्ति के दृष्टिगत वैकल्पिक उर्वरक के रुप में एन.पी.के, सिंगल सुपर फास्फेट की अनुशंसित मात्रा तथा नैनो डी.ए.पी. (तरल)

का भण्डारण किया जा रहा है। **(ख)** जिला बालोद में बीज की आपूर्ति मांग के अनुरूप हुई है। डी.ए.पी. उर्वरक की कमी की आपूर्ति हेतु आधार उर्वरक के रूप में उपयोग के लिए एन.पी. के (12:32:16, 28:28:0, 20:20:0:13 एवं अन्य) एवं एस.एस.पी उर्वरक की अनुशंसित मात्रा में उपयोग करने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कर अतिरिक्त भण्डारण कराया गया है। सहकारी समितियों में मांग के विरुद्ध उर्वरकों के भण्डारण वितरण की समितिवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** जी नहीं।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

खरीफ, 2025 हेतु रासायनिक खादों का भंडारण व वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

41. (क्र. 800) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले में वर्तमान खरीफ सीजन 2025 के लिए कितनी-कितनी मात्रा में रासायनिक खादों:-डी.ए.पी. युरिया, सुपर फास्फेट, पोटाश एवं एन.पी.के. के भंडारण व वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? जून, 2025 तक तय लक्ष्य की प्रतिपूर्ति में कितना भंडारण व वितरण हुआ है? जानकारी प्रदान करें? **(ख)** क्या किसानों को डी.ए.पी. के बदले एन.पी.के. दिए जाने हेतु सेवा सहकारी समितियों को निर्देश जारी किए गए हैं? यदि हां तो निर्देश की प्रति उलपब्ध करावें? **(ग)** विगत 1 वर्ष में जांजगीर-चाम्पा जिले में नकली खाद अथवा तय दाम से अधिक कीमत में खाद बेचने वालों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई? विधानसभावार जानकारी प्रदान करें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जांजगीर-चांपा जिले में वर्तमान खरीफ मौसम 2025 हेतु रासायनिक उर्वरकों के निर्धारित लक्ष्य तथा लक्ष्य के विरुद्ध भण्डारण एवं वितरण की उर्वरकवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** जी नही, अपितु खरीफ मौसम 2025 में डीएपी उर्वरक के वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग हेतु कृषको में जागरूकता विकसित करने निर्देश जारी किये गये है। **(ग)** विगत 1 वर्ष में जिला जांजगीर-चाम्पा में औचक निरीक्षण में, एक मामले में नकली उर्वरक होने के संदेह के आधार पर उर्वरक स्कंध के विक्रय को प्रतिबंधित किया गया है तथा उर्वरक नमूना लिया जाकर विश्लेषण हेतु उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला को भेजा गया है साथ ही जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में प्रकरण दर्ज करने हेतु जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। एक अन्य मामले में, मेसर्स पवन कुमार ओग्रे विकासखंड पामगढ़ से प्राप्त 20:20:0:13 का नमूना प्रथम विश्लेषण तथा अपील उपरांत द्वितीय विश्लेषण मे अमानक पाये जाने पर उपसंचालक कृषि के आदेश क्रमांक/1135 दिनांक 06.06.2025 द्वारा फर्म का उर्वरक विक्रय लायसेंस आगामी आदेश पर्यन्त निलंबित किया गया है। इसके अतिरिक्त निर्धारित दर से अधिक कीमत में उर्वरक विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। स्थानीय समाचार पत्रों में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर उर्वरक विक्रय के संबंध में प्रकाशित समाचार के आधार पर उर्वरक निरीक्षकों द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान कोई भी अनियमितता नहीं पाई गई है, अतः शेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

एकलव्य अतिथि शिक्षकों का शिक्षा विभाग में समायोजन

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

42. (क्र. 808) श्री रामकुमार यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ के 870 एकलव्य अतिथि शिक्षकों को शिक्षा विभाग में समायोजन करने हेतु क्या

आदिम जाति विभाग द्वारा कोई पत्र जारी किया गया था? यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी? विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांश (क) अंतर्गत समायोजन की प्रक्रिया कब तक पूर्ण कर ली जावेगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हाँ, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा प्रदेश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2023-24 तक व्यवस्था आधारित कार्य पर रखे गये 669 अतिथि शिक्षकों की जानकारी पत्र कार्या क्रमांक/ इएमआरएस/387-।। /2024-25/6394 दिनांक 20.09.2024 द्वारा संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इद्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर को प्रेषित किया गया है।संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का परीक्षण उपरात 284 टी.जी.टी तथा 198 पी.जी.टी अतिथि शिक्षकों पर समायोजन की सहमति दी गई तथा संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय कमाक-1921, दिनांक 18.10.2024 द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के अतिथि शिक्षकों की सेवाएं शिक्षा विभाग में अतिथि शिक्षक के रूप में लिये जाने बाबत् प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी, अटल नगर नवा रायपुर को प्रेषित किया गया है। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ख)** समय-सीमा बताना संभव नहीं है।

आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत अधिकारियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों पर कृत कार्यवाही

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

43. (क्र. 809) श्री रामकुमार यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत किन - किन अधिकारियों के विरुद्ध लोक आयोग, ई. ओ. डब्ल्यू., पुलिस थाना एवं विभाग स्तर पर आर्थिक अनियमितता एवं विभागीय नियमों के उल्लंघन के प्रकरण कब से दर्ज हैं? इन प्रकरणों पर कार्यवाही की वर्तमान स्थिति क्या है? **(ख)** किन-किन अधिकारियों को जाँच में दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध विभागीय जाँच हेतु आयुक्त को प्रकरण भेजा गया है तथा वर्तमान में जाँच किस स्तर पर कब से लंबित है? **(ग)** वर्ष 2024–25 से जून, 2025 तक विभागीय जाँच में संस्थित अधिकारियों के प्रकरणों की समीक्षा मुख्यालय स्तर पर एवं मंत्रालय स्तर पर कब-कब की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** समय-समय पर विभागाध्यक्ष एवं शासन द्वारा प्रकरणों की समीक्षा की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

चिराग परियोजना अंतर्गत प्राप्त ऋण व व्यय राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

44. (क्र. 816) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रदेश में चिराग परियोजना कब से प्रभावशील है? उक्त योजना में किन-किन कार्य हेतु, किस-किस वर्ग को लाभांन्वित किये जाने हेतु क्या-क्या कार्य किये जा रहे हैं ? लाभार्थियों को प्रदान किये जाने वाले का लाभ विवरण देवें ? चिराग परियोजना के प्रारंभ से जून, 2025 तक लिए गए ऋण, ऋण के लिए दिए गए ब्याज का विवरण देंवें? **(ख)** चिराग परियोजना के प्रारंभ से जून, 2025 तक व्यय राशि का विवरण देवें? **(ग)** चिराग परियोजना के प्रारंभ से जून, 2025 तक लाभार्थियों की श्रेणी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जातिवार, जिलावार संख्या देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में चिराग परियोजना दिनांक

16.04.2021 से प्रभावशील है। चिराग परियोजना अंतर्गत छ.ग. के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लक्षित परिवारों को आय के अवसर तथा पौष्टिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में सुधार करने हेतु चयनित क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, सीमान्त एवं लघु कृषकों के परिवार, महिला मुखिया वाले परिवार आदि को प्राथमिकता देते हुये लाभान्वित किया जाना लक्षित था। इसके अंतर्गत समावेशित कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यकी तथा जल संरक्षण से सम्बंधित कार्यों तथा अपेक्षित लाभ की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। चिराग परियोजना के प्रारंभ से जून 2025 तक प्रतिपूर्ति के रूप में विश्व बैंक तथा अंतराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD) से कुल ऋण राशि रु 16.87 करोड़ प्राप्त हुआ है, अनुबंध अनुसार उक्त ऋण का भुगतान 31 जुलाई, 2026 के पश्चात् प्रारंभ किया जाना है। अतः दिये गये ब्याज की जानकारी निरंक है। **(ख)** चिराग परियोजना के प्रारंभ से जून, 2025 तक व्यय राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र- ब अनुसार** है। **(ग)** चिराग परियोजना के प्रारंभ से अब तक लाभार्थियों की श्रेणी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातिवार,जिलावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

मण्डी बोर्ड के अंतर्गत राशि की स्वीकृति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

45. (क्र. 817) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रदेश में वर्ष 2022-2023 से दिनांक 30.06.2025 तक मण्डी बोर्ड को राज्य शासन एवं जिला मण्डी समिति से किन-किन मद में कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई ? प्राप्त राशियों को किन-किन जिलों में कितने कार्यों हेतु कितनी-कितनी राशि का वितरण किया गया? जिलों से कितने कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त हुए ? प्राप्त प्रस्ताव के विरुध्द कितने कार्यों हेतु राशि की स्वीकृति प्रदान की गई ? **(ख)** प्रश्नांक **(क)** अनुसार उक्त राशि कितने कार्यों में व्यय की गई? वर्षवार, राशिवार जिलेवार जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्न **(क)** अनुसार विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के स्थानीय विधायक के द्वारा कितने कार्यों हेतु कितने प्रस्तावों में कितनी राशि की मांग की गई? उन मांगों के विरुध्द कितने कार्य स्वीकृत किये गये ? विकासखण्डवार जानकारी देवें एवं शेष कार्यो को कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जावेगी ? समयावधि बतावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में वर्ष 2022-2023 से दिनांक 30.06.2025 तक मंडी बोर्ड को राज्य शासन से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है एवं जिले के मण्डी समितियों से राज्य विपणन विकास निधि मद में रू. 78518.40 लाख, आरक्षित निधि मद में 4911.83 लाख, मंडियो को प्रदाय ऋण की वापसी मद में राशि रू. 2837.15 लाख एवं स्ववाहन ऋण वापसी मद में राशि रू. 6.53 लाख प्राप्त हुई है। आरक्षित निधि में प्राप्त राशि का उपयोग राज्य मंडी बोर्ड सेवा के पेंशनरो को पेंशन भुगतान हेतु किया जाता है। प्राप्त प्रस्ताव तथा प्राप्त प्रस्ताव के विरूद्ध राज्य विपणन विकास निधि एवं पात्रतानुसार राज्य विपणन विकास निधि से कार्यवार एवं जिलावार स्वीकृत कार्यों की संख्या एवं राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ख)**प्रश्नांक **(क)** अनुसार उक्त राशि 1319 कार्यों में व्यय की गई है। वर्षवार, राशिवार, जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ग)** प्रश्न **(क)** अनुसार विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के स्थानीय विधायक महोदय द्वारा राज्य विपणन विकास निधि से 01 प्रस्ताव में कुल 19 कार्यों हेतु राशि 689.60 लाख की मांग की गई। उन मांगों के विरूद्ध कार्य की स्वीकृति लंबित है। विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

प्रदेश में संचालित मृदा परीक्षण केंद्र तथा सेटअप

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

46. (क्र. 825) श्री धर्मजीत सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में मृदा परीक्षण हेतु कितने प्रशिक्षण केंद्र कहां-कहां पर संचालित हैं इनमें ? तथा सेटअप के अनुसार कौन-कौन से पद स्वीकृत हैं? स्वीकृत पदों के अनुरूप किन-किन केंद्रों में, कौन-कौन से पद, कब से रिक्त एवं भरे हुए हैं? **(ख)** कंडिका "क" के किन-किन केंद्र अंतर्गत कितनी कितनी हेक्टेयर कृषि भूमि आश्रित है तथा परीक्षण कराने हेतु उसकी क्या प्रक्रिया है? कब तक परीक्षण कर किसानों को रिपोर्ट प्रदान करने की समय अवधि तय की गई है? **(ग)** वर्ष 2022-2023 से जून, 2025 तक कितने किसानों के द्वारा मिट्टी परीक्षण कराया गया है तथा कितने किसानों को निर्धारित समय अवधि में रिपोर्ट प्रदान की गई है? यदि निर्धारित समय अवधि में रिपोर्ट नहीं दी जाती है तो उसका कारण क्या है एवं उसके लिए जिम्मेदार कौन है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में मृदा परीक्षण हेतु पृथक से कोई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित या संचालित नहीं हैं, अपितु राज्य स्तर पर स्थापित राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार संस्थान (समेती), रायपुर तथा अंबिकापुर, दुर्ग, पखांजूर (कांकेर) एवं जगदलपुर जिलों में स्थापित कृषक प्रशिक्षण केन्द्रों में विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। जिसमें मृदा परीक्षण एवं मृदा स्वॉस्थ्य कार्ड के उपयोग संबंधी विषय भी सम्मिलित रहते हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल 28 स्थायी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाएं संचालित है। इन प्रयोगशालाओं हेतु स्वीकृत सेटअप एवं उनके विरुद्ध भरे और रिक्त पदों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** परीक्षित किये जाने वाले मृदा नमूनों के संबंध में आश्रित भूमि का निर्धारण पृथक से नहीं किया जाता है। सामान्यतः जिन जिलों में प्रयोगशालाये स्थित है, उनके संपूर्ण मिट्टी नमूनों तथा इन प्रयोगशालाओं को स्वॉयल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजनांतर्गत अन्य जिलों से प्राप्त मिट्टी नमूनों का आवश्यकता एवं क्षमता अनुसार विश्लेषण किया जाता है। मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं में भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार नमूनों का विश्लेषण कर प्राप्त परिणामों का भारत सरकार के मृदा स्वास्थ्य कार्ड पोर्टल में इन्द्राज करने पश्चात् मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार किया जाता है। भारत सरकार द्वारा मिट्टी नमूनों के संग्रहण से मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करने हेतु 25 कार्य दिवस की समय अवधि तय की गई है। **(ग)** प्रदेश की विभिन्न मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं द्वारा वर्ष 2022-2023 से जून, 2025 तक कुल 3,78,470 किसानों की कृषि भूमियों के मिट्टी नमूनों का परीक्षण कर सभी कृषको को निर्धारित समयावधि में मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया है। अतः शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

जिला महासमुंद अंतर्गत लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रदत्त सेवा

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

47. (क्र. 833) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत कृषि विभाग की किन-किन सेवाओं या योजनाओं को सम्मिलित किया गया है? इनमें सेवा प्रदायगी की समय सीमा क्या निर्धारित है? **(ख)** उक्त सेवाओं के अंतर्गत जिला महासमुंद मे विगत तीन वर्षों में कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा समय सीमा में कितने आवेदन पंजीकृत अथवा निराकृत हुए? कृषि यंत्रो एवं उपकरणों की प्रदायगी के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए, माहवार विवरण देवें. **(ग)** चैंप्स प्रणाली अंतर्गत सम्मिलित योजनाओं को इस अधिनियम की परिधि से बाहर करने अधिसूचना कब जारी की गयी? चैम्पस प्रणाली के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने किसानो को सीधे आवेदन के समय से

पंजीकरण की सुविधा क्यों उपलब्ध नहीं हो रही है तथा वे प्रदायकों द्वारा पंजीयन किये जाने के समय पर क्यों आश्रित हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यालयो में लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत सम्मिलित सेवाओ एवं इनके सेवा प्रदायगी की सीमा की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(ख)** कंडिका "क" में उल्लेखित सेवाओ के अंतर्गत जिला महासमुन्द में विगत 03 वर्षों यथा वर्ष 2022 से 2024 तक पंजीकृत एवं निराकृत आवेदनो की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। कृषि यंत्रो एवं उपकरणो की प्रदायगी के लिये माहवार प्राप्त आवेदनो की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है। **(ग)** चेम्प्स प्रणाली में सम्मिलित सेवाओ यथा शक्ति चलित उन्नत कृषि यंत्र वितरण, शाकम्भरी योजना (पंप प्रतिष्ठापन) को लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 से बाहर करने संबंधी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। चौम्प्स प्रणाली के तहत शक्ति चलित कृषि यंत्रो के प्रदाय हेतु ऑनलाईन पंजीयन के संबंध में विभाग को प्राप्त शिकायतो के परिपेक्ष्य में जांच समिति गठित कर प्रकरण की जांच करवाई गई है। जांच समिति द्वारा वर्तमान पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में उल्लेखित तथ्यो के प्रकाश में में वर्तमान प्रणाली में में सुधार के द्वारा इसे कृषकोन्मुखी तथा पारदर्शी बनाने की कार्यवाही प्रस्तावित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

महासमुंद जिले में राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत किसानों को कृषि उपकरण एवं अनुदान राशि का वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

48. (क्र. 836) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत योजना अनुसार जनवरी, 2024 से 30 मई, 2025 तक कितने किसान हितग्राहियों को, कौन-कौन से कृषि उपकरण एवं अनुदान राशि वितरित की गई? उक्त वितरित किये गए उपकरणों में कितनी अनुदान राशि मिली? योजना अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों/ किसानों की संख्या विधानसभावार बतावें? **(ख)** प्रश्नांश "क" के अनुसार प्रश्नांकित अवधि में कौन-कौन से उपकरण की कितनी-कितनी लागत से खरीदी की गई? खरीदी हेतु क्या प्रक्रिया अपनाई गई? क्या उक्त उपकरण खरीदी, वितरण एवं हितग्राही चयन में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ तो शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) महासमुंद जिले में जनवरी, 2024 से 30 मई, 2025 तक राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत शाकम्भरी योजनांतर्गत कुल 958 हितग्राहियों को अनुदान पर सिंचाई पंप एवं राज्य पोषित जैविक खेती मिशन योजनांतर्गत कुल 450 हितग्राहियों को शत-प्रतिशत अनुदान पर अंबिका पैडी वीडर उपलब्ध कराये गये तथा राज्य पोषित फसल प्रदर्शन योजनांतर्गत पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से धान रोपाई पर प्रदर्शन हेतु कुल 18 हितग्राहियों को अनुदान दिया गया। विभागीय जानकारियों का संधारण विकासखंडवॉर किया जाता है, लाभांवित हितग्राहियों को वर्षवार, विकासखंडवॉर, योजनावार अनुदान राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के अनुसार प्रश्नांकित अवधि में 450 नग अंबिका पैडी वीडर की खरीदी की गई जिसकी कुल लागत 586156.00 रूपये है। उक्त यंत्र छ.ग. राज्य बीज निगम के पोर्टल से ऑनलाईन क्रय किया गया है। अनियमितता के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अतः शेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

महासमुंद जिला अंतर्गत बसना कृषि मंडी के कार्यो हेतु आबंटित राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

49. (क्र. 837) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- महासमुंद जिला अंतर्गत बसना कृषि मंडी में वर्ष 2022-2023 से जून, 2025 तक किस-किस कार्य के लिए, कितनी राशि आबंटित की गई है और उससे क्या-क्या कार्य किये गए हैं? कृपया जानकारी दें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : महासमुंद जिला अंतर्गत बसना कृषि मंडी में वर्ष 2022-2023 से जून, 2025 तक बाउण्ड्रीवाल, किसान कुटीर, स्वागत द्वार एवं सी. सी. रोड सहित 41 निर्माण कार्यों के लिए राशि रू. 329.09 लाख स्वीकृत की गई है, कार्यवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]**

रासायनिक खाद के लाइसेंस प्रदाय की प्रक्रिया

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

50. (क्र. 840) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राज्य में रासायनिक खाद, कीटनाशक, आर्गेनिक खाद एवं पोषक तत्वों के निर्माण, पैकेजिंग, वितरण हेतु लाइसेंस की आवश्यकता होती है? यदि हॉ, तो किन-किन खादों व कीटनाशकों के लाइसेंस किस नियम के तहत प्रदाय किये जाते हैं? लाइसेंस प्रक्रिया हेतु क्या जॉच सूची (चेक लिस्ट) है? राज्य में किन कंपनियों या एजेंसियों को कौन-कौन से रासायनिक खाद, कीटनाशक, आर्गेनिक खाद एवं पोषक तत्वों के निर्माण, पैकेजिंग एवं वितरण की अनुमति दी गयी है? जिलेवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जानकारी संकलित की जा रही है ।

उर्वरक वितरण नियंत्रण एवं अनुपात की जानकारी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

51. (क्र. 841) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- दिनांक 25 जुलाई, 2024 के प्रश्न क्रमांक 38 (क्र.823) में दिये गये उत्तर अनुसार उर्वरक रेक की 60 प्रतिशत मात्रा (आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाई जाती है) मार्कफेड द्वारा भंडारित की जाती है एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 (एफसीओ) के अंतर्गत सहकारी एवं निजी क्षेत्र में उर्वरक वितरण का अनुपात निर्धारण करने संबंधी उल्लेख नहीं है, तो सहकारी समितियों को 60 प्रतिशत या उससे अधिक उर्वरक भण्डारित करने का निर्णय किस विभाग के आदेश के तहत किया जाता है एवं निजी क्षेत्रों को दिये जाने वाले शेष प्रतिशत का निर्धारण किस विभाग के नियंत्रण/आदेश से होता है? क्या कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) को भी उर्वरक प्रदान करने का प्रावधान है? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : केन्द्र सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में सम्मिलित उर्वरक के उत्पादन, आपूर्ति, वितरण आदि को नियंत्रित करने के लिए उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 अधिसूचित किया गया है। इस परिपेक्ष्य में प्रदेश में उर्वरक की समानुपातिक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में सामान्यतः 60:40 के अनुपात में उर्वरक भंडारण किया जाता है। जी हाँ, कृषक उत्पादक संगठन अधिसूचित प्राधिकारी (उप संचालक कृषि) से थोक / खुदरा व्यवसाय हेतु नियमानुसार अभिस्वीकृति प्राप्त करने के उपरांत उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति उपयोजना तहत स्वीकृत कार्य

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

52. (क्र. 845) श्री सुशांत शुक्ला : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सत्र 2022 से जून, 2025 तक अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत कहां-कहां , कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किए गए हैं ? कार्यों के नाम, स्वीकृत राशि, व्यय राशि, पूर्ण/अपूर्ण /अप्रारंभ की जानकारी वर्षवार, कार्यवार उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के कार्यों में अनियमितता अथवा गुणवत्ताहीन सामग्री उपयोग करने की शिकायत प्राप्त हुई या विभाग के संज्ञान में आयी ? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बेलतरा विधानसभा क्षेत्र हेतु वर्ष 2022 से जून 2025 तक अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत स्वीकृति कार्य, स्वीकृत राशि, व्यय राशि, पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में अधोसंरचना विकास हेतु लागू योजनाएं

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

53. (क्र. 848) श्री इंद्र साव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के अधोसंरचना विकास एवं आदिवासियों के रोजगार से संबंधित कौन-कौन से मद की, कौन-कौन सी योजनाएं वर्तमान में लागू हैं? उस योजना के तहत कार्यो के चयन एवं राशि आबंटन की प्रक्रिया क्या है ? **(ख)** जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में कितने आदिवासी बाहुल्य ग्राम एवं ग्राम पंचायतें हैं ? विकासखण्डवार जानकारी दें ? भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम एवं ग्राम पंचायतों में विगत 02 वर्षो में किस-किस कार्य पर किन-किन योजनाओं के अंतर्गत कितनी राशि खर्च की गई ? किन-किन योजनाओं द्वारा कितने कार्यो के लिए राशि स्वीकृत की गई थी जिसमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं कितने कार्य अपूर्ण एवं लंबित हैं ? विकासखण्डवार जानकारी दें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के अधोसरंचना विकास एवं आदिवासियों के रोजगार से संबंधित वांछित जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-"अ"** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक "ख" में चाही गई जानकारी **पुस्ताकालय में रखे प्रपत्र-"ब" एवं "स"** अनुसार है।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के उद्योगों एवं खदानों से पर्यावरण प्रदूषण की जांच

[आवास एवं पर्यावरण]

54. (क्र. 850) श्री इंद्र साव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत कितने उद्योग एवं खदानें संचालित हैं तथा इन उद्योगों से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है ? प्राप्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई है ? 01 जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक की जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार विधानसभा क्षेत्र भाटापारा अंतर्गत विकासखण्ड-सिमगा के ग्राम रिंगनी स्थित एपीएल अपोलो प्लांट से निकलने वाले जल के प्रदूषण के कारण खेतों में ट्यूब वेल से एसिडयुक्त पानी निकलने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? प्राप्त शिकायतों पर एपील अपोलो प्लांट के उपर अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ? जानकारी दें ? **(ग)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संचालित उद्योगों एवं खदानों के द्वारा पर्यावरण प्रदूषण के शिकायत की प्रश्नांकित अवधि में

कब-कब, किस अधिकारी के द्वारा जांच की गई ? जांच में दोषी पाये जाने वाले उद्योगों पर किस प्रकार की, क्या कार्यवाही की गई है ? विस्तृत विवरण दें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से जल एवं वायु सम्मति प्राप्त 542 उद्योग एवं 126 खदानें संचालित हैं। दिनांक 01/01/2024 से 30/06/2025 तक की अवधि में उपरोक्त उद्योगों/खदानों से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के संबंध में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र** के कॉलम 08**अनुसार** है।**(ख)**भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड-सिमगा के ग्राम रिंगनी एवं केसदा स्थित मेसर्स एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से निकलने वाले जल के प्रदूषण के कारण खेतों में ट्यूब बेल से एसिडयुक्त पानी निकलने की कुल 02 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र** के सरल क्रमांक-03एवं 04 **अनुसार** है।**(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र** के कॉलम 05, 06, 07 एवं 08 **अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

कौशल्या माता विहार अंतर्गत आवसीय योजना में फ्लैटों के निर्माण में विलंब

[आवास एवं पर्यावरण]

55. (क्र. 853) श्री मोतीलाल साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही कौशल्या माता विहार योजना के तहत कितने फ्लैटों का निर्माण प्रस्तावित था ? **(ख)** इन फ्लैटों का निर्माण कार्य कब प्रारंभ हुआ था और नियमानुसार इनका निर्माण कब तक पूर्ण हो जाना था ? **(ग)** जून, 2025 तक कितने फ्लैटों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है और कितने शेष है ? **(घ)** निर्माण कार्य में कितने वर्षों की देरी हुई है तथा इसका प्रमुख कारण क्या है ? **(ड.)** शेष फ्लैटों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर हितग्राहियों को पजेशन दिया जाएगा ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही कौशल्या माता विहार योजना के तहत कुल 5824 फ्लैटों का निर्माण प्रस्तावित था।**(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम 4 एवं 5 अनुसार** है।**(ग)** जून, 2025 तक 5216 फ्लैटों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है और 608 फ्लैट का निर्माण कार्य शेष है**(घ) जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम 7 अनुसार** है। निर्माण कार्य में देरी के प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं (1) कोविड के प्रथम एवं द्वितीय लहर के कारण। (2) यह योजना स्ववित्तीय योजना हैं, जिसमे अनेक हितग्राहियों द्वारा निर्धारित समयावधि में भुगतान नहीं करने के कारण ठेकेदारों को किये जाने वाले चल देयकों के भुगतान में हुए विलंब के कारण। **(ड.)** शेष फ्लैटों का निर्माण कार्य संभावित दिसम्बर-2025 तक पूर्ण कर हितग्राहियों को पजेशन दिया जाएगा।

[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

प्रयास आवासीय विद्यालयों में कोचिंग संस्था के चयन हेतु जारी निविदा में अनियमितता

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

56. (क्र. 877) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कोचिंग संस्थाओं के चयन हेतु प्रथम एवं द्वितीय निविदा की अंतिम तिथि तक प्रयास आवासीय विद्यालयवार, उनके निविदा क्रमांकवार, कितने आवेदन प्राप्त हुए? कितने निविदाकार पात्र पाए गए? अपात्र निविदाकारों के कौन-कौन से अभिलेख अपूर्ण पाए गए थे? **(ख)** ऑनलाइन निविदा भरने से संबंधित समस्या पर निविदाकारों से प्रीबीड मीटिंग में या इसके पश्चात्

कब-कब अभ्यावेदन प्राप्त हुआ? प्रथम निविदा निरस्त करने का निर्णय किस आधार पर समिति की किस बैठक में लिया गया? **(ग)** द्वितीय निविदा में किन-किन विद्यालयों में एकल टेंडर को स्वीकृति प्रदान की गई? एकल टेंडर की स्वीकृति किस स्तर से ली गई है? **(घ)** चयनित कोचिंग संस्थाओं से अनुबंध किस स्तर के अधिकारी द्वारा कब-कब किया गया तथा कार्यादेश कब-कब जारी किया गया? प्रयास आवासीय विद्यालयवार एवं टेंडरवार बताएं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र - 'अ' अनुसार** है। **(ख)** ऑनलाईन निविदा भरने से संबंधित समस्या पर निविदाकारों से प्री-बीड मीटिंग दिनांक 29.07.2024 को अभ्यावेदन प्राप्त हुए। प्रथम निविदा में पर्याप्त प्रस्ताव प्राप्त न होने के कारण निरस्त करने का निर्णय दिनांक 17.10.2024 की बैठक में लिया गया। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र - 'ब' अनुसार** है। **(घ)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र - 'स' अनुसा**र है।

रासयनिक उर्वरक, बीज आदि की मांग तथा पूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

57. (क्र. 879) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खरीफ वर्ष 2025-26 में जून, 2025 की स्थिति में रासायनिक उर्वरक तथा बीज का वितरण, लक्ष्यपूर्ति-निजी क्षेत्र एवं सहकारी क्षेत्र का, अलग-अलग उर्वरक के प्रकार एवं बीज की प्रजातिवार बताएं? बीज के स्रोत एवं मात्राएं भी बताएं? **(ख)** रासायनिक उर्वरक तथा बीज की क्रय दरें तथा विक्रय दरें क्या-क्या है? **(ग)** किस प्रकार के उर्वरकों तथा बीजों की पूर्ति किसानों की मांगों के अनुरूप समय पर नहीं की जा सकी और उसके कारण क्या हैं? जिलेवार जानकारी देवें? **(घ)** खरीफ सीजन, 2024 समाप्त होने पर रासायनिक उर्वरक तथा बीज की कितनी-कितनी मात्राएं कहां-कहां शेष रही थी? जिलेवार बताएं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) खरीफ वर्ष 2025 में जून, 2025 की स्थिति में सहकारी एवं निजी क्षेत्र में उर्वरकवार लक्ष्य, भण्डारण एवं वितरण एवं बीज (शासकीय क्षेत्र) की स्त्रोतवार, फसलवार, किस्मवार मांग, भण्डारण एवं वितरण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-द अनुसार** है। **(ख)** रासायनिक उर्वरक तथा बीज की क्रय तथा विक्रय दर की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-इ अनुसार** है। **(ग)** वैश्विक परिस्थितियों के फलस्वरूप मांग अनुसार डी.ए.पी. उर्वरक की कम आपूर्ति के दृष्टिगत वैकल्पिक उर्वरक एन.पी.के. सिंगल सुपर फास्फेट की अनुशंसित मात्रा का भण्डारण कराया जा रहा है। इसी प्रकार मांग अनुसार बीजों का भण्डारण समय पर किया जा रहा है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।**(घ)** खरीफ वर्ष 2024 समाप्त होने पर जिलेवार रासायनिक उर्वरक एवं बीज की बचत मात्रा की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स एवं प्रपत्र-फ अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

छ.ग. हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत जर्जर मकान का तोड़कर नवीन मकान निर्माण

[आवास एवं पर्यावरण]

58. (क्र. 884) श्री रिकेश सेन : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या छ.ग. हाउसिंग बोर्ड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में निर्मित 724 जर्जर मकान को तोड़कर उसी स्थान पर नवीन मकान निर्माण के संबंध में विधानसभा में घोषणा व आश्वासन दिया गया था? यदि हां, तो इस संबंध में जून, 2025 तक क्या कार्यवाही की गई है, अवगत करावें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : जी नहीं। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

अनुसूचित क्षेत्र में वनाधिकार पट्टों का वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

1. (क्र. 9) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वन विकास निगम क्षेत्रों में सामुदायिक वनाधिकार पट्टा देने के क्या नियम हैं? **(ख)** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में कितने सामुदायिक वनाधिकार पत्रक का वितरण किया गया है एवं कितने आवेदित मामले लंबित हैं? लंबित होने के क्या कारण हैं? **(ग)** क्या जिले में दिशा समिति की बैठक में सामुदायिक वनाधिकार पत्रक कुल 07 ग्राम पंचायतों को दिया गया है जिसमें से मोहला विकासखंड अंतर्गत 03 जारी किए गए वनाधिकार पट्टों को वापस ले लिया गया है? यदि हां तो क्यों? **(घ)** क्या वन विकास निगम क्षेत्रों में सामुदायिक वनाधिकार पट्टा वितरण किया जा सकता है? यदि हॉ तो मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में क्यों नहीं किया जा रहा है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वन अधिकार अधिनियम, 2006 के धारा 2(घ) अनुसार ''वन भूमि'' से किसी वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली किसी प्रकार की भूमि अभिप्रेत है और उसके अंतर्गत अवर्गीकृत वन, असीमांकित विद्यमान वन या समझे गए वन, संरक्षित वन, आरक्षित वन, अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान भी हैं, में सामुदायिक वन अधिकार दिए जा सकते हैं। **(ख)** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 319 सामुदायिक वन अधिकार पत्रों का वितरण किया गया है एवं कोई भी आवेदित मामले लंबित नहीं है।**(ग)** जिले में दिशा समिति की बैठक में सामुदायिक वन अधिकार पत्र का वितरण नहीं किया गया है। **(घ)** प्रश्नांश (क) के उत्तर अनुसार वन विकास निगम क्षेत्रों में सामुदायिक वन अधिकार पत्रों का वितरण किया जा सकता है। जिले में 319 सामुदायिक वन अधिकार पत्रों का वितरण किया गया है एवं कोई भी आवेदित मामले लंबित नहीं हैं।

प्रदेश में रासायनिक खाद/उर्वरक एवं बीज की आपूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

2. (क्र. 27) श्री अजय चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जून, 2025 की स्थिति में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिये कौन-कौन से, कितनी-कितनी मात्रा में रासायनिक खाद/उर्वरक एवं बीज की मांग प्राप्त हुयी है? मांग के विरूद्ध कितनी-कितनी मात्रा प्राप्त हुई तथा प्राप्त खाद/उर्वरक के अनुसार कितनी मात्रा में और आवश्यकता होगी? उसकी आपूर्ति हेतु सरकार ने क्या कार्ययोजना बनायी है? **(ख)** प्रश्नांक''क'' सहकारी/निजी क्षेत्रों को खाद-बीज देने हेतु शासन की नीति क्या है? क्या दर निर्धारित की गयी है तथा किस अनुपात में कितनी-कितनी मात्रा में दी गयी तथा किन-किन निजी संस्थाओं को दी गयी ? इनमें से कितनी ऐसी निजी संस्थायें हैं, जो ब्लैक लिस्टेड हैं और उन्हें पुनः वितरण हेतु खाद उर्वरक दिये गये?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं **(ख) जानकारी संकलित की जा रही है।**

स्वायल हेल्थ कार्ड योजनांतर्गत केमिकल खरीदी में भंडार क्रय नियम का उल्लंघन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

3. (क्र. 131) श्री राजेश मूणत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि विधानसभा सत्र दिनांक 19.02.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 42 (क्र.1750), सत्र 25 जुलाई, 2024 में परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 673), सत्र 20 दिसम्बर, 2024 अतारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 119) एवं सत्र 3 मार्च, 2025 परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 85) के उत्तर में यह स्वीकार किया गया है कि कैलेण्डर वर्ष 2021 से 2023 में कृषि विभाग के स्वायल हेल्थ कार्ड योजनांतर्गत केमिकल खरीदी में भंडार क्रय नियम के उल्लंघन की प्रारंभिक जांच में अधिकारीगण दोषी पाए गए ? यदि हाँ तो, डेढ़ वर्षों से कार्रवाई प्रक्रियाधीन के नाम पर दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? **(ख)** प्रश्नांक (क) में उल्लेखित दोषियों को संरक्षण देने वाले अधिकारीगणों के खिलाफ शासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाएगी ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं **(ख) जानकारी संकलित की जा रही है।**

मंडी बोर्ड के तहत स्वीकृत कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

4. (क्र. 132) श्री राजेश मूणत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि विधानसभा सत्र दिनांक 19.03.2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र.1731) के उत्तर में यह बताया गया था कि रायपुर नगर में मंडी बोर्ड के कृषक कल्याण निधि से कार्यों की स्वीकृति हेतु शासन स्तर पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है ? यदि हाँ तो यह प्रक्रियाधीन कार्रवाई कब तक पूर्ण हो पायेगी ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हाँ, कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नही है।

महासमुन्द जिला अंतर्गत चिन्हांकित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के ग्राम

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

5. (क्र. 313) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला महासमुन्द के अंतर्गत वर्ष 2022 से जून, 2025 तक कितने एवं किन - किन ग्रामों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चिन्हांकित किया गया है? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के चिन्हांकित ग्रामों में कितनी-कितनी राशि के कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किये गये? स्वीकृत कार्यो हेतु कार्य एजेंसी कौन-कौन थी? कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे ? **(ग)** स्वीकृत कार्यो में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई एवं प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला महासमुन्द के अन्तर्गत वर्ष 2022 से जून 2025 तक वर्ष 2022-23 में 07 ग्रामों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चिन्हांकित किये गये। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** वर्ष 2022-23 में चयनित 07 ग्रामों के लिये ग्राम विकास योजना (व्ही0डी0पी0) कार्य प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है। भारत सरकार से राशि अप्राप्त होने के कारण कार्यों की स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

विधानसभा क्षेत्र महासमुन्द के अंतर्गत किसान सम्मान निधि हेतु प्राप्त आवेदन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

6. (क्र. 318) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र महासमुन्द में वर्ष 2023-2024 से जून, 2025 तक विभाग में कुल कितने किसानों ने किसान सम्मान निधि एवं कृषि यंत्र एवं ऋण में छूट संबंधी कितने आवेदन दिये हैं? विभाग ने कितने किसानों को पात्र एवं अपात्र की श्रेणी में रखा है? विवरण वर्षवार, विकासखण्डवार देवें? **(ख)** प्रश्नांक (क) अनुसार कितने किसानों को किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्र एवं अन्य प्रकरण संबंधी लाभ प्रदाय किया गया है एवं कितने शेष हैं? विवरण देवें ? **(ग)** शेष किसानों को कब तक उक्त योजनाओं से लाभान्वित किया जावेगा? बतावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से सम्बद्ध विकासखण्ड महासमुंद में वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक् प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु विभाग में प्राप्त आवेदनों एवं पात्र/अपात्र कृषकों की वर्षवार, योजनावार, विकासखण्डवार संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी की **जानकारी क्रमशः संलग्न प्रपत्र अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** हैं। विधान सभा क्षेत्र महासमुंद में वर्ष 2023-24 से जून 2025 तक किसानो से ऋण में छुट संबंधी कोई आवेदन प्राप्त नही हुए है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं कृषि यंत्र/उपकरण पर अनुदान से लाभांवित कृषकों तथा शेष प्रकरणों की योजनावार, वर्षेवार संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी की **जानकारी क्रमशः संलग्न प्रपत्र अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** शेष प्रकरणों के निराकरण संबंधी **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में मंडी बोर्ड के तहत् स्वीकृत निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

7. (क्र. 414) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-सिहावा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021 से जून, 2025 तक मंडी बोर्ड में कुल कितनी राशि के निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? उनमें से कितने पूर्ण तथा कितने अपूर्ण हैं तथा कितनों की स्वीकृति दिया जाना प्रस्तावित/लंबित है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : सिहावा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2021 से जून, 2025 तक मंडी बोर्ड में राशि रू. 219.79 लाख के 05 निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये हैं, उनमें से 03 पूर्ण तथा 02 अपूर्ण हैं तथा लागत रू. 334.57 लाख के 15 कार्यों के प्रस्ताव लंबित है।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में सुशासन दिवस के दौरान प्रकरणों का निराकरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

8. (क्र. 415) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत "सुशासन तिहार" के तहत् विकास हेतु अनुसूचित जनजाति एवं कमार जनजाति से संबंधित कितनी शिकायतें/मांग हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये ? नाम, स्थानवार, सूची सहित जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के तहत् कितने आवेदनकर्ताओं की शिकायतें/मांग का निराकरण किया गया है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत "सुशासन तिहार" के तहत विकास हेतु अनुसूचित जनजाति एवं कमार जनजाति से कुल 51 मांग के आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** प्रश्नांक "क" के तहत् विकास हेतु प्राप्त कुल 51 आवेदन में से 13 आवेदनकर्ताओं के आवेदनों का जिला स्तर से निराकरण किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

लैलूंगा विधानसभा अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा किसानों के वर्मी कंपोस्ट खाद हेतु टंकी निर्माण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

9. (क्र. 430) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा कितने किसानों के वर्मी कंपोस्ट खाद हेतु टंकी का निर्माण कराया गया? जिसमें कितने रुपए की लागत राशि दी गई ? उक्त कार्य विभाग द्वारा कराया जाना था या खुद किसानों के खाते में राशि जानी चाहिए थी? या ठेकेदारी प्रथा से कार्य कराया जाना था ? जानकारी प्रदान करें? **(ख)** क्या विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत हजारों किसानों के नाम से वर्मी कंपोस्ट खाद निर्माण मुंगेली के ठेकेदार द्वारा विभागीय सेंड गार्ड से कराया गया ? यदि हाँ तो, उक्त भ्रष्टाचार में शामिल दोषी कर्मचारियों अधिकारियों पर कब तक कार्यवाही की जाएगी? जानकारी देवे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2019-20 में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र से सम्बद्ध विकासखण्ड-लैलूंगा में कृषि विभाग द्वारा 780 किसानों के लिए वर्मी कम्पोस्ट टैंक निर्माण हेतु अनुदान राशि रूपये 44.69 लाख दी गई है। योजना अंतर्गत जारी दिशा निर्देशानुसार कृषकों द्वारा स्वयं निर्माण किये जाने पर अनुदान राशि कृषकों को दिया जाना प्रावधानित है। **(ख)** प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड लैलूंगा के 104 कृषकों द्वारा वर्मी टैंक का स्वयं निर्माण किया गया है जिन्हें राशि रू. 6.24 लाख का अनुदान कृषकों के बैंक खाते मे हस्तांतरित की गई है। शेष 676 कृषकों द्वारा जय किसान सेवा समिति धनगांव, जिला-मुंगेली के माध्यम से निर्माण कराया गया है । कृषकों से प्राप्त सहमति पत्र के आधार पर सम्बन्धित संस्था को अनुदान राशि रू. 38.45 लाख का भुगतान किया गया है।" उक्त प्रकरण वर्तमान में संज्ञान में आया है, इसकी जांच हेतु निर्देश पृथक से जारी किये जा रहे है. प्रतिवेदन प्राप्त होने पर गुण दोष के आधार पर यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी.

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कृषि योजनाओं के लाभ से वंचित कृषक

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

10. (क्र. 443) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचालित सहकारी समितियों एवं कृषि सेवा केंद्र द्वारा खाद, बीज एवं दवाईयों की समय पर आपूर्ति नहीं की जा रही है? यदि हां तो क्यों ? **(ख)** वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक में फसल बीमा योजना एवं इनपुट सब्सिडी जैसी योजनाओं का कितने किसानों को लाभ मिला है और कितने आवेदन अब भी लंबित या अस्वीकृत हैं? कृपया योजनावार, विकासखण्डवार बताएं ? **(ग)** विभाग द्वारा गांवों में मृदा परीक्षण, कृषि परामर्श, कीट प्रबंधन जैसी वैज्ञानिक कृषि सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु क्या कार्यवाही की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र से संबद्ध बिलाईगढ़ एवं कसडोल विकासखण्ड की सहकारी समितियों में रसायनिक उर्वरक एवं बीज की आपूर्ति समय पर की

जा रही है। कीटनाशी रसायनों की आपूर्ति सहकारी समितियों से नहीं अपितु निजि कृषि सेवा केन्द्रों/संस्थाओं द्वारा की जाती है अतः शेष जानकारी निरंक है। **(ख)** वर्ष 2023-24 से जून 2025 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं इनपुट सब्सिडी योजना (कृषक उन्नति योजना) अंतर्गत लाभान्वित किसानों की संख्या की वर्षवार, विकासखण्डवार, योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है। उक्त दोनो योजनाओं में किसानो द्वारा आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता अपितु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत प्रीमियम राशि के भुगतान उपरान्त योजना के प्रावधान अनुसार फसल क्षति होने पर बीमा राशि का भुगतान किसानों को किया जाता हैं तथा कृषक उन्नति योजना अन्तर्गत पंजीकृत पात्र किसानों को योजना अन्तर्गत पात्रता अनुसार दान सहायता राशि का भुगतान किया जाता है। **(ग)** विभाग द्वारा कसडोल विकासखण्ड में वर्ष 2023-24 में 1820 एवं वर्ष 2024-25 में 1006 कृषकों को तथा बिलाईगढ़ विकासखण्ड में वर्ष 2023-24 में 798 एवं वर्ष 2024-25 में 1148 कृषकों के खेतो की मिट्टी का परीक्षण कर स्वायल हेल्थ कार्ड प्रदाय किया गया है। साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं के अन्तर्गत कसडोल विकासखण्ड में वर्ष 2023-24 में 69 एवं वर्ष 2024-25 में 67 प्रशिक्षण एवं कृषक संगोष्ठी तथा बिलाईगढ़ विकासखण्ड में वर्ष 2023-24 में 7 एवं वर्ष 2024-25 में 12 प्रशिक्षण एवं कृषक संगोष्ठी आयोजित कर कृषकों को फसल एवं कीट प्रबंधन जैसे विषयों की जानकारी दी गई।

[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

प्रदेश में जीएसटी की अवैध वसूली की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[वाणिज्यिक कर]

11. (क्र. 489) श्री देवेन्द्र यादव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या प्रदेश में जी.एस.टी. के अंतर्गत नियमानुसार कर वसूली से अधिक वसूली किये जाने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो उक्त दोषी पर क्या कार्यवाही की गयी है? जानकारी देवें? **(ख)** क्या अंबिकापुर के व्यापारियों से जी.एस.टी. की अवैध वसूली के संबंध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां,तो उक्त क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : प्रश्नांश **(क)** एवं **(ख)** के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में आर.ई.डी. योजना के तहत प्राप्त आबंटन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

12. (क्र. 513) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022-23 से 20 जून, 2025 तक आर.ई.डी. योजना के अंतर्गत विभाग को कितनी-कितनी राशि का आबंटन प्राप्त हुआ तथा प्राप्त आबंटन से कहॉ-कहॉ पर, किन-किन किसानों को, क्या-क्या लाभ प्रदान किया गया ? विकासखण्डवार, वर्षवार, जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : प्रश्नाधीन अवधि में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से सम्बद्ध विकासखण्ड छुरिया एवं अम्बागढ़ चौकी में केन्द्र प्रवर्तित रेनफेड एरिया डेव्हलपमेंट (आर.ए.डी) योजना के तहत वर्षवार, विकासखंडवार आंबटित राशि एवं उससे ग्रामवार, सामग्रीवार लाभान्वित कृषको की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

<u>उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों/स्व सहायता समूहों को पैक हाउस एवं शेडनेट हाउस हेतु प्रदत्त अनुदान</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

13. (क्र. 514) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में 2022-23 से दिनांक 20.06.2025 तक उद्यानिकी विभाग को कितनी राशि का आबंटन प्राप्त हुआ है और प्राप्त आबंटन से कितने किसानों एवं स्व सहायता समूहों को पैक हाउस एवं शेडनेट हाउस के लिए कितना-कितना अनुदान प्रदान किया गया है ? अनुदान से लाभान्वित हितग्राहियों के नाम, स्थान एवं लागत सहित वर्षवार विधानसभावार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' में निर्मित पैक हाउस एवं शेडनेट हाउस का भौतिक सत्यापन किन-किन के द्वारा कब-कब किया गया और भौतिक सत्यापन में क्या-क्या पाया गया? वर्षवार, दिनांकवार, विधानसभावार जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं-चौकी जिले में वर्ष 2022-23 से दिनांक 20.06.2025 तक उद्यानिकी विभाग को राशि रु. 2616.95 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवंटन से 77 किसानो को पैक हाउस हेतु राशि रु 154.00 लाख एवं 30 किसानो को शेडनेट के लिए राशि रु. 293.14 लाख अनुदान दिया गया है तथा प्रश्नाधीन अवधि तक किसी भी स्व-सहायता समूह को शेड नेट हाउस एवं पैक हाउस निर्माण हेतु अनुदान से लाभान्वित नहीं किया गया है। वर्षवार प्राप्त आवंटन, अनुदान एवं विधानसभा क्षेत्रवार, हितग्राहीवार, लागतवार जानकरी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ**एवं**प्रपत्रब अनुसार** है। **(ख)** कंडिका "क" में निर्मित पैक हाउस का भौतिक सत्यापन विभागीय अधिकारियो द्वारा एवं शेडनेट हाउस का भौतिक सत्यापन प्रभारी प्रीसीजन फार्मिंग डेवलपमेंट सेंटर (पी. एफ़. डी. सी.) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा किया गया है। भौतिक सत्यापन में पाये गये तथ्यों एवं वस्तुस्थिति की विधानसभा क्षेत्रवार, वर्षवार, दिनांकवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ब अनुसार** है।

<u>छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधीन क्वींस क्लब रायपुर का संचालन</u>

[आवास एवं पर्यावरण]

14. (क्र. 524) श्री संदीप साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा विधायक कॉलोनी में स्थित क्वींस क्लब, रायपुर को सर्वप्रथम संचालन हेतु किस संस्था को कब, किन शर्तों व अनुबधों के आधार पर संचालन हेतु हस्तांतरित किया गया है? शर्तों एवं अनुबंध के उल्लंघन में कब-कब, क्या-क्या अनियमितताएं पायी गई? छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कब-कब क्या कार्यवाही की गई है? क्लब संचालक से कितनी राशि की वसूली शेष है, वसूली हेतु क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** वर्तमान में क्वींस क्लब का संचालन हेतु किस संस्था को कब, किन शर्तों व अनुबधों के आधार पर कितने वर्षों के लिए सौंपा गया है? क्वींस क्लब में क्या-क्या सुविधाएं मिल रही हैं? क्या अनुबंधित नियमों एवं शर्तों का पालन हो रहा है, इसका निरीक्षण वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक कब-कब किस सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया है? निरीक्षण में क्या-क्या कमियॉं पायी गई तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई ? निरीक्षणकर्ता प्राधिकारी का नाम एवं पदनाम सहित जानकारी देवें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) :(क)छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा विधायक कॉलोनी में स्थित क्वींस क्लब, रायपुर को सर्वप्रथम संचालन हेतु अनुबंध छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं एमीनेंट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. द्वारा संचालक श्री हरबक्श सिंह बत्रा के मध्य दिनांक 10.02.2009 को अनुबंध क्रमांक 57/2008-09 निष्पादित किया गया है। निष्पादित अनुबंध की मुख्य शर्तों के संबंध में अनुबंध की प्रति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** हैं। शर्तों एवं अनुबंध के उल्लंघन की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** हैं।

अनुबंध के शर्तों के उल्लंघन फलस्वरुप नियमानुसार सूचना जारी करते हुए दिनांक 15.03.2024 को अनुबंध निरस्त कर मण्डल द्वारा दिनांक 17.03.2024 को क्लब का भौतिक आधिपत्य ले लिया गया है। क्लब वर्तमान में मण्डल के आधिपत्य में है। क्लब के पूर्व अनुबंधित संचालक एमीनेंट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. प्रो. श्री हरबक्श सिंह बत्रा से संपत्ति कर के विरूद्ध राशि रू. 46,72,843.00, लंबित लायसेंस फीस राशि रू. 34,75,337.00 तथा विद्युत खपत दिनांक 06.04.2024 कि स्थति में देयक राशि रु. 3118400.00 इस प्रकार कुल राशि रू. 1,12,66,580.00 वसूली योग्य है, जिस हेतु कार्यालयीन पत्र क्रमांक 2605, दिनांक 27.07.2024, पत्र क्रमांक 2572, दिनांक 22.08.2024 एवं पत्र क्रमांक 2574, दिनांक 22.08.2024 के माध्यम से जमा करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।**(ख)**वर्तमान में क्वींस क्लब का संचालन हेतु किसी भी संस्था को सौंपा नहीं गया है। वर्तमान में क्वींस क्लब का संचालन छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा किया जा रहा है।

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित भवनों के विक्रय के नियम

[आवास एवं पर्यावरण]

15. (क्र. 526) श्री संदीप साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित स्वतंत्र भवन एवं बहुमंजिला भवन (एलआईजी एवं इडब्ल्यूएस भवन) की खरीदी के उपरांत हितग्राही के द्वारा संपूर्ण भुगतान किए जाने के बाद भवन का विक्रय विलेख करने का क्या नियम है? **(ख)** क्या हितग्राही के द्वारा भवन का संपूर्ण भुगतान किए जाने के बाद भी रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित स्वतंत्र भवन एवं बहुमंजलि भवन (एलआईजी एवं इडब्ल्यूएस भवन) को 10 वर्षों तक विक्रय विलेख नहीं करने संबंधी कोई आदेश प्रसारित किया गया है? यदि हां तो क्यों एवं तत्संबंध में नियमों/प्रावधानों की जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) फ्लैट की सम्पूर्ण कीमत अदायगी के तत्काल बाद विक्रय विलेख का निष्पादन कराया जा सकता हैं। भारतीय स्टाम्प (छत्तीसगढ़ लिखतों का न्यून मूल्यांकन विवरण) नियन 1975 की धारा 25 (3) ख के तहत सम्पूर्ण प्रब्याजि भुगतान की 06 माह की तिथि तक पंजीयन कराया जाना होता हैं।**(ख)**जी, नहीं। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कृषकों हेतु संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी बाबत्

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

16. (क्र. 532) श्री ललित चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 01 जनवरी 2023 से 21.06.2025 तक कृषकों हेतु संचालित हो रहे लघुत्तम सिंचाई, तालाब निर्माण योजना, भू-जल संवर्धन एवं सूक्ष्म सिंचाई योजना, नलकूप खनन के तहत् कितनी-कितनी राशि अनुदान हेतु निर्धारित की गई थी ? योजनावार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध उक्त अवधि में कितने-कितने कार्यो की पूर्ति तथा कितने कृषकों को योजनावार कितना-कितना अनुदान दिया गया है? ग्रामवार, वर्षवार हितग्राहियो की जानकारी दें। **(ग)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित अवधि में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कृषि उपकरणों के अनुदान के लिए शासन द्वारा कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई ? वर्षवार जानकारी देवें? किसानो को कौन-कौन से उपकरण प्रदाय हेतु, प्रदायकर्ता एजेन्सी को उनके खातों में कितनी-कितनी अनुदान राशि जमा की गयी ? उपकरणों की कीमत एवं किए गए भुगतान का विवरण ग्रामवार, वर्षवार हितग्राहियों की जानकारी सहित देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) कृषि विभाग में भू-जल संवर्धन योजना एवं तालाब निर्माण योजना संचालित नही है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से संबद्ध विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत 01

जनवरी 2023 से 21 जून 2025 तक सूक्ष्म सिंचाई एवं नलकूप खनन हेतु संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं में किसानों को देय अनुदान प्रावधान की योजनावार **जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-अ अनुसार** है। प्रश्नाधीन अवधि में दुर्ग विकास खंड में लघुत्तम सिंचाई योजना के तहत सिचाई तालाब की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। **(ख)** प्रश्नांश "क" में उल्लेखित योजनाओं के तहत निर्धारित भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध पूर्ति एवं भुगतान की गई अनुदान राशि तथा लाभान्वित कृषकों की वर्षवार, योजनावार, ग्रामवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** प्रश्नांश "क" की अवधि में कृषि उपकरणों पर अनुदान भुगतान हेतु प्रदान की गई राशि का वर्षवार, ग्रामवार, योजनावार, उपकरणवार, प्रदायकर्ता एजेन्सीवार हितग्राहीवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स, प्रपत्र -द एवं प्रपत्र -इ अनुसार** है।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में संचालित उद्योग

[आवास एवं पर्यावरण]

17. (क्र. 533) श्री ललित चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बड़े, मंझोले एवं सूक्ष्म स्तर के कितने-कितने उद्योग संचालित हैं ? इसमें केमिकल या उससे जुड़े उत्पाद बनाने वाले कितने उद्योग हैं ? **(ख)** कंडिका 'क' के संचालित उद्योगों की जांच जनवरी, 2023 से 20.06.2025 तक किन-किन अधिकारियों द्वारा की गई ? निरीक्षण में किन-किन उद्योगों/संयंत्रों में निर्धारित पर्यावरणीय नियमों एवं विभागीय निर्देशों की अवहेलना पायी गई ? विभाग द्वारा उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के संचालित उद्योगों में वायु प्रदूषण की मात्रा को कम करने हेतु क्या विभाग द्वारा उद्योगों में विशेष यंत्र लगाने हेतु अनिवार्य निर्देश जारी किये गये हैं? यदि हां तो निर्देश की प्रति उपलब्ध करावें ? प्रदूषण को रोकने के लिए कौन-कौन से उपाय किये जा रहे हैं ? जानकारी दें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में वृहद/मध्यम श्रेणी के 15 एवं लघु श्रेणी के 124 उद्योग स्थापित/संचालित है। इसमें केमिकल या उससे जुड़े उत्पाद बनाने उद्योगों की संख्या निरंक हैं।**(ख)** प्रश्नांश 'क' के संचालित उद्योगों की जॉच प्रश्नांश अवधि में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, मुख्य रसायनज्ञ, कनिष्ठ वैज्ञानिक एवं रसायनज्ञ द्वारा की गई है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ग)** जी हाँ। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु उद्योगों को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा जारी सम्मति में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपस्करों यथा ईएसपी, बैग फिल्टर, स्क्रबर, डस्ट कलेक्टर स्थापित किये जाने की शर्त निहित की जाती है। नमूने के रूप में सम्मति की प्रति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- ब अनुसार** है। प्रदूषण को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा उद्योगों का नियमित निरीक्षण कर उपरोक्तानुसार उपस्करों का नियमित संचालन सुनिश्चित कराया जाता है तथा प्रदूषण की स्थिति पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाती है।

डीएपी खाद की मांग एवं उपल्ब्धता

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

18. (क्र. 555) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** बिलासपुर जिले में किसानों द्वारा वर्ष 2024 में कितनी मात्रा में डीएपी खाद की मांग की गई थी और कितनी मात्रा में डीएपी खाद प्रदान किया गया था? **(ख)** वर्ष 2025 में कितनी मात्रा में डीएपी खाद की मांग प्राप्त हुई है और कितनी मात्रा में डीएपी खाद की उपल्ब्धता है? **(ग)** डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने पर डीएपी के स्थान पर कौन-कौन से खाद प्रदान किए जा रहे हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) खरीफ एवं रबी वर्ष 2024-25 में बिलासपुर जिले के लिए कुल 14600 मे.टन डी.ए.पी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरूद्ध कुल 20180 मे.टन डी.ए.पी की आपूर्ति की गई। मौसमवार विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** खरीफ वर्ष 2025 में बिलासपुर जिले के लिए 13400 मे.टन डी.ए.पी. का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरूद्ध दिनांक 01.04.2025 से 30.06.2025 तक 6551 मे.टन डी.ए.पी. की आपूर्ति हो चुकी है। साथ ही गत वर्ष 2024-25 के स्कंध में से 2260 मे. टन डी.ए.पी. शेष बचत के रूप में उपलब्ध है। इस प्रकार बिलासपुर जिले में कुल 8811 मे. टन डी.ए.पी. उर्वरक उपलब्ध है, विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ग)** फास्फोरस की प्रदायगी हेतु डी.ए.पी के विकल्प के रूप में एन.पी. के., एस. एस.पी तथा तरल नैनो उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

पर्यावरण क्लीयरेंस का प्रदाय

[आवास एवं पर्यावरण]

19. (क्र. 556) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पर्यावरण विभाग द्वारा विधानसभा कोटा क्षेत्रांतर्गत कौन कौन से उद्योग फैक्ट्री कारखाना कोल डिपो सहित अन्य व्यवसायिक संस्थानों को पर्यावरण क्लीयरेंस कब से कब तक के लिये प्रदान किया गया है? **(ख)** कौन-कौन से उद्योग फैक्ट्री कारखाना कोल डिपो सहित अन्य व्यवसायिक संस्थानों द्वारा समयावधि समाप्त होने के पश्चात नवीनीकरण करवाया गया है और कौन कौन के द्वारा नवीनीकरण नही करवाया गया है? **(ग)** नवीन पर्यावरण क्लीयरेंस हेतु कौन कौन के द्वारा आवेदन किया गया है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 (यथा संशोधित) के अनुसूची में उल्लेखित परियोजना या क्रियाकलापों के प्रवर्ग 'क' श्रेणी को भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली तथा प्रवर्ग 'ख' श्रेणी को राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण से पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने का प्रावधान है। कोटा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत उद्योग/ व्यवसायिक संस्थानों को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति एवं वैधता की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ के कॉलम 03 एवं 04 अनुसार** है। कोल डिपो को उक्त प्रावधानों के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत् कोल डिपो को जल एवं वायु सम्मति प्रदान की जाती है। कोटा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत संचालित उद्योग फैक्ट्री कारखाना कोल डिपो सहित अन्य व्यवसायिक संस्थानों को जारी जल एवं वायु सम्मति एवं सम्मति वैधता की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ के कॉलम 05 एवं 06 अनुसार** है।**(ख)** ई.आई.ए.अधिसूचना, 2006 (यथा संशोधित) के अनुसार नवीनीकरण जारी किये जाने का प्रावधान नहीं है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत् कोटा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत स्थापित उद्योग, फैक्ट्री, कारखाना, कोल डिपो सहितअन्य व्यवसायिक संस्थानों को वैधता समाप्त होने के पश्चात् जारी किये गये नवीनीकरण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है तथा नवीनीकरण नही करवाये गये उद्योग, फैक्ट्री, कारखाना, कोल डिपो सहित अन्य व्यवसायिक संस्थानों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है।**(ग)** कोटा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत एक उद्योग मेसर्स महावीर कोल वाशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-खरगहनी-पथर्रा, तहसील-कोटा, जिला-बिलासपुर द्वारा क्षमता विस्तार के तहत् कोल वाशरी-0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है, प्रक्रिया अंतर्गत उद्योग को राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा

दिनांक 14/02/2023 को टी.ओ.आर. जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में एक उद्योग मेसर्स हरिओम ब्रिक्स, ग्राम-अमने, तहसील-कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा नवीन जल एवं वायु सम्मति बाबत् आवेदन किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

जिला बिलासपुर में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा)को प्रमाण पत्र का प्रदाय

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

20. (क्र. 560) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बिलासपुर के अनुविभागीय अधिकारी मस्तूरी अंतर्गत कितने विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) कौन कौन से ग्राम में निवासरत हैं, ग्रामवार नाम सहित जानकारी देवें? **(ख)** जून, 2025 की स्थिति में कितने लोगों का बैगा जनजाति प्रमाण पत्र जारी किया गया है, नाम सहित जानकारी देवें? **(ग)** क्या ग्राम पोंडी, थाना सीपत विकासखंड मस्तूरी, जिला बिलासपुर के धीवर जाति (ओ. बी. सी.) वर्ग के लोगों द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का जाति प्रमाण पत्र फर्जी तरीक़े से बनाये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है, यदि हाँ तो इस पर क्या कार्यवाही की गई है, जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) राज्य की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का आधारभूत सर्वेक्षण सूची वर्ष 2015-16 अनुसार जिला बिलासपुर के अनुविभागीय अधिकारी मस्तूरी अंतर्गत बैगा परिवार निवासरत नहीं है। **(ख)** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मस्तूरी जिला बिलासपुर द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मस्तूरी में उपलब्ध जाति प्रकरण पंजी वर्ष 2011-12 से वर्ष 2016-17 तक के प्रकरण पंजी में दर्ज तथा जाति प्रमाण पत्र हेतु ई-डिस्ट्रिक्ट व्यवस्था प्रारंभ होने से लेकर जून 2025 तक ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में दर्ज जानकारी अनुसार विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) का स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। **(ग)** सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला-बिलासपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पोंड़ी थाना सीपत विकासखंड मस्तूरी के धीवर जाति (ओ.बी.सी.) वर्ग के लोगों के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का जाति प्रमाण-पत्र बनाकर सरकारी नौकरी प्राप्त करने की शिकायत जनदर्शन पोर्टल में टोकन क्रमांक 2070122000146 सुरक्षा क्रमांक 746 के द्वारा कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर को प्राप्त हुई थी, किन्तु शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता का नाम पता एवं हस्ताक्षर नहीं होने तथा सरपंच ग्राम पंचायत पोड़ी विकासखंड मस्तूरी जिला बिलासपुर द्वारा शिकायत पत्र को ग्राम में वैमनस्य के उद्देश्य से पोर्टल में दर्ज कराये जाने का उल्लेख करते हुए शिकायत को अमान्य करने का अनुरोध किया गया है। शिकायत पत्र मे गवाह के रूप में रामफल धीवर का हस्ताक्षर है, जिसे रामफल धीवर ने उनके नाम का दुरूपयोग करते हुए फर्जी हस्ताक्षर होना बताया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मस्तूरी में भी शिकायत प्राप्त होने पर तहसीलदार सीपत द्वारा जांच करायी गयी है। प्रारंभिक जांच में उपस्थित कुछ व्यक्तियों द्वारा जाति के संबंध में शैक्षणिक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया किन्तु विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के संबंध में 1950 के पूर्व का दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया है। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम-पोड़ी, थाना सीपत, वि.खं.-मस्तूरी के धीवर जाति (ओ.बी.सी.) वर्ग के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का जाति प्रमाण पत्र बनवा कर सरकारी नौकरी प्राप्त करने की शिकायत के संदर्भ मे निम्नांकित 04 व्यक्तियों की शिकायत प्राप्त हुई है:- 1. श्री रूप राम बैगा 2. श्री काशी राम बैगा 3. श्री मथुरा प्रसाद बैगा 4. श्री पुरूषोत्तम लाल बैगा समिति द्वारा समुचित जांच एवं परीक्षण क्रमांक 01 श्री रूपराम बैगा का जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने हेतु आदेश दिनांक 11.12.2006 एवं 19.09.2011 पारित किया गया। क्रमांक 02 पर श्री काशीराम बैगा का जाति प्रमाण पत्र आदेश दिनांक 13.11.2017 को मान्य करने पश्चात संदिग्ध प्रतीत होने पर पुनः जांच प्रक्रियाधीन है। क्रमांक

03 पर श्री मथुरा प्रसाद बैगा का जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने हेतु दिनांक 24.11.2008 को आदेश पारित किया गया। क्रमांक 04 पर श्री पुरूषोत्तम लाल बैगा का जाति प्रमाण पत्र विजिलेंस सेल में अन्वेषणाधीन है। चारों प्रकरणों की विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

जिला बिलासपुर/गौरेला पेंड्रा मरवाही अन्तर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के जाति प्रमाण पत्र का प्रदाय

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

21. (क्र. 562) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बिलासपुर/जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही अन्तर्गत कौन-कौन से विकासखंड में किन किन ग्रामों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा निवासरत हैं, जानकारी देवें? **(ख)** 1 जनवरी 2020 से 30 मई 2025 तक पेंड्रा तहसील में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कितने बैगा जनजाति के लोगों का जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया है? नाम पिता का नाम जारी दिनांक साहित जानकारी देवें? **(ग)** ग्राम पोड़ी थाना सीपत विकासखंड मस्तूरी के धीवर जाति (ओ. बी. सी.) वर्ग के लोगों के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का जाति प्रमाण पत्र बनाकर सरकारी नौकरी प्राप्त करने की शिकायत प्राप्त हुई है यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई है जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर द्वारा संपादित आधारभूत सर्वेक्षण सूची वर्ष 2015-16 अनुसार जिला बिलासपुर एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** 01 जनवरी 2020 से 30 मई 2025 तक पेण्ड्रा तहसील में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा 06 बैगा जनजाति के लोगों का जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** ग्राम पोंड़ी थाना सीपत विकासखंड मस्तूरी के धीवर जाति (ओ.बी.सी.) वर्ग के लोगों के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का जाति प्रमाण-पत्र बनाकर सरकारी नौकरी प्राप्त करने की शिकायत जनदर्शन पोर्ट में टोकन क्रमांक 2070122000146 सुरक्षा क्रमांक 746 के द्वारा कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर को प्राप्त हुई थी, किन्तु शिकायत पत्र में शिकायत कर्ता का नाम पता एवं हस्ताक्षर नहीं होने तथा सरपंच ग्राम पंचायत पोंडी विकासखंड मस्तूरी जिला बिलासपुर द्वारा शिकायत पत्र को ग्राम में वैमनस्य के उद्देश्य से पोर्टल में दर्ज कराये जाने का उल्लेख करते हुये शिकायत को अमान्य करने का अनुरोध किया गया है। शिकायत पत्र में गवाह के रूप में रामफल धीवर का हस्ताक्षर है, जिसे रामफल धीवर ने उनके नाम का दुरूपयोग करते हुये फर्जी हस्ताक्षर होना बताया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मस्तूरी में भी शिकायत प्राप्त होने पर तहसीलदार सीपत द्वारा जांच करायी गयी है। प्रारंभिक जांच में उपस्थित कुछ व्यक्तियों द्वारा जाति के संबंध में शैक्षणिक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया किन्तु विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के संबंध में 1950 के पूर्व का दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया है। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम-पोड़ी, थाना सीपत, वि.खं.-मस्तूरी के धीवर जाति (ओ.बी.सी.) वर्ग के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का जाति प्रमाण पत्र बनवा कर सरकारी नौकरी प्राप्त करने की शिकायत के संदर्भ मे निम्नांकित 04 व्यक्तियों की शिकायत प्राप्त हुई है:- 1. श्री रूप राम बैगा 2. श्री काशी राम बैगा 3. श्री मथुरा प्रसाद बैगा 4. श्री पुरूषोत्तम लाल बैगा समिति द्वारा समुचित जांच एवं परीक्षण क्रमांक 01 श्री रूपराम बैगा का जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने हेतु आदेश दिनांक 11.12.2006 एवं 19.09.2011 पारित किया गया। क्रमांक 02 पर श्री काशीराम बैगा का जाति प्रमाण पत्र आदेश दिनांक 13.11.2017 को मान्य करने पश्चात संदिग्ध प्रतीत होने पर पुनः जांच प्रक्रियाधीन है। क्रमांक 03 पर श्री मथुरा प्रसाद बैगा का जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने हेतु दिनांक 24.11.2008 को आदेश पारित किया गया। क्रमांक 04 पर श्री

पुरूषोत्तम लाल बैगा का जाति प्रमाण पत्र विजिलेंस सेल में अन्वेषणाधीन है। चारों प्रकरणों की विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

जिला कांकेर अतंर्गत हाउसिंग बोर्ड द्वारा संचालित योजना

[आवास एवं पर्यावरण]

22. (क्र. 572) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कांकेर जिले में हाउसिंग बोर्ड के द्वारा किन-किन स्थानों पर आवास निर्माण व आवासीय भूखंड विक्रय की योजना संचालित है ? **(ख)** उपरोक्त संचालित योजनाओं में से कौन-कौन सी योजनाएं पूर्ण रूप से विकसित हो चुकी हैं तथा कौन-कौन सी योजना निर्माणाधीन हैं ? **(ग)** क्या पूर्ण रूप से विकसित आवास/ भुखणड को विक्रय किया जा चुका है ? आवास एवं भुखंड क्रय करने के क्या नियम व शर्ते हैं ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।**(ख)** कांकेर जिले में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा संचालित आवास निर्माण व आवासीय भूखंड विक्रय की योजनाओं में से दीनदयाल आवास योजना ठेलकाबोड कांकेर पूर्ण रूप से विकसित हो चुकी है तथा अटल विहार योजना श्रीरामनगर कांकेर में भवनों का निर्माण विभिन्न चरणों में किया जा रहा है एवं योजना निर्माणाधीन है, अटल आवास योजना कराठी भानुप्रतापपुर में प्रथम चरण में 126 नग अटल आवास भवनों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है व शेष 87 नग भवनों का निर्माण प्रस्तावित है एवं अटल आवास योजना बारगरी चारामा में प्रथम चरण में 66 नग अटल आवास भवनों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है व शेष 140 नग भवनों का निर्माण भविष्य में पंजीयन प्राप्त होने पर प्रस्तावित है।**(ग)** जी हां। आवास एवं भूखण्ड क्रय करने के नियम व शर्ते **संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

कांकेर जिले में संचालित क्रेशर प्लांटों की लीज अवधि

[आवास एवं पर्यावरण]

23. (क्र. 573) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- कांकेर जिले अंतर्गत कितने और कहां-कहां क्रेशर प्लांट संचालित हैं ? संबंधित क्रेशर प्लांटों की लीज की अवधि कब तक है? क्रेशर प्लांट के संचालकों के नाम व स्थान सहित जानकारी प्रदान करें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कांकेर जिले के अंतर्गत 12 उद्योगों को माईनिंग एवं क्रशिंग के लिये तथा 10 उद्योगों को केवल क्रशिंग के लिये जल (प्रदूषण, निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा वायु (प्रदूषण, निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत सम्मति जारी की गई है, जिसमें से वर्तमान में 19 क्रशर प्लांट संचालित है। क्रशर प्लांटों को लीज जारी नहीं की जाती है, अपितु खदान क्षेत्र के लिये खनिज साधन विभाग द्वारा लीज जारी की जाती है। उक्त 12 खदानों की लीज अवधि की जानकारीसंलग्न प्रपत्रके कॉलम 3 अनुसारहै। क्रशर प्लांटों को जारी जल एवं वायु सम्मति वैधता की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम 4एवं क्रशर प्लांट के संचालकों के नाम व पते की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम 5 अनुसारहै।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

नगर पालिक निगम, बीरगांव के क्षेत्र में अवैधानिक भूमि विकास

[आवास एवं पर्यावरण]

24. (क्र. 588) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या विधान सभा सत्र फरवरी-मार्च 2025 में प्रश्न संख्या 57 (क्र. 2324) के लिखित उत्तर में दिनांक 19 मार्च 2025 को बताया गया था कि प्राप्त शिकायत पर जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है तथा यह भी बताया गया था कि राजीनामा के उपरान्त भी अप्राधिकृत निर्माण कराना पाया जाता है, तो विधि अनुरूप कार्यवाही की जाएगी? **(ख)** यदि हां, तो जांच में क्या-क्या पाया गया तथा क्या अप्राधिकृत निर्माण कराना भी पाया गया, जांच प्रतिवेदन की प्रति उपलब्ध कराएं? **(ग)** जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात् क्या-क्या कार्यवाहियां की गई हैं, तारीखवार बताएं तथा यह भी बताएं कि क्या-क्या कार्यवाहियां की जाना शेष है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ।**(ख)** नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला रायपुर से जानकारी अनुसार जांच कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**(ग)** नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार, जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विधि अनुरूप कार्यवाही की जा सकेगी।

बिलासपुर जिला अंतर्गत स्वीकृत एवं संचालित छात्रावास/आश्रम

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

25. (क्र. 645) श्री दिलीप लहरिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पचपेड़ी में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक एवं कन्या छात्रावास तथा ग्राम पंचायत धनगवां में प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोलने के संबंध में क्या कार्यवाही प्रक्रियाधीन है? तो किस कार्यालय में प्रक्रियाधीन है, कब-तक छात्रावास की स्थापना की जाएगी? **(ख)** उक्त संबंध में किन-किन जनप्रतिनिधियों के पत्र प्राप्त हुए है? उन पर क्या कार्यवाही की गई **(ग)** बिलासपुर जिला अंतर्गत स्वीकृति उपरांत भी किन-किन छात्रावासों एवं आश्रमों का संचालन नहीं किया जा रहा है? इन्हें कब से संचालित किया जाएगा? **(घ)**जिला मुख्यालय बिलासपुर में स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बिलासपुर में सत्र 2024-25 से 22 जून 2025 तक कितने नवीन छात्राओं ने प्रवेश हेतु आवेदन किया? उक्त छात्राओं में से कितने का प्रवेश हुआ एवं कितने छात्राओं का नहीं हुआ? प्रवेश नहीं देने का कारण क्या है? क्या सीट वृद्धि करने हेतु कार्यवाही चल रही है, कब-तक सीट वृद्धि की जायेगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पचपेड़ी में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक/कन्या छात्रावास खोलने हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बिलासपुर जिला स्तर से प्रस्ताव इस वित्तीय वर्ष में प्रक्रियाधीन है। सुशासन तिहार 2025 के तहत् ग्राम पंचायत धनगवां में प्री.मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोलने हेतु जिला स्तर से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसमें कार्यालयीन पत्र क्रमांक/3550, दिनांक 02.07.2025 द्वारा जिला कलेक्टर के अभिमत सहित अद्यतन प्रस्ताव मंगाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला बिलासपुर से छात्रावास खोलने हेतु अद्यतन प्रस्ताव प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। समय-सीमा बताया जाना संभव नही है। **(ख)** ग्राम पंचायत पचपेड़ी में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति के बालक/कन्या छात्रावास खोलने के संबंध में माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी एवं ग्राम धनगवां में ग्राम पंचायत धनगवां के सरपंच के द्वारा छात्रावास खोले जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ हैं। नियमानुसार छात्रावास खोलने हेतु जिले से प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। **(ग)** बिलासपुर जिला अंतर्गत स्वीकृत प्री.मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बरगन एवं अनुसूचित जाति बालक आश्रम बैमा का संचालन नही किया जा रहा है। वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में संचालन हेतु प्रयास किया जा रहा है।**(घ)** जिला मुख्यालय में स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या

छात्रावास बिलासपुर में सत्र 2024-25 से 22 जून 2025 तक 60 नवीन छात्राओं से प्रवेश हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रवीण्यता के आधार पर छात्रावास में प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही है।

बिलासपुर संभाग में अनु. जाति उप योजना (क्षेत्रीय विकास के लिए अनाबद्ध राशि) अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

26. (क्र. 646) श्री दिलीप लहरिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** बिलासपुर संभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022 से जून 2025 तक अनुसूचित जाति उप योजना (क्षेत्रीय विकास के लिए अनाबद्ध राशि) से क्या-क्या कार्य, कितनी-कितनी लागत से स्वीकृत किए गए हैं? कार्यो की अद्यतन स्थिति क्या है? कार्यवार, जिलावार विवरण देवें? **(ख)** उक्त अवधि में अनुसूचित जाति उप योजना (अनाबद्ध राशि) अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु किन-किन माननीय जनप्रतिनिधियों का पत्र प्राप्त हुआ है? क्या प्राप्त पत्रों का त्वरित निराकरण करते हुए समय सीमा में प्रति उत्तर दिया गया है? विवरण देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना अंतर्गत मुआवजा भुगतान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

27. (क्र. 691) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** छ0ग0 राज्य के जिलों में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 की स्थिति में कितने किसानों ने प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना अंतर्गत बीमा करवाया था ? वर्ष का उल्लेख करते हुये जिलेवार जानकारी देंवे ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में प्राकृतिक कारणों व अन्य कारणों से फसल के नुकसान होने पर कितने किसानों को मुआवजा की राशि प्राप्त हुई ? कितने किसानों को मुआवजा की राशि प्राप्त नहीं हुई, कारण सहित बतावें ? **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' के निरंतरता में जिन किसानों को मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है, उन किसानों को मुआवजा राशि दिलाने विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही ? **(घ)** छ0ग0 राज्य में 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 तक कौन-कौन सी बीमा कंपनी को प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना के तहत् कुल कितने किसानों के द्वारा कुल कितनी राशि जमा की गई व इसमें से कुल कितनी राशि का मुआवजा के रूप में भुगतान किया गया ? वर्षवार बतावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कृषि विभाग में प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना नहीं अपितु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है, जिसके अंतर्गत अधिसूचित कृषि फसलों का बीमा किया जाता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में जून 2025 तक वर्षवार, मौसमवार, जिलेवार, फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले कृषको की संख्या का विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" की अवधि में प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई फसल क्षति पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधान अनुसार बीमा दावा भुगतान से लाभान्वित कृषको की संख्या एवं लंबित बीमा दावा भुगतान के कारणो की वर्षवार, मौसमवार, जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
(ग) प्रश्नांश "ख" अनुसार लंबित बीमा दावा राशि के भुगतान हेतु संबंधित कृषकों से समन्वय स्थापित कर सही बैंक खाता विवरण/दस्तावेज प्राप्त कर दावा राशि का भुगतान किये जाने हेतु संबधित क्रियान्वयक बीमा कंपनियों को निर्देशित किया गया है। मौसम रबी वर्ष 2024-25 अंतर्गत बीमित दावा भुगतान हेतु पात्र कृषकों

को दावा राशि का भुगतान भारत सरकार दिनांक 10.07.2025 को राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से किया जाना है। **(घ)** प्रदेश में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जून 2025 तक अधिसूचित कृषि फसलो का बीमा करने वाली बीमा कंपनियो के नाम, क्रियान्वयक बीमा कंपनियो को कृषको द्वारा भुगतान की कृषक अंश (प्रीमियम) राशि एवं बीमा दावा भुगतान की गई राशि की वर्षवार, मौसमवार, जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

शासकीय विभागों की स्थापना के लिए निर्धारित सेटअप को परिवर्तित किये जाने की प्रक्रिया

[वित्त]

28. (क्र. 692) श्री बघेल लखेश्वर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या छ0ग0 राज्य शासन के विभागों/संस्थाओं के लिए वित्त विभाग के द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों के स्वीकृत व निर्धारित सेटअप को परिवर्तित किया जा सकता है ? यदि हां तो इसकी प्रक्रिया क्या है ? शासन के नीति व नियम सहित स्थिति स्पष्ट करें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में क्या बिना प्रक्रिया का पालन किये अथवा बिना वित्त विभाग की अनुमति के स्वीकृत सेटअप के विपरीत स्वीकृत पदों को घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है ? यदि हां तो उस नियम की प्रति उपलब्ध करावें ? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में क्या स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा शासनाधीन प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी संस्थाओं के लिए वित्त विभाग के द्वारा स्वीकृत/निर्धारित सेटअप को किसी भी स्तर पर परिवर्तित करने पत्र इत्यादि लिखा गया है अथवा प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ? कृपया बतावें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) प्रशासकीय विभाग द्वारा आवश्यकता अनुसार नीति तैयार कर कार्य आबंटन नियमों के अनुसार प्रस्ताव प्रेषित किया जाता है। संबंधित विभाग से विभागीय सेटअप में परिवर्तन किये जाने के प्रस्ताव प्राप्त होने पर, वित्त विभाग द्वारा प्रस्ताव का परीक्षण कर विभागीय क्रियाकलापों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक पदों की संख्या/सेटअप में परिवर्तन किए जाने की सहमति दी जाती है। **(ख)** वित्त विभाग द्वारा जारी वित्तीय अधिकारों के प्रत्यायोजन के अंतर्गत प्रशासकीय विभाग द्वारा पदों की संख्या को घटाया अथवा अतिशेष घोषित किया जा सकता है **(**प्रति **प्रपत्र में संलग्न** है)**।** पदों को बढ़ाए जाने हेतु उत्तर ''क'' की प्रक्रिया का पालन करना होगा। **(ग)** नहीं।

[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

बस्तर संभागान्तर्गत शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं एवं आश्रमों में दर्ज बालक-बालिकाओं का जाति एवं आय प्रमाण बनाना

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

29. (क्र. 694) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलो में वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं/आश्रमों में दर्ज बालक-बालिकाओं का जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने की अद्यतन स्थिति क्या है ? कितने बच्चों का बनाया जाना था ? कितनों का बनाया गया तथा कितना शेष है ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में इस कार्य को पूर्ण करने निर्धारित समयावधि क्या थी और अब इसके लिए क्या समयावधि तय की गई है ? कृपया बतावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बस्तर संभाग अंतर्गत जिलों में वर्ष 2023-24 से

जून, 2025 तक शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं/आश्रमों में दर्ज बालक-बालिकाओं का जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है:-

क्र	प्रमाण पत्र का प्रकार	लक्ष्य	उपलब्धि	शेष
1	जाति प्रमाण पत्र	377359	343668	33691
2	आय प्रमाण पत्र	358701	325768	32933
3	निवास प्रमाण पत्र	330749	305179	25570

(ख) उक्त कार्य पूर्ण करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं थी। इसके लिए समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में कोचिंग संस्थाओं के चयन हेतु जारी निविदा में अनियमितता

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

30. (क्र. 731) श्री ओंकार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024–25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कोचिंग संस्थाओं के चयन हेतु जारी प्रथम एवं द्वितीय निविदा की प्रक्रिया में सम्मिलित समिति की बैठकें कब–कब आयोजित की गईं तथा इन बैठकों में समिति द्वारा किन-किन बिंदुओं के आधार पर अनुमोदन किया गया? समिति में सम्मिलित सदस्यों की नामावली एवं पदाधिकारिता की जानकारी दें? **(ख)** उक्त निविदाओं हेतु विद्यालयवार कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या, पात्र/अपात्र निविदाकारों की संख्या तथा अयोग्य पाए गए निविदाकारों के अस्वीकार किए जाने का तकनीकी आधार क्या था? **(ग)** क्या प्रथम निविदा को निरस्त करने के पीछे ऑनलाइन आवेदन से संबंधित तकनीकी समस्याओं को आधार बनाया गया? यदि हाँ, तो इसका परीक्षण किस तकनीकी विशेषज्ञ समिति या पीईबी की रिपोर्ट के आधार पर किया गया तथा इसे किस बैठक में अनुमोदित किया गया? **(घ)** द्वितीय निविदा में किन-किन प्रयास आवासीय विद्यालयों में केवल एकल टेंडर की स्वीकृति दी गई? एकल निविदा की स्वीकृति किस सक्षम प्राधिकरण/स्तर से प्रदान की गई तथा क्या नियमानुसार इसकी पूर्व अनुमति प्राप्त की गई थी? वर्ष 2024–25 हेतु चयनित कोचिंग संस्थाओं से अनुबंध किस स्तर के अधिकारी द्वारा किस दिनांक को किया गया तथा अनुबंध निष्पादन की कार्रवाई कब से प्रारंभ की गई? विद्यालयवार टेंडर की जानकारी सहित विवरण दें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब'' व ''स''** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं, प्रथम निविदा को निरस्त करने के पीछे ऑनलाईन आवेदन से संबंधित तकनीकी समस्याओं को आधार नहीं बनाया गया। कार्यवाही विवरण बैठक दिनांक 17.10.2024 को आयोजित बैठक में पर्याप्त प्रस्ताव प्राप्त न होने की स्थिति में सम्पूर्ण निविदा निरस्त किये जाने की अनुशंसा की गई है। **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''द''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

कृषि विभाग में संचालित योजना तथा उसमें कार्यरत संविदा कर्मियों को वेतन तथा प्रदत सुविधायें

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

31. (क्र. 732) श्री ओंकार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कृषि विभाग एवं इसके अधीन संचालित योजनाओं (जैसे राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आत्मा परियोजना आदि) में वर्तमान में किन-किन पदों पर एवं कितनी संख्या में संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं? **(ख)** उक्त संविदा कर्मचारियों को योजनाओं की मार्गदर्शिका, कार्यादेश अथवा शासनादेशानुसार किन-किन सुविधाओं (जैसे नियत वेतनमान, वार्षिक वेतनवृद्धि, भविष्य निधि, स्वास्थ्य बीमा, सेवा सुरक्षा, मातृत्व अवकाश, वार्षिक अवकाश, सामाजिक सुरक्षा आदि) का लाभ दिया जा रहा है? क्या उक्त सुविधाएं विभाग द्वारा पूर्ण रूप से लागू की गई हैं? यदि नहीं, तो किन कारणों से

विलंबित हैं तथा उनकी संभावित क्रियान्वयन तिथि क्या है? **(ग)** क्या कृषि विभाग द्वारा राज्य शासन की संविदा कर्मचारियों हेतु घोषित नीतियों — जैसे 27% वेतन वृद्धि, मातृत्व अवकाश, अवकाश सुविधा, सेवा स्थायित्व, मानदेय संरचना सुधार — को अमल में लाया गया है? यदि नहीं, तो क्या विभाग ने इस संबंध में कोई प्रस्ताव शासन को भेजा है? कृपया तिथि सहित विवरण प्रस्तुत करें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) ,**(ख)** एवं **(ग) जानकारी संकलित की जा रही है।**

खदानों को विस्फोटक पदार्थों के उपयोग की प्रदत्त अनुमति

[आवास एवं पर्यावरण]

32. (क्र. 747) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 01 जनवरी, 2023 से जून, 2025 तक राजनांदगांव एवं केसीजी जिला अंतर्गत कौन-कौन से खदानों को विस्फोटक पदार्थ, किस-किस मात्रा में उपयोग करने की अनुमति कब-कब प्रदान की गई है? खदान के नाम, विस्फोटक पदार्थ का नाम एवं मात्रा तथा विस्फोटक पदार्थ कहां से प्राप्त किया गया? जानकारी, विस्फोटक पदार्थ उपयोग की अनुमति प्रदानकर्ता अधिकारी/कर्मचारी का नाम/पदनाम सहित जानकारी देवें? **(ख)** क्या उपरोक्त जिलों में विस्फोटक पदार्थ उपयोग उपरांत किसी प्रकार की जनहानि, जीव-जन्तु एवं पर्यावरण नुकसान होने की कोई जानकारी प्राप्त हुई है? यदि हां तो प्राप्त जानकारी का माध्यम एवं उस पर की गई कार्यवाही की जानकारी माहवार, विकासखंडवार देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) खदानों को विस्फोटक पदार्थ उपयोग करने की अनुमति भारत सरकार के संस्थान द्वारा दिये जाने के कारण, राज्य सरकार द्वारा प्रश्नांश अवधि में अनुमति नही दी गई है। शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।**(ख)** सहायक खनि अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला राजनांदगाँव से प्राप्त जानकारी अनुसार, जिला राजनांदगाँव में ब्लास्टिंग के संबंध में 05 शिकायत प्राप्त हुई है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। अपर कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से प्राप्त जानकारी अनुसार, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में ब्लास्टिंग के संबंध में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

ग्राम पंचायत महुदा में स्थापित शांति जीडी इस्पात एवं पावर प्लांट के नियम विरुद्ध संचालन पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

33. (क्र. 752) श्री बालेश्वर साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत महुदा में स्थापित शांति जीडी इस्पात एवं पावर प्लांट द्वारा संचालन एवं उत्पादन के पहले पर्यावरण विभाग से आवश्यक अनुमति ली गई है ? यदि हां तो कब अनुमति प्रदान की गयी है ? कृपया जानकारी दें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार संचालित प्लांट का पर्यावरण संरक्षण अधिनियम एवं पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना के तहत कब - कब निरीक्षण किया गया है और निरीक्षण के दौरान किस प्रकार की गड़बड़ी पाई गयी थी और इस आधार पर क्या कार्यवाही की गई है ? कृपया जानकारी दें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ, विभाग द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत महुदा में स्थापित मेसर्स शांति जीडी इस्पात एवं पावर प्राइवेट लिमिटेड को संचालन एवं उत्पादन से पूर्व

दिनांक 27/05/2013 को जल प्रदूषण (निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25/26 तथा वायु प्रदूषण (निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के प्रावधानों के तहत संचालन सम्मति जारी की गई है।**(ख)** उद्योग का बायोमास आधारित पावर प्लांट-15 मेगावाट ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आता है। अतः पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के तहत उद्योग का निरीक्षण नहीं किया गया है। अपितु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल प्रदूषण (निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा वायु प्रदूषण (निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत् उक्त संचालित प्लांट का निरीक्षण किया जाता है। विगत 03 वर्षों में निरीक्षण के दौरान उद्योग में स्थिति सामान्य पाई गई है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

रायपुर जिले में घरेलू कचरों/व्यावसायिक कचरों एवं औद्यौगिक कचरों तथा वेस्ट मटेरियल से होने वाला प्रदूषण

[आवास एवं पर्यावरण]

34. (क्र. 758) श्री अनुज शर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या रायपुर जिले अंतर्गत वर्ष 2024-25 से जून, 2025 की अवधि में मस्त प्रकार के घरेलू कचरों/व्यावसायिक कचरों एवं औद्यौगिक कचरों तथा वेस्ट मटेरियल के निष्पादन उपरांत जिले में विभिन्न स्थानों में डम्प किये जाने से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण संबंधी किसी प्रकार की कोई शिकायत विभाग को प्राप्त हुई है?यदि हां तो क्या और किन-किन स्थानों के लिये शिकायत प्राप्त हुई? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार क्या इन प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की गई? यदि हां तो क्या? **(ग)** प्रश्न ''क'' अनुसार ऐसे कचरों के सही निष्पादन एवं डिस्पोजल संबंधी किसी प्रकार की कोई रूपरेखा विभाग द्वारा बनाई गयी है ? यदि हां तो इसका क्रियान्वयन किस प्रकार से किया जा रहा है? विवरण प्रदान करें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** जी हाँ। **जानकारी संलग्न प्रपत्र के कालम 7 अनुसार** है।**(ग)** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कार्यालय आदेश दिनांक 26/06/2024 के माध्यम से उद्योगों से कच्चे माल/उत्पाद/अपशिष्ट के सड़क मार्ग से परिवहन के दौरान प्रदूषण के रोकथाम हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी किया गया है, जो कि दिनांक 01/08/2024 से प्रभावशील है तथा औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (आई.डब्ल्यू.एम.एम.एस.) जारी की गई है, जो कि दिनांक 01/05/2025 से प्रभावशील है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उल्लंघन पाये जाने पर उद्योगों के विरुद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जाती है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विभिन्न अपशिष्टो हेतु परिसंकटमय एवं अन्य अपशिष्ट (प्रबंध एवं सीमापार संचलन) नियम 2016 (यथा संशोधित), जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 (यथा संशोधित), ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 (यथा संशोधित), प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 (यथा सशोधित), ई-अपशिष्ट (प्रबधन) नियम 2016 (यथा संशोधित), निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 (यथा संशोधित), फ्लाइ ऐश अधिसूचना, 2021 (यथा संशोधित) जारी किये गये हैं। उक्त अधिसूचना में निहित प्रावधानों का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा कराया जाता है। नगर पालिक निगम, रायपुर क्षेत्रांतर्गत रायपुर शहर से निकलने वाले नगरीय ठोस अपशिष्ट (जैसे- घरेलू व्यावसायिक एवं नालियों व सार्वजनिक स्थलों में चापन्न कचरे) को मेसर्स देल्ही एम. एस. डब्ल्यू सॉल्यूशन लिमिटेड एवं नगर निगम के द्वारा विभिन्न ट्रांसफर स्टेशनों एवं सेकेण्डरी कलेक्शन सेंटर के माध्यम से संग्रहण कर एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र सकरी (ग्राम सकरी) में भेजा जाता है। जहां कचरों का वैज्ञानिक पद्धति से प्रसंस्करण कर निपटान किया जाता है। उक्त संयंत्र में गीले कचरे से कम्पोस्ट (खाद), नॉन रिसाइक्लेबल प्लास्टिक से आरडीएफ तैयार कर सीमेट संयंत्र में दिया जाता है जिसे सीमेंट संयंत्र द्वारा ईंधन के रूप में

उपयोग किया जाता है व रिसाईक्लेबल प्लास्टिक कचरे से ग्रेन्यूल (दाना) बनाया जाता है जिसे पुनः प्लास्टिक उद्योगो में प्लास्टिक सामग्री यथा डिब्बे, बाल्टी इत्यादि बनाने में उपयोग किया जाता है। पूरी प्रक्रिया के दौरान और प्रसंस्करण न किये जाने योग्य अथवा प्रसंस्करण के दौरान अनुपयोगी अपशिष्ट अथवा इनर्ट को संयंत्र परिसर में बने साइंटिफिक लैण्डफिल में डिस्पोज किया जाता है। प्रक्रिया में निकलने वाले लीचेट को विभिन्न स्तरों में उपचारित कर संयंत्र में गार्डनिंग तथा वाहन की धुलाई हेतु उपयोग किया जाता है। वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन की प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाले दुर्गन्ध के शमन हेतु विभिन्न प्रकार के दुर्गन्धनाशक जैसे लेमन ग्रास आईल इत्यादि का छिडकाव नियमित रूप से किया जा रहा है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]

लिपिक वर्गीय से राज्य कर निरीक्षक के पद पर चयन

[वाणिज्यिक कर]

35. (क्र. 767) श्री अनुज शर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**वाणिज्यिक कर विभाग अंतर्गत लिपिक वर्गीय से राज्य कर निरीक्षक के पद पर वर्ष 2021 से 2023 तक कितने कर्मचारियों का चयन किया गया? परीक्षा में सम्मलित कितने कर्मचारी अचयनित थे, जो विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण तो हुये, परंतु उनका चयन नहीं हो पाया? कमचारियों के नाम व वर्गवार विवरण देवें? **(ख)**प्रश्नांक ''क'' समयावधि में आयोजित विभागीय परीक्षा में विभागीय भर्ती नियमों के साथ-साथ क्या राज्य सरकार द्वारा आरक्षित रोस्टर का पालन किया गया था? यदि नहीं तो क्यों? **(ग)**वर्तमान में राज्य कर निरीक्षक के कितने पद रिक्त हैं? क्या विभाग द्वारा इन पदों पर प्रश्नांक ''क'' अवधि में आयोजित विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण किन्तु अचयनित उम्मीदवारों का चयन किया जा सकता है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) वाणिज्यिक कर विभाग के अंतर्गत लिपिक वर्गीय से राज्य कर निरीक्षक के पद पर वर्ष 2021 में 21 कर्मचारियों एवं वर्ष 2022 में 21 कर्मचारी कुल 42 कर्मचारियों का चयन किया गया। वर्ष 2022 में आयोजित विभागीय परीक्षा में 14 कर्मचारी अचयनित थे, जो विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण तो हुए, परंतु उनका चयन नहीं हो पाया। कर्मचारियों के नाम व वर्गवार विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' समयावधि में आयोजित विभागीय परीक्षा में विभागीय भर्ती में आरक्षण नियमों के पालन के संबंध में जांच प्रक्रियाधीन है। **(ग)** वर्तमान में सीमित प्रतियोगी परीक्षा से भरे जाने वाले राज्य कर निरीक्षक के 08 पद रिक्त है। इन पदों पर प्रश्नांक ''क'' अवधि में आयोजित विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण किन्तु अचयनित उम्मीदवारों का चयन नहीं किया जा सकता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

बालोद जिला में मंडी बोर्ड/मण्डी समिति से स्वीकृत कार्य एवं प्राप्त आबंटन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

36. (क्र. 772) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2024-25 से जून, 2025 तक बालोद जिले में मंडी बोर्ड/मण्डी समिति से कौन-कौन से कार्य, किन-किन मदों से स्वीकृत किए गए ? स्वीकृत कार्यो की राशि सहित जानकारी वर्षवार, विकासखण्डवार देवें? **(ख)** स्वीकृत कार्यो की वर्तमान अद्यतन स्थिति क्या है तथा किये गये व्यय की जानकारी, कार्यवार/एजेंसीवार देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2024-25 से जून, 2025 तक बालोद जिले में मंडी बोर्ड निधि से कार्य स्वीकृत नही हुए है। मण्डी समिति निधि से स्वीकृत कार्यों की राशि सहित वर्षवार,

विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** स्वीकृत कार्यों की वर्तमान अद्यतन स्थिति तथा व्यय की कार्यवार / एजेंसीवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

रेत के अनियंत्रित उत्खनन से पर्यावरणीय क्षति

[आवास एवं पर्यावरण]

37. (क्र. 779) डॉ. चरण दास महंत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या रेत के अनियंत्रित उत्खनन से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचती है? यदि हां तो किस-किस प्रकार की क्षति होती है? **(ख)** प्रदेश में जनवरी, 2024 से मई, 2025 तक रेत के अवैध या अनियंत्रित उत्खनन के कितने प्रकरणों में पर्यावरणीय क्षति का आंकलन किया जाकर कितनी राशि का आरोपण किया गया? जिलावार बताएं? क्या सभी प्रकरणों में ऐसी कार्यवाही की गई? यदि नहीं तो उसका कारण क्या है और कौन-कौन उत्तरदायी है? **(ग)** मई, 2025 की स्थिति में प्रदेश में कितनी रेत खदानें अधिसूचित हैं ? उनमें से कितनी में पर्यावरणीय मंजूरी दी गई है तथा कितनी में बिना पर्यावरणीय मंजूरी के रेत उत्खनन हुआ है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ, रेत के अनियंत्रित उत्खनन से पर्यावरण को क्षति पहुंचती है। भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी सस्टेनेबल सैंड माइनिंग मैनेजमेंट गाईडलाईन, 2016 के अनुसार रेत के अनियंत्रित उत्खनन से नदी के ढाल में वृद्धि, नदी तल का क्षरण, भू-जल स्तर में कमी, भू-जल गुणवत्ता में दुष्प्रभाव पड़ने, नदी जल की गुणवत्ता में कमी पड़ने, नदी किनारे के कटाव की समस्या, वन और जैविधता की हानि, जल में मिट्टी की सांद्रता बढने आदि पर्यावरण को क्षति पड़ने की संभावना रहती है।**(ख)** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिनांक 01/01/2024 से 30/05/2025 तक की अवधि में रेत के अवैध उत्खनन के कुल 11 प्रकरणों में पर्यावरणीय क्षति का आंकलन किया जाकर कुल पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि रूपये 21,85,649/- अधिरोपित की गई है। जी हाँ, उक्त सभी 11 प्रकरणों में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कार्यवाही की गई है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ग)** खनिज साधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार,मई 2025 की स्थिति में प्रदेश में 119 रेत खदानों को उत्खनन पट्टा स्वीकृति है, जिसमें पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त है। बगैर पर्यावरण स्वीकृति के कोई उत्खनन पट्टा स्वीकृत नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]

किसानों की आय बढोत्तरी हेतु मिलेट की खेती हेतु संचालित योजनाएं

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

38. (क्र. 780) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मिलेट की खेती से किसानों की आय की बढोत्तरी हेतु कौन-कौन सी योजनाएं कब से संचालित की गई हैं ? **(ख)** क्या मिलेट की खेती के लिये किसान को सब्सिडी दी जा रही है यदि हां तो किस-किस फसल पर कितनी-कितनी है? **(ग)** क्या मिलेट उत्पादों की खरीदी राज्य सरकार कर रही है? यदि हां तो किस-किस दर पर? प्रचलित वर्ष में इसकी खरीदी कहां-कहां से, कितनी-कितनी मात्रा में की गई और इस पर किसानों को कितनी राशि की सब्सिडी दी गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में मिलेट फसलों की खेती को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न विभागीय योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से वर्ष 2022-23 से "मिलेट मिशन कार्यक्रम" संचालित किया जा रहा है, इसके अलावा विभिन्न केन्द्रप्रवर्तित एवं राज्य पोषित योजनाओं में भी मिलेट्स

फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं राज्य शासन द्वारा मिलेट्स फसलों की खेती से कृषकों के आय में बढ़ोत्तरी करने हेतु प्रदेश में प्रमुख रूप से उगायी जाने वाली मिलेट्स फसलो यथा कोदो-कुटकी का राज्य शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन मूल्य पर एवं रागी का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा रहा है। **(ख)** प्रदेश में मिलेट्स की खेती हेतु कृषकों को पृथक से अनुदान नहीं दिया जाता है अपितु विभिन्न विभागीय योजनाओं में शामिल फसल प्रदर्शन एवं बीज उत्पादन/वितरण घटकों में निहित प्रावधान अनुसार मिलेट्स फसलो की खेती हेतु सहायता उपलब्ध करायी जाती हैं। योजनावार, घटकवार कृषकों को देय वित्तीय सहायता की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ग)** जी हाँ, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. द्वारा वर्ष 2021-22 से प्रदेश के कृषको से कोदो-कुटकी का राज्य शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन मूल्य पर एवं रागी का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा रहा है। प्रचलित वर्ष (2024-25) में क्रय मिलेट की जिलायूनियन वार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। कृषको से समर्थन मूल्य पर उपार्जित मिलेट्स फसलो पर किसानो को अनुदान दिए जाने का प्रावधान नहीं है, अतः शेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]

जी.एस.टी वसूली के लिए मारे गए छापे

[वाणिज्यिक कर]

39. (क्र. 781) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2023-24 में विभाग के द्वारा जीएसटी वसूली के लिए जिन-जिन कारोबारियों के यहां छापे डाले गए उनके नाम छापे में मिली वाणिज्यिक कर चोरी की राशि और की गई वसूली की जानकारी दें ? **(ख)** यदि कारोबारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है, तो जिलेवार जानकारी दें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) वर्ष 2023-24 में विभाग के द्वारा जीएसटी अपवंचन के लिए कुल 68 व्यवसायियों के यहां छापे डाले गए जिसमें वाणिज्यिक कर जीएसटी चोरी (अपवंचन) की प्रारंभिक आंकलित राशि 59.64 करोड़ रू. एवं की गई वसूली की राशि 58.68 करोड़ रू. है। (68 व्यवसायियों से संबंधित नाम की सूची **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है) **(ख)** कारोबारियों के विरूद्ध कोई एफआईआर दर्ज नहीं करायी गयी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

बजटीय आबंटन के विरूद्ध व्यय राशि

[वित्त]

40. (क्र. 798) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-वित्त वर्ष 2024-25 में शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, जल संसाधन एवं कृषि विभाग के स्वीकृत बजट के विरूद्ध कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? जानकारी प्रदान करें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभागवार स्वीकृत बजट एवं व्यय की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर"]

कृषि विभाग में सामग्री खरीदी व अन्य कार्यो में अनियमितता की जांच

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

41. (क्र. 806) श्री धरमलाल कौशिक : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कृषि विभाग अंतर्गत विगत 2 वर्षो में सरगुजा एवं बिलासपुर संभाग अंतर्गत किन-किन

अधिकारियों के विरूद्व सामग्री खरीदी व अन्य कार्यो में अनियमितता के संबंध में किसके द्वारा व किनको शिकायत की गई है? इन शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही/जांच कब एवं किसके द्वारा की गई है तथा शिकायतों की अद्यतन स्थिति क्या है? शिकायतवार जानकारी देवें? **(ख)** जिला बिलासपुर एवं मुंगेली में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी एवं उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत स्वीकृत, भरे व रिक्त पदों की जानकारी देवें? रिक्त पदों को कब तक भरा जावेगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं **(ख) जानकारी संकलित की जा रही है।**

<u>वाणिज्यिक कर का लक्ष्य एवं प्राप्ति</u>

[वाणिज्यिक कर]

42. (क्र. 807) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वाणिज्यिक कर विभाग के अंतर्गत विगत 2 वित्तीय वर्ष में कुल कितना वाणिज्यिक कर प्राप्त होना था व कितना प्राप्त हुआ है? जिलेवार, फर्म की संख्यावार व राशिवार जानकारी देवें? **(ख)** वाणिज्यिक कर विभाग अंतर्गत विगत 2 वर्षो में रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर संभाग अंतर्गत किन-किन अधिकारियों के विरूद्व कार्यो में अनियमिता के संबंध में कब, क्या, किसके द्वारा व किनको शिकायत की गई है? इन शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही/जांच कब एवं किसके द्वारा की गई है तथा शिकायतों की अद्यतन स्थिति क्या है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) वाणिज्यिक कर विभाग के अंतर्गत विगत 2 वित्तीय वर्षों में प्राप्त राजस्व का विवरण निम्नानुसार है:- वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजटीय लक्ष्य राशि रू. 22,000 करोड़ के विरूद्ध राशि रू. 20,359.24 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजटीय लक्ष्य राशि रू. 23,500 करोड़ के विरूद्ध राशि रू. 23,453.67 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ है। जीएसटी नेटवर्क में जिलेवार आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। **(ख)** प्रश्नांक ''ख'' के संबंध में जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

<u>जिला सक्ती में संचालित उद्योगों का अपशिष्ट उत्सर्जन एवं प्रबंधन</u>

[आवास एवं पर्यावरण]

43. (क्र. 810) श्री रामकुमार यादव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मेसर्स आर. के. एम. पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम उच्चपिंडा जिला सक्ती एवं मेसर्स डी. बी. पॉवर लिमिटेड ग्राम बाड़ादरहा, जिला सक्ती के प्रदूषण से कौन से ग्राम प्रभावित हो रहें हैं? उक्त उद्योगों द्वारा उत्सर्जित होने वाले अपशिष्ट पदार्थों का निष्पादन (डिस्पोज) कहाँ और कैसे किया जा रहा है? प्रदूषण से बचाव हेतु क्या-क्या मानक तय किया गया है? जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार स्थापित इकाईयों का विभाग के किन-किन अधिकारियों द्वारा 2021-2022 से 20 फ़रवरी, 2025 तक कब-कब निरीक्षण / जाँच किया गया? क्या कमी पाई गईं तथा विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गईं? **(ग)** उक्त औद्योगिक इकाईयों से वर्ष 2021 - 2022 से 20 फरवरी, 2025 तक सी. एस. आर. मद से कितनी राशि प्राप्त हुई? प्राप्त राशि किन-किन कार्यों में कितनी-कितनी व्यय की गई है? स्थान का नाम सहित विस्तृत जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) :(क) मेसर्स आर.के.एम. पावरजेन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-उच्चपिंडा, जिला सक्ती एवं मेसर्स डी.बी. पावर लिमिटेड, ग्राम-बाड़ादरहा, जिला-सक्ती ताप विद्युत संयंत्र के प्रदूषण से कोई ग्राम प्रभावित नहीं है। उक्त ताप विद्युत संयंत्रों से मुख्यतः अपशिष्ट पदार्थ के रूप में राखड़ उत्सर्जित होता है। उद्योगों द्वारा अपशिष्ट पदार्थों (राखड़) का निष्पादन (डिस्पोजल) भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के अधिसूचना दिनांक 31/12/2021 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के

तहत् सीमेंट निर्माण, ईंट (फ्लाई ऐश ब्रिक्स एवं क्ले ऐश ब्रिक्स) निर्माण, लो लाईंग भू-भराव एवं सड़क निर्माण में किया जाता है। प्रदूषण के बचाव हेतु विभाग द्वारा जारी सम्मति पत्र में मेसर्स आर.के.एम. पावरजेन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-उच्चपिंडा, जिला सक्ती के यूनिट-1, 2 एवं 3 की चिमनियों से पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन 50 मिलीग्राम प्रति सामान्य घनमीटर एवं यूनिट-4 की चिमनी से पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन 30 मिलीग्राम प्रति सामान्य घनमीटर तथा मेसर्स डी.बी. पावर लिमिटेड, ग्राम-बाड़ादरहा, जिला-सक्ती के यूनिट-1 एवं 2 की चिमनियों से पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन 50 मिलीग्राम प्रति सामान्य घनमीटर के भीतर रखे जाने, उपचारित दूषित जल हेतु पी.एच. 5.5 से 9.0 के मध्य, बी.ओ.डी. 30 मिलीग्राम/लीटर से कम, सी.ओ.डी. 250 मिलीग्राम/लीटर से कम एवं सस्पेंडेड सॉलिड 100 मिलीग्राम/लीटर से कम रखे जाने के साथ परिसर के बाहर शून्य निस्सारण की स्थिति बनाये रखने, जनित फ्लाई ऐश का शत प्रतिशत निपटान सुनिश्चित करने एवं उद्योग के कुल क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत भू-भाग में वृक्षारोपण किये जाने की शर्त अधिरोपित की गई है।**(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ग)**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार, सी.एस.आर. के अंतर्गत उद्योग मेसर्स आर.के.एम. पावरजेन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-उच्चपिंडा, जिला सक्ती से प्रश्नाधीन अवधि में राशि प्राप्त नहीं हुई है एवं मेसर्स डी.बी. पावर लिमिटेड, ग्राम-बाड़ादरहा, जिला-सक्ती से वर्ष 2022-23 में राशि रुपये 10.00 लाख एवं वर्ष 2024-25 में राशि रुपये 25.00 लाख प्राप्त हुई है। वर्ष 2022-23 में प्राप्त राशि रुपये 10.00 लाख में से रुपये 1.00 लाख सीपेट, रायपुर में छात्र की पढाई हेतु आर्थिक सहायता, रुपये 5.00 लाख ग्राम सक्ती में सीमार्ट पुराना औषधालय जीर्णोद्धार सह फर्नीचर क्रय एवं रुपये 4.00 लाख ग्राम पिहरीद में शहीद स्मारक सह चबूतरा निर्माण हेतु व्यय किया गया है। वर्ष 2024-25 में प्राप्त राशि रुपये 25.00 लाख में से रुपये 24.98 लाख विकासखंड सक्ती के ग्राम लहंगा, विकासखंड मालखरौदा के ग्राम कुरदी, विकासखंड डबरा के ग्राम फलियामुंडा, कुसुमझर एवं कुसमुल में हाई मास्क लाइर्ट स्थापना हेतु व्यय किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिहत्तर"]

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर अंतर्गत संचालित छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

44. (क्र. 811) श्री रामकुमार यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत वर्तमान में कितने और कहां-कहां शासकीय छात्रावास संचालित हैं? विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार कितने छात्रावास जर्जर हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार जर्जर छात्रावास के लिए नवीन भवन निर्माण हेतु विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई? विवरण देवें? उक्त जर्जर छात्रावास हेतु नवीन भवन का निर्माण कब तक करा दिया जावेगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत वर्तमान में 17 छात्रावास संचालित है, छात्रावास वार जानकारी **संलग्न** ''**प्रपत्र**'' अनुसार है।**(ख)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर अंतर्गत प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास चंद्रपुर छात्रावास भवन की स्थिति मरम्मत योग्य थी, जिसमें वर्ष 2023-24 में मरम्मत कार्य कराया गया है।**(ग)** प्रश्न उपस्थित नही होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौहत्तर"]

कबीरधाम जिला अंतर्गत खाद वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

45. (क्र. 812) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विभाग द्वारा खरीफ एवं रबी सीजन में कबीरधाम जिले के कृषकों की आवश्यकता के अनुरुप

रासायनिक एवं जैविक खाद के वितरण हेतु कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है? निर्धारित लक्ष्य की आपूर्ति हेतु कुल कितना खाद भंडारित कर रखा गया है एवं इनमें से अब तक कितने खाद का वितरण किया जा चुका है? 1 अप्रैल, 2024 से जून, 2025 तक खाद के प्रकारवार निर्धारित लक्ष्य, उपलब्धता एवं वितरण सहित जानकारी देवें? **(ख)** कबीरधाम जिले अंतर्गत खाद की औसतन मांग एवं उपलब्धता की मात्रा कितनी है? वर्तमान में मांग के अनुरूप कबीरधाम जिले के कितने कृषकों को खाद वितरण किया जा चुका है एवं कितने कृषकों को खाद आपूर्ति किया जाना शेष है? शेष कृषकों हेतु भी खाद उपलब्ध कराया जाना कब तक सुनिश्चित किया जावेगा? **(ग)** कबीरधाम जिले अंतर्गत खाद भंडारण हेतु क्या-क्या व्यवस्था की गई है? **(घ)** कबीरधाम जिले अंतर्गत किन-किन समितियों, निजी वितरकों एवं मार्कफेडों के माध्यम से खाद वितरण सुनिश्चित किया जाता है? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध कराएं ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला कबीरधाम हेतु दिनांक 01 अप्रैल 2024 से जून 2025 तक खरीफ एवं रबी मौसम हेतु उर्वरक के निर्धारित लक्ष्य, उपलब्धता/भण्डारण एवं वितरण की वर्षवार, मौसमवार, उर्वरकवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। रासायनिक उर्वरक की भांति मार्कफेड के माध्यम से भण्डार/वितरण हेतु जैविक खाद का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता, अतः शेष जानकारी निरंक है। **(ख)** जिला कबीरधाम हेतु खरीफ 2025 के लिये 72030 मे. टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके विरूद्ध दिनांक 30.06.2025 तक 63591 मे. टन उर्वरक का भण्डारण हो चुका है। जिले के 85024 किसानों द्वारा अपनी आवश्यकतानुसार उर्वरक का उठाव किया जा चुका हैं। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. से प्राप्त जानकारी अनुसार गतवर्ष की तुलना में 21371 कृषकों द्वारा उर्वरक का उठाव किया जाना शेष हैं। उर्वरक का भण्डारण एवं उठाव एक सतत् प्रक्रिया हैं। अतः समय-सीमा में उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं है। **(ग)** सहकारी क्षेत्र हेतु प्राप्त रसायनिक उर्वरकों का भण्डारण मार्कफेड के वितरण अधिकारी द्वारा जिला कबीरधाम के कवर्धा सहसपुर लौहारा एवं पंडरिया में स्थित मार्कफेड के 03 डबल लॉक केन्द्र तथा जिले की 90 सहकारी समितियों में कराया जाता है। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र को प्रदाय रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण जिले के 135 निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों द्वारा किया जाता है। **(घ)** जिला कबीरधाम में रासायनिक उर्वरक वितरण करने वाली सहकारी समितियों की विकासखण्डवार, डबल लॉक केन्द्रवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है तथा रासायनिक उर्वरक विक्रय करने वाली निजी विक्रेताओं की विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचहत्तर"]

पण्डरिया विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत कृषकों को ट्रैक्टर हेतु मिलने वाला अनुदान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

46. (क्र. 813) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 1 जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक कितने कृषकों का ट्रैक्टर अनुदान हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है? अनुदान पर कितने ट्रैक्टर स्वीकृत किये गये? **(ख)** ट्रैक्टर अनुदान हेतु क्या कृषकों की अंशराशि (अनुदान राशि) एवं कृषकों की संख्या निर्धारित की गई है? यदि हां तो कितनी राशि एवं संख्या निर्धारित है? वर्षवार/विकासखण्डवार/ ग्रामवार हितग्राही कृषकों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें ।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से सम्बद्ध विकासखण्ड कवर्धा, पण्डरिया एवं सहसपुर लोहारा में 1 जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक विभाग द्वारा संचालित कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना के तहत प्राप्त 1416 आवेदनों के विरूद्ध 59 हितग्राहियों को

अनुदान पर ट्रैक्टर स्वीकृत किये गये है। **(ख)** जी हाँ, विभागीय योजनाओं में कृषकों को ट्रैक्टर प्रदाय करने हेतु वर्गवार अनुदान एवं लक्ष्य का निर्धारण किया गया है। विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है। ट्रैक्टर पर अनुदान से लाभांवित हितग्राहियों की वर्षवार, योजनावार, विकासखण्डवार एवं ग्रामवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छिहत्तर"]

कृषकों को प्रशिक्षण एवं कृषि यंत्रों का वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

47. (क्र. 818) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** जिला मुंगेली में वर्ष 2023 से दिनांक 30.06.2025 तक कितने कृषकों को कृषि यंत्र वितरण एवं प्रशिक्षण कार्य हेतु कुल कितनी राशि आबंटित की गई थी? वर्षवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांक (क) अनुसार आबंटित राशि से कहां-कहां पर, कब-कब, किनके-किनके द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं कितने कृषकों को कौन-कौन सी, कितनी मात्रा में कृषि सामग्रियों का वितरण किया गया? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत प्रशिक्षण कार्य में अनियमितता संबंधी कोई प्रकरण विभाग के संज्ञान में आया है? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला मुंगेली में वर्ष 2023 से 30.06.2025 तक उप संचालक कृषि जिला मुंगेली एवं सहायक संचालक उद्यान जिला मुंगेली को कृषकों को कृषि यंत्र वितरण एवं प्रशिक्षण कार्य हेतु कुल आबंटित राशि की वर्षवार, योजनावार, घटकवार जानकारी क्रमशः **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-इ अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश क अनुसार आबंटित राशि से उप संचालक कृषि मुंगेली द्वारा आयोजित प्रशिक्षण की विकासखंडवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र स अनुसार** एवं अनुदान पर वितरित कृषि यंत्रों/उपकरणों की विकासखंडवार, योजनावार **जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र द-अनुसार** है तथा सहायक संचाक उद्यानिकी जिला मुंगेली द्वारा आयोजित प्रशिक्षण एवं कृषकों को वितरित कृषि यंत्रों/उपकरणों की **जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र ब एवं प्रपत्र-इ अनुसार** है। **(ग)** प्रश्नांश क के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्य में कोई शिकायत विभाग के संज्ञान में नहीं आई है।

वित्त विभाग में संविदा नियुक्ति

[वित्त]

48. (क्र. 823) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में वित्त विभाग में विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति का क्या प्रावधान है ? 01 जनवरी, 2025 से 20 जून, 2025 तक की अवधि में कितने अधिकारी कर्मचारी को संविदा नियुक्ति दी गई है? जिलावार, पदवार बतायें ? **(ख)** क्या उक्तावधि में वित्त विभाग में विभिन्न पदों पर, पद के पात्रता अनुरूप योग्यता वालों को नियुक्ति की गई? यदि नहीं तो क्या कारण है ? नियम विरुद्ध संविदा नियुक्ति करने वाले जिम्मेदार अधिकारी पर क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** छत्तीसगढ़ प्रदेश के वित्त विभाग में स्वीकृत, कार्यरत, रिक्त पदों की जानकारी 20 जून 2025 की स्थिति में बतायें ? रिक्त पदों पर नियमित पद पूर्ति हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में वित्त विभाग में विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012

के अनुसार की जाती है। 01 जनवरी 2025 से 20 जून 2025 तक की अवधि में वित्त विभाग अन्तर्गत विभागाध्यक्ष कार्यालयों में 04 अधिकारी कर्मचारी को नियुक्ति दी गई है। संविदा पर नियुक्त अधिकारी कर्मचारी की जिलावार, पदवार की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। **(ख)** उक्तावधि में वित्त विभाग में विभिन्न पदों पर नियमानुसार नियुक्ति दी गई है। **(ग)**छत्तीसगढ़ प्रदेश के वित्त विभाग में स्वीकृत, कार्यरत, रिक्त पदों की जानकारी 20 जून 2025 की स्थिति में **संलग्न प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। रिक्त पदों पर नियमित पद पूर्ति हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सतत्तर"]

अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

49. (क्र. 826) श्री धर्मजीत सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 अंतर्गत अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अंतर्गत कुल कितनी राशि का आबंटन प्राप्त हुआ है, वर्षवार एवं जिलेवार बताएं? **(ख)** कंडिका "क" के तहत् तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के कौन-कौन से गांव शामिल हैं? **(ग)** कंडिका "ख" के गांवों के विकास हेतु विगत 02 वर्षों में विकास के लिए कितने प्रस्ताव, कितनी-कितनी राशि के प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कितने कार्य स्वीकृत हैं एवं उनकी अद्यतन स्थिति क्या है और कितने कार्य अस्वीकृत हैं, कारण सहित उल्लेख करें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 अंतर्गत अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अंतर्गत प्राप्त आबंटन की वर्षवार एवं जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है**। **(ख)** कंडिका "क" के तहत तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है। (ग)** कंडिका "ख" के ग्रामों में से 02 गांवों के विकास हेतु विगत 02 वर्षों में राशि रूपयें 20.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र "स" अनुसार है**। शेष गांवों के लिये कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अठहत्तर"]

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं कन्या छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

50. (क्र. 827) श्री धर्मजीत सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कौन-कौन से गांव में प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं कन्या छात्रावास संचालित है? **(ख)** कंडिका "क" के कितने छात्रावास के पास स्वयं का भवन है, कितने भवन विहिन हैं एवं कितने भवन जर्जर हैं? **(ग)** कंडिका "क" के छात्रावासों में मुलभूत सुविधा जैसे शौचालय, पेयजल एवं बिस्तर इत्यादि की सुविधा है कि नहीं, छात्रावासवार जानकारी देवें? **(घ)** कंडिका "ख" के भवन विहिन-छात्रावास के लिए कब तक नया भवन स्वीकृत कर लिया जाएगा एवं मरम्मत योग्य छात्रावासों की कब तक मरम्मत कर ली जाएगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** कंडिका ''क'' के 06 छात्रावासों की स्वंय के भवन है, 01 छात्रावास भवन विहीन है।जर्जर भवन नहीं है।**(ग)** कंडिका ''क'' के छात्रावासों में मुलभुत सुविधा जैसे शौचालय, पेयजल एवं बिस्तर इत्यादि की सुविधाएं उपलब्ध है। छात्रावास वार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(घ)** कंडिका ''ख'' के भवन विहीन-छात्रावास के लिए भवन स्वीकृति की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। मरम्मत योग्य छात्रावासों

हेतु प्रतिवर्ष अनुरक्षण मद में राशि जिलों को प्रदाय की जाती है इससे प्रतिवर्ष मरम्मत योग्य छात्रावासों में मरम्मत कार्य कराये जाते हैं।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्यासी"]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों हेतु संचालित योजनाएं

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

51. (क्र. 828) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास हेतु वर्तमान में कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं ? **(ख)** प्रश्नांक **(क)** अनुसार वर्ष 2021-2023, 2023-24, 2024-25 में इन योजनाओं के अंतर्गत कितने लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है तथा प्रत्येक योजना पर कितनी राशि व्यय की गई है ? ब्लॉकवार, ग्राम पंचायतवार जानकारी प्रदान करें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास हेतु वर्तमान में पहाड़ी कोरवा आश्रम एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) योजना संचालित है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ' एवं प्रपत्र 'ब'** अनुसार है ।

[संलग्न "परिशिष्ट - अस्सी"]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में कृषि के क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

52. (क्र. 829) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में कृषि के क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार हेतु वर्ष 2022-2023, 2023-2024 में कितनी राशि का उपयोग किया गया है? **(ख)** प्रश्नांक (क) अनुसार सिंचाई हेतु कितने तालाब, कुएं, नहर, या अन्य साधन निर्माण कराये गए ? ब्लॉकवार, ग्राम पंचायतवार जानकारी प्रदान करें? **(ग)** प्रश्नांक (ख) अनुसार कार्य पूर्णता/ अपूर्णता की स्थिति से भी अवगत कराएं ? अगर कार्य अपूर्ण है तो कब तक पूर्ण होंगे ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विधानसभा क्षेत्र सीतापुर से सम्बद्ध विकासखण्ड बतौली, सीतापुर, मैनपाट एवं अंबिकापुर में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार हेतु वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में कृषि विभाग द्वारा राशि रुपये 298.44 लाख एवं जल संसाधन विभाग द्वारा राशि रुपये 963.35 लाख, इस प्रकार कुल राशि रुपये 1261.79 लाख का उपयोग किया गया है। **(ख)** प्रश्नांक **(क)** अनुसार सिंचाई हेतु नहर एवं नाला में 06 पक्का चैनल का निर्माण, 1 तट निर्माण, 06 लघुत्तम सिंचाई तालाब निर्माण तथा 162 कृषकों द्वारा नलकूप/शैलो ट्यूबवेल खनन/पंप प्रतिस्थापन किया गया है। ब्लॉकवार, ग्राम पंचायतवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** कार्य पूर्णता की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र -ब अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्यासी "]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के मैनपाट में संचालित बाक्साइट प्लांट में वृक्षारोपण

[आवास एवं पर्यावरण]

53. (क्र. 830) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में मैनपाट में संचालित बाक्साइट प्लांट के आस-पास पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2020-2024 तक कितना वृक्षारोपण कहाँ-कहाँ किया गया ? स्थलवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** पौंधो के रखरखाव व देखभाल के लिए क्या उचित कदम उठाये गए हैं ? **(ग)** वर्तमान में जीवित पौंधों की संख्या कितनी है ? कहाँ-कहाँ, कौन से स्थल पर पौधे लगाय जाना शेष हैं ? जानकारी प्रदान करें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के मैनपाट क्षेत्र में बाक्साइट प्लांट संचालित नहीं है तथापि छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड एवं भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) की बाक्साइट खदान संचालित है। वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक खदान क्षेत्र एवं आस-पास किये गए वृक्षारोपण का स्थलवार विवरण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** पौधों के रखरखाव एवं देखभाल हेतु समय–समय पर पानी का छिडकाव किया जाता है।**(ग)** छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किये गये वृक्षारोपण में जीवित पौधों की संख्या 67177 है। भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा किये गये वृक्षारोपण में जीवित पौधों की संख्या 19170 है। वर्ष 2025-26 में पौधारोपण हेतु ग्राम पंचायत प्रस्ताव के अनुसार चिन्हित स्थानों पर पौधारोपण की कार्यवाही की जावेगी।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयासी"]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में कृषकों हेतु खाद की उपलब्धता व जांच

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

54. (क्र. 831) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में कृषकों के लिए खाद, बीज, कीटनाशक दवाई एवं अन्य सामग्री का वितरण कौन सी फर्म/संस्था या एजेंसी करती है ? क्षेत्र में कहाँ-कहाँ कौन-कौन से ऐसे फर्म/गोदाम संचालित हैं? इनका उठाव कहाँ से होता है ? स्थल की जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** खाद/बीज के वितरण के पूर्व क्या उनके मानक/सैम्पल की जांच की जाती है ? निर्धारित मानदंड में ये असफल होने पर इनपर क्या कार्यवाई की जाती है ? जानकारी दें? **(ग)** नकली खाद/ बीज के संग्रहण/वितरण से बचने हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या कदम उठाये गए हैं ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखंड सीतापुर, बतौली, मैनपाट एवं अंबिकापुर में कृषकों के लिए खाद, बीज, कीटनाशक दवाई का वितरण करने वाले फर्म/संस्था या एजेंसी एवं गोदाम/भंडारण की **जानकारी पुस्तकालय में में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब प्रपत्र-स एवं प्रपत्र-द अनुसार** है **(ख)** वितरण हेतु भंडारित खाद बीज के गुणवत्ता परिक्षण हेतु उनके नमूने (सेम्पल) लिए जाकर जांच हेतु प्रेषित किये जाते है। परीक्षण परिणाम अमानक प्राप्त होने पर बर्बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 के खंड 13 एवं 15 के अनुसार अमानक बीजों को निरुद्ध कर लायसेंस का निलंबन रद्द किये जाने की कार्यवाही की जाती है। बीज अधिनियम 1966 एवं उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधान अनुसार विक्रय एवं वितरण प्रतिबंध की कार्यवाही की जाती है। **(ग)** नकली खाद बीज के संग्रहण वितरण के नियंत्रण हेतु विभाग द्वारा बीज एवं उर्वरक विक्रय केन्द्रों का सतत् निरीक्षण किया जा कर बीज एवं उर्वरक के गुणवत्ता की जांच कराई जाती है।

निजी रिसॉर्ट/होटल्स में आयोजनों की जानकारी

[वित्त]

55. (क्र. 834) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्त विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक मेफेयर रिसॉर्ट, नवा रायपुर में कब-कब, किस-किस प्रकार के शासकीय आयोजन कराए गए हैं ? उक्त आयोजनों हेतु कब-कब, कितनी-कितनी राशि का भुगतान, किन-किन फर्म्स को किया गया है ? कार्यक्रम का नाम, फर्म्स का नाम, भुगतान की गई राशि की जानकारी कार्यक्रवार/ दिनांकवार बताएं। **(ख)** शासकीय कार्यक्रमों को निजी रिसॉर्ट/होटल्स में आयोजन के संबंध में राज्य में क्या प्रावधान है ? क्या निजी रिसॉर्ट/ होटल्स में आयोजन हेतु वित्त विभाग की अनुमति अनिवार्य है? यदि हां, तो प्रश्नांश **(क)** अवधि में कब, किन-किन विभागों को अनुमति प्रदान की गई है और कब-कब, किन-किन आयोजनों में कितनी राशि खर्च की गई है ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) वित्त विभाग द्वारा 11 एवं 12 जुलाई, 2024 को मेफेयर रिसॉर्ट, नवा रायपुर में 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग के राज्य भ्रमण से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन कराया गया है। इस आयोजन के व्यय संबंधी देयक 2196229/-(रूपए इक्कीस लाख छियान्वे हजार दो सौ उन्तीस) मात्र का भुगतान छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी) द्वारा किया गया है। **(ख)** शासकीय कार्यक्रमों को निजी रिसॉर्ट/होटल्स में आयोजन के संबंध में राज्य शासन के कोई निर्देश नहीं है। अतः शेष प्रश्नांश का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना से लाभांवित विद्यार्थी

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

56. (क्र. 835) श्रीमती चातुरी नन्द, श्रीमती शेषराज हरवंश, श्री ओंकार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना प्रारंभ करने का क्या उद्देश्य है? यह योजना कब प्रारंभ की गई? इस योजना से अधिकतम कितने विद्यार्थियों को लाभांवित किए जाने का लक्ष्य है? **(ख)** योजना प्रारंभ वर्ष से जून, 2025 तक वर्षवार कितना बजट आवंटन का प्रावधान रहा है? इस योजना के अंतर्गत विभिन्न जाति वर्गों के विद्यार्थियों के कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा कितने विद्यार्थी पात्र पाए गए तथा कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है? **(ग)** विद्यार्थियों से आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु क्या ऑनलाइन व्यवस्था है? क्या विद्यार्थियों के आवेदनों का स्टेट्स चेक करने की व्यवस्था है एवं चयनित सूची पब्लिक डोमेने में अपलोड की जाती है? क्या विद्यार्थियों के बैंक खाता में ऑनलाइन राशि हस्तांतरित करने का प्रावधान किया गया है? यदि नहीं तो क्यों?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) छ.ग. राज्य के प्रतिभावन निम्न आय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो उच्च व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थाओं जैसे-IIT (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान), AIIMS (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान), IIM (भारतीय प्रबंध संस्थान), NLU (भारतीय विधि संस्थान) जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन उपरांत इन संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने के लिए प्रारंभिक तैयारियां यथा-यात्रा व्यय, कपड़े, आवास, भोजन, तात्कालिक फीस, दवाई आदि जैसे आवश्यककार्यो के लिए राशि उपलब्ध नही होने से छात्र इन उच्च संस्थानों में प्रवेश से वंचित हो जाते है। अतः ऐसे विद्यार्थियों को इन उच्च स्तरीय संस्थानों में प्रवेश का मार्ग सुगम कराने हेतु तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना 10 अगस्त, 2023 से प्रारंभ की गयी है। बजट प्रावधान अनुसार वर्ष 2025-26 में 70 विद्यार्थियों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है। **(ख)** वर्ष 2023 में राशि रुपये 30.00 लाख, वर्ष 2024 में राशि रुपये 30.00 लाख का बजट प्रावधान रहा। वर्ष 2023 में

अनुसूचित जनजाति के 21, अनुसूचित जाति के 05, अन्य पिछड़ा वर्ग के 09 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें अनुसूचित जनजाति में 21, अनुसूचित जाति मे 05 व अन्य पिछड़ा वर्ग में 09 पात्र व लाभान्वित हुए। वर्ष 2024 में अनुसूचित जनजाति के 49, अनुसूचित जाति के 08 व अन्य पिछड़ा वर्ग के 07 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से अनुसूचित जाति के 01 ही पात्र व लाभान्वित हुए। वर्ष 2025 में प्रवेश प्रक्रियाधीन है। **(ग)** हॉ. विद्यार्थियों से आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन व्यवस्था है। विद्यार्थियों के आवेदन का स्टेटस चेक करने की व्यवस्था पोर्टल पर है, चयनित सूची पब्लिक डोमेन में अपलोड नही की जाती। विद्यार्थियों के बैंक खाता में ऑनलाईन राशि हस्तांतरित करने का प्रावधान नही है, क्योकि आवेदन मुख्यालय स्तर पर किया जाता है तथा पात्र विद्यार्थियों को संबंधित जिले के जिला अधिकारी सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के द्वारा चेक के माध्यम से राशि दी जाती है।

<u>प्रदेश में संचालित मिलेट मिशन</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

57. (क्र. 838) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मिलेट मिशन कब प्रारंभ हुआ? इसका उद्देश्य क्या है और इसके अंतर्गत किन-किन फसलों को शामिल किया गया है? क्या इन फसलों का समर्थन मूल्य तय किया गया है? यदि हाँ तो उन फसलों का समर्थन मूल्य कितना-कितना है? क्या इसके लिए किसानों को आदान सहायता राशि दी जाती है? यदि हाँ तो कितनी राशि प्रति एकड़ दी जाती है और कितने किसानों को कितनी राशि भुगतान की गई है और कितने किसानों का कितनी राशि कब से किया जाना शेष हैं? **(ख)** जनवरी, 2024 से 30 मई, 2025 तक कितने किसानों का पंजीयन कराया गया था व कितनी मात्रा में फसलों का उत्पादन हुआ है? उनमें से कितनी मात्रा में फसलों की सरकार द्वारा, किस दर पर खरीदी की गई है? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) राज्य पोषित मिलेट मिशन का संचालन वर्ष 2022-23 से किया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य प्रदेश में मिलेट्स फसलो के क्षेत्राच्छादन, उत्पादन, उत्पादकता में वृद्धि कर कृषकों की आय को बढ़ाना, मिलेट्स प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, विपणन को बढ़ावा देना तथा दैनिक आहार में मिलेट्स के उपयोग को प्रोत्साहित कर कुपोषण को दुर करना हैं। मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों को शामिल किया गया है। जी हां, भारत सरकार द्वारा रागी का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाता है तथा राज्य शासन द्वारा कोदो एवं कुटकी का उपार्जन मूल्य निर्धारित किया जाता है। फसलवार घोषित समर्थन मूल्य एवं निर्धारित उपार्जन मूल्य की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। मिलेट मिशन अंतर्गत किसानों को आदान सहायता राशि नहीं दी जाती, अपितु विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य पोषित योजनाओ के अभिसरण से इन योजनाओं में शामिल फसल प्रदर्शन एवं बीज उत्पादन/वितरण घटको में निहित प्रावधान अनुसार मिलेट्स फसलो हेतु सहायता उपलब्ध कराई जाती है। योजनावार, घटकवार कृषको को देय वित्तीय सहायता की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** जनवरी, 2024 से 30 मई, 2025 तक कोदो कुटकी एवं रागी फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में कुल 31644 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। खरीफ वर्ष 2024 में प्रदेश में कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों का अनुमानित उत्पादन 25,236.03 मीट्रिक टन तथा वर्ष 2024-25 में कुल उपार्जित मात्रा 27,834.90 क्विंटल हैं। उपार्जन मूल्य की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरासी"]

सडक, स्कूल एवं अन्य निर्माण के लंबित कार्यो की निविदा एवं प्रशासकीय स्वीकृति

[वित्त]

58. (क्र. 842) श्री दलेश्वर साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या दिनांक 01 जून, 2025 से 30 जून, 2025 तक विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव में सड़क, स्कूल एवं अन्य निर्माण के लंबित कार्यो की निविदा एवं प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में माननीय वित्त मंत्री को पत्राचार किया गया है? यदि हॉ तो उक्त पत्रों पर किस-किस स्तर पर क्या कार्यवाही की गयी है एवं उक्त कार्य की कब तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर निविदा जारी कर दी जावेगी ? जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : माननीय विधायक जी द्वारा प्राप्त पत्रों को आवश्यक कार्यवाही हेतु सचिव, लोक निर्माण विभाग को प्रेषित किया गया है। स्थायी वित्त निर्देश 15/2025, दिनांक 14.05.2025 द्वारा बजट में शामिल नवीन मदों के प्रस्तावों पर रू. 5 करोड़ तक प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने के अधिकार प्रशासकीय विभाग को प्रदान किये गये हैं। रू. 5 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव वित्त विभाग को स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जाते हैं। दिनांक 07.07.2025 की स्थिति में वित्त विभाग में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के प्रशासकीय स्वीकृति का कोई भी प्रस्ताव लंबित नहीं है।

राजनांदगांव जिले में निर्मित किसान सुविधा केन्द्र हेतु उपकरणों की खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

59. (क्र. 843) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जून, 2025 तक राजनांदगांव जिला के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आलीवारा में किसान सुविधा केन्द्र हेतु भवन निर्माण के बाद उक्त सुविधा केन्द्र में कौन-कौन से उपकरणों की खरीदी कर ली गयी है ? यदि खरीदी नहीं की गयी है तो उसका क्या कारण है? किसान सुविधा केन्द्र के संबंध में उपसंचालक, कृषि या जिला कलेक्टर, राजनांदगांव से शासन को कब-कब पत्राचार किया गया है एवं उक्त पत्रों के तारतम्य में शासन या विभाग द्वारा कब-कब, क्या कार्यवाही की गयी है? किसान सुविधा केन्द्र में कब तक उपकरणों की व्यवस्था कर केन्द्र को प्रांरभ कर दिया जावेगा? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अलीवारा में किसान सुविधा केन्द्र नाम से भवन निर्माण नहीं कराया गया है। अतः शेष जानकारी निरंक है।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में फ्लाई एश डम्पिंग

[आवास एवं पर्यावरण]

60. (क्र. 846) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फ्लाई एश डम्पिंग से गड्ढे भरने का कार्य कहाँ-कहाँ हुआ है एवं कहां-कहां कार्य चल रहा है? इन कार्यों हेतु किन-किन ठेकेदारों को कार्य प्रदान किया गया है? ठेकदारों के नाम सहित कार्यवार , स्थलवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" के कार्यों में परिवहन एवं डम्पिंग के दौरान फ्लाई एश के कारण होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु क्या-क्या उपाय किए गए हैं अथवा SOP जारी किए गए हैं? क्या वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों द्वारा SOP के उल्लंघन करने की शिकायत प्राप्त हुई? यदि हां तो कितनी शिकायतें प्राप्त हुई एवं उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण

मंडल द्वारा किसी ठेकेदार को राखड की भू-भराव की अनुमति नहीं दी गई है। अपितु राखड से भू-भराव हेतु अनुमति संयंत्र को दी गई है, जिसकी **जानकारी प्रपत्र के कालम 2 अनुसार** है। **(ख)**फ्लाइ ऐश निस्तारण के लिए चलने वाले भारी वाहनों को विनियमित एवं मॉनिटर करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के आदेश दिनांक 26.06.2024 द्वारा एस.ओ.पी. तथा इसके अतिरिक्त औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (आई.डब्ल्यू.एम.एम.एस.) जारी की गई है, जो कि दिनांक 01.05.2025 से प्रभावशील है। फ्लाई ऐश से भराव हेतु जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र में भराव के दौरान स्थल के चारों ओर बंड बनाने, नियमित जल छिड़काव करने, भराव उपरांत मिट्टी की परत बिछाए जाने आदि शर्ते अधिरोपित की जाती है। स्थल का समय-समय पर निरीक्षण किया जाकर शर्तो का पालन सुनिश्चित किया जाता है तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जाती है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक फ्लाई ऐश से हो रहे प्रदूषण संबंधित शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौरासी"]

पंजीयन कार्यालय में पंजीकरण एवं नामांतरण की योजना से पंजीकृत प्रकरण

[वाणिज्यिक कर]

61. (क्र. 847) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या प्रदेश में अचल संपत्ति क्रय –विक्रय के प्रकरणों में पंजीकरण कार्यालय में ही पंजीकरण एवं नामांतरण एक साथ किए जाने की योजना लागू की गई है? योजना के लागू होने से जून, 2025 तक कुल कितने प्रकरणों का पंजीकरण हुआ है ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के कितने प्रकरणों में पंजीकरण कार्यालय में ही पंजीकरण एवं नामांतरण एक साथ किया गया है? कितने प्रकरणों में नामांतरण नहीं हो पाया और क्यों ? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) प्रदेश में अचल संपत्ति क्रय-विक्रय के प्रकरणों में पंजीकरण कार्यालय में ही पंजीकरण एवं नामांतरण एक साथ किए जाने की योजना लागू की गई है। योजना लागू होने से जून, 2025 तक कुल 37698 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है। **(ख)** जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार हैं।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चासी"]

बोरियाखुर्द, रायपुर अंतर्गत आवसीय योजना में निवासरत अनाधिकृत व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

62. (क्र. 854) श्री मोतीलाल साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित बोरियाखुर्द योजना में बड़ी संख्या में अनाधिकृत रूप से लोग निवास कर रहे हैं ? यदि हां तो उनके विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित बोरियाखुर्द योजना में कुल 15 फ्लैटों में अनाधिकृत रूप से लोग निवास कर रहे हैं। अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे लोगों को रायपुर विकास प्राधिकरण के ज्ञापन क्रमांक 466 / आर.सी. / रा.वि.प्रा./ 2025 रायपुर, दिनांक 30.06.2025 के द्वारा फ्लैट से संबंधित वैध दस्तावेज प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु ज्ञापन प्रेषित गया हैं। जवाब प्राप्ति उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा स्वीकृत राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

63. (क्र. 855) श्री मोतीलाल साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** क्या रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड से वर्ष 2023 से वर्ष 2025-26 में जून, 2025 की स्थिति तक विकास निर्माण कार्य कराये जाने हेतु राशि स्वीकृत हुई थी? यदि हां तो रायुपर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत क्या-क्या निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन है? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार किये गये व्यय की कार्यवार स्वीकृत राशि, एजेंसीवार एवं उक्त कार्य के मूल्यांकन, सत्यापन पश्चात् राशि भुगतान की जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हाँ, रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड से वर्ष 2023 से वर्ष 2025-26 में जून, 2025 तक कुल 35 निर्माण कार्यों हेतु राशि रू. 777.62 लाख, स्वीकृत की गयी है जिसमें से 18 कार्य पूर्ण, 07 कार्य निर्माणाधीन एवं 10 कार्य निविदा स्तर पर है। अन्य प्रस्तावित 38 कार्यों का सर्वे कर प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। निर्माण कार्यों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश (क) अनुसार किये गये व्यय की कार्यवार स्वीकृत राशि एजेंसीवार एवं उक्त कार्य के मूल्याकंन, सत्यापन पश्चात राशि भुगतान की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियासी"]

जिला जांजगीर-चांपा में डी.एम.एफ. मद से आदान सामग्री की खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

64. (क्र. 857) श्री ब्यास कश्यप : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर-चांपा में वर्ष 2024-25 से मार्च, 2025 तक की अवधि में कृषि विभाग द्वारा डी.एम.एफ. मद से क्या-क्या एवं कितनी मात्रा में आदान सामग्री की खरीदी किन-किन मूल्यों पर की गई है? उपरोक्त अवधि में जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के किन-किन हितग्राहियों को क्या-क्या आदान सामग्री वितरित की गई है? जानकारी प्रदान करें? **(ख)** क्या उपरोक्त आदान सामग्री खरीदी की कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो क्यों?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला जांजगीर-चांपा में वर्ष 2024-25 से मार्च, 2025 तक की अवधि में कृषि (उद्यान) विभाग द्वारा डी.एम.एफ. मद से 132 नग पॉवर वीडर, 1542 नग बैटरी कम हैण्ड ऑपरेटेड नेपसेक स्प्रेयर एवं 2000 हाईब्रिड सब्जी बीज मिनीकिट की खरीदी की गई है। खरीदी गई सामग्री की दर एवं मूल्य की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। उपरोक्त अवधि में जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सम्मिलित विकासखंडो में 35 नग पॉवर वीडर, 396 नग बैटरी कम हैण्ड ऑपरेटेड नेपसेक स्प्रेयर एवं 444 हाईब्रिड सब्जी बीज मिनीकिट वितरित की गई है। वितरित सामग्री की हितग्राहीवार**जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** उपरोक्त आदान सामग्री की खरीदी पर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः जानकारी निरंक ।

जिला जॉजगीर-चांपा अंतर्गत स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से कार्यों की स्वीकृति

[योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी]

65. (क्र. 858) श्री ब्यास कश्यप : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा सदस्यों द्वारा अपने क्षेत्रों में विकास कार्य कराने के लिए विधायक निधि के अलावा और किन-किन मदों से

कार्य स्वीेकृति प्रदान की जाती है? **(ख)** वर्ष 2024-25 में जिला जंजगीर-चांपा के किन-किन विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय क्षेत्र विकास निधि मद से किन-किन विधायकों की मांग पर प्रभारी मंत्री की अनुशंसा से कितनी-कितनी राशि के क्या-क्या कार्य, किन-किन ग्रामों के लिए स्वीकृत किये गये हैं? जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) विधानसभा सदस्यों द्वारा अपने क्षेत्रों में विकास कार्य कराने के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत केवल विधायक निधि से कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाती है। **(ख)** निरंक। टीप:-विभिन्न जनप्रतिनिधियों की मांग/अनुशंसा पर मान. प्रभारी मंत्री के अनुमोदन उपरांत कलेक्टर द्वारा स्वीकृति जारी की जाती है।

जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय में नवीन अ.पि.व. छात्रावास की योजना

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

66. (क्र. 859) श्री ब्यास कश्यप : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला जांजगीर-चांपा के जिला मुख्यालय जांजगीर में अन्य पिछड़ा वर्ग बालक/बालिकाओं के लिए छात्रावास प्रारंभ करने की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि नहीं तो क्यों? **(ख)** जिला जांजगीर-चांपा के किन-किन स्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए छा़त्रावास संचालित है या नवीन छात्रावास प्रारंभ करने की योजना है? जानकारी प्रदान करें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला जांजगीर-चांपा के जिला मुख्यालय जांजगीर में अन्य पिछड़ा वर्ग बालक/बालिकाओं के लिए छात्रावास प्रारंभ करने हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में कोई योजना प्रस्तावित नहीं की गई हैं। शेष का प्रश्न उपस्थित नही होता।**(ख)** जिला जांजगीर-चांपा में अन्य पिछड़ा के बालक एवं बालिकाओं के लिए छात्रावास संचालित नहीं है तथा वर्तमान में नवीन छात्रावास खोलने की कोई योजना प्रस्तावित नहीं की गई हैं।

अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में सीटों की वृद्धि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

67. (क्र. 865) श्री राजेश अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों की संख्या कितनी है? इनमें से कितने छात्रावास अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा बालिका हेतु आरक्षित हैं? **(ख)** क्या इन छात्रावासों में छात्रों की संख्या उनकी स्वीकृत सीटों से अधिक है? यदि हाँ, तो कृपया छात्रावासवार वास्तविक निवासरत छात्रों एवं स्वीकृत सीटों की संख्या का विवरण दिया जाए? **(ग)** क्या राज्य शासन द्वारा अंबिकापुर क्षेत्र के प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में सीटों की संख्या में वृद्धि हेतु कोई कार्ययोजना, बजट प्रावधान या डीपीआर (Detailed Project Report) तैयार की गई है? **(घ)** यदि हां तो किन-किन छात्रावासों में कितनी सीटों की वृद्धि की जाएगी तथा कार्य पूर्ण होने की संभावित समय-सीमा क्या है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 31 प्री. मैट्रिक एवं 10 पोस्ट मैट्रिक छात्रावास इस प्रकार कुल 41 छात्रावास संचालित है। अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा बालिका छात्रावास की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्रं.	वर्ग	बालक	कन्या	योग
1	अनुसूचित जनजाति	17	17	34
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	01	02	03

(ख) हाँ, विधानसभा अम्बिकापुर क्षेत्रांतर्गत संचालित 11 छात्रावासों में छात्रों की संख्या स्वीकृत सीट से अधिक है। छात्रावास वार निवासरत एवं स्वीकृत सीटों की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। **(घ)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तासी"]

अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित कृषि उपज मंडियों की स्थिति एवं अधोसंरचना विकास

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

68. (क्र. 866) श्री राजेश अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में कितनी कृषि उपज मंडियां एवं उपमंडियां संचालित हैं? तथा इनमें से कितनों में मूलभूत सुविधाजनक व्यवस्थाएं जैसे – शेड, चबूतरा, तौल कांटा, भंडारण व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, किसानों के बैठने/विश्राम हेतु साधन व सुविधायें उपलब्ध हैं? मंडीवार विवरण सहित जानकारी देवें? **(ख)** क्या प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत स्थित मंडियों मे धान की आवक मे निरंतर वृद्धि को देखते हुए शेड, चबूतरे की संख्या बढ़ाने व विस्तार करने हेतु क्या कार्ययोजना है जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में 01 कृषि उपज मंडी मेण्ड्राकला अंबिकापुर एवं 01 उपमंडी उदयपुर संचालित है। इनमें से कृषि उपज मंडी मेण्ड्राकला अंबिकापुर में बाउण्ड्रीवाल 03 नग कव्हर्ड शेड, 04 नग इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, कार्यालय भवन, 1500 मे.टन के 02 नग गोदाम, 1800 मे.टन के 02 नग गोदाम, वाटरहेड टैंक, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय एवं विश्राम भवन जैसी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध है तथा उपमंडी प्रांगण उदयपुर में एक नग कव्हर्ड शेड, 04 नग इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, किसानों के बैठने/विश्राम हेतु किसान कुटीर, शौचालय, पेयजल, 01 नग खुला चबुतरा एवं भण्डारण हेतु गोदाम की सुविधा उपलब्ध है। छ.ग. शासन कृषि विभाग की अधिसूचना क्रमांक 6241 दिनांक 12.11.2021 द्वारा समर्थन मूल्य पर अधिसूचित कृषि उपज के उपार्जन हेतु प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति (लैम्प्स) तथा उनके उप-केन्द्रों की समस्त संरचना, अहाता, खुला स्थान या परिक्षेत्र को उपमंडी प्रांगण घोषित किया गया है। अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों क्रमशः (1) केदमा, (2) खम्हरिया, (3) जजगा, (4) डांडगांव, (5) सलका, (6) ललाती (सलका), (7) अमेरा, (8) जमगला, (9) नीम्हा, (10) पुहपुटरा, (11) लखनपुर, (12) केशवपुर (मेण्ड्राकला), ((13) राम रामपुर (मेण्डाकला), (14) सुखरी एवं (15) खैरबार में धान उपार्जन केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत मंडी बोर्ड द्वारा चबुतरा एवं किसानो के बैठने हेतु किसान कुटीर का निर्माण कराया गया है, सहकारी समितियां क्रमशः केदमा खैरबार, निम्हा में एक-एक नग 200 मे. टन गोदाम का निर्माण कराया गया है। **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत शासन द्वारा धान उपार्जन केन्द्रो को उपमंडी प्रांगण घोषित किये जाने से इन उपमंडियों में धान की आवक में निरंतर वृद्धि के दृष्टिगत आदिम जाति विकास सेवा सहकारी समिति की निधि एवं मंडी समिति निधि/मंडी बोर्ड निधि की उपलब्धता के आधार पर आवश्यकतानुसार शेड एवं चबूतरे की संख्या को चरणबद्ध योजना के तहत बढ़ाने एवं विस्तार करने की कार्यवाही की जावेगी। वर्तमान में कोई कार्य योजना नहीं है।

नवा रायपुर अटल नगर क्षेत्रांतर्गत कॉलोनी निर्माण

[आवास एवं पर्यावरण]

69. (क्र. 868) श्री दीपेश साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नवा रायपुर, अटल नगर क्षेत्रांतर्गत कितने कॉलोनाईजर/बिल्डरों द्वारा कॉलोनी निर्माण किया गया है? **(ख)** कॉलोनी निर्माण का कार्य निजी संस्था द्वारा किया गया है अथवा शासन द्वारा? **(ग)** यदि निजी संस्था द्वारा कॉलोनी निर्माण

किया गया है तो इस हेतु शासकीय भूमि का आबंटन किया गया है अथवा लीज पे लिया गया है? इसमें किस प्रक्रिया का पालन किया गया है? जानकारी देवें? **(घ)** प्रश्नांश ''ग''के प्रकाश में शासकीय भूमि के आबंटन संबंधित क्या नियम एवं शर्तें है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत 03 कॉलोनाईजर/बिल्डरों द्वारा कॉलोनी निर्माण किया गया है।**(ख)** कॉलोनी निर्माण का कार्य निजी संस्थाओं द्वारा किया गया है।**(ग)** प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण के स्वामित्व की भूमि का आबंटन आबंटितियों को लीज / लायसेंस पर किया गया है। छत्तीसगढ़ विशेष क्षेत्र (अचल संपत्ति का व्ययन) नियम 2008 के नियम 09 एवं 11 अंतर्गत निविदा पद्धति द्वारा उच्चतम निविदत दर के आधार पर आबंटन किया जाता है।**(घ)** नवा रायपुर अटल नगर क्षेत्र अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा केवल प्राधिकरण के स्वामित्व की भूमि का आबटन किया जाता है।

जिला बालोद में संचालित भवनविहीन व अहाताविहीन छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

70. (क्र. 872) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 23 जून, 2025 की स्थिति में जिला-बालोद में संचालित कितने छात्रावास भवनविहीन एवं अहाताविहीन हैं? इनके लिए नवीन भवन व अहाता निर्माण हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है? बतावें? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025 में दिनांक 23 जून, 2025 तक जिला-बालोद में संचालित छात्रावासों को किन-किन मदों में कुल कितनी राशि प्रदान की गई है एवं प्राप्त राशि का उपयोग किन-किन मदों में कितना-कितना किया गया है? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) दिनांक 23 जून, 2025 की स्थिति में जिला बालोद में 88 संचालित छात्रावास में से 01 भवन विहीन एवं 01 अहाता विहीन है। पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास गुरुर के भवन निर्माण हेतु ऑनलाईन निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, एवं प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास रेंगाडबरी में अहाता निर्माण कार्य स्वीकृत है, जिसे ग्रामीणों द्वारा आपत्ति के कारण स्थल परिवर्तन हेतु प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025 में दिनांक 23 जून, 2025 तक जिला-बालोद में संचालित छात्रावासों में मदवार प्राप्त राशि एवं व्यय की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठासी"]

वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत अधिकार पत्रों का वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

